स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
2 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 7
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 281 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



## पूर्वोत्तर में बारिश का कहर 25 से अधिक की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत में लगातार कई दिनों से हो रही मूसलाधार मानसूनी बारिश के कारण व्यापक भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। गृहमंत्री अमित शाह ने हालात की समीक्षा की और कहा कि इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार हर संभव सहायता करेगी।

### गृह मंत्री ने लिया स्थिति का जायजा

असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। यहां हुए भूस्खलन के कारण कई घर मलबे में दब गए, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह त्रासदी तब हुई जब भारी बारिश ने शहर को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया, जिससे पहाड़ियां और ढलानें अत्यधिक कमज़ोर पड़ गईं। स्थानीय अधिकारियों ने नागरिकों को फिर से चेतावनी जारी की है और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर के चार राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात कर हालात की जानकारी ली है। शाह ने ट्वीट कर बताया है कि असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है।

# अहिल्याबाई का जीवन डबल इंजन सरकार की प्रेरणा : योगी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत आगरा में आयोजित विशाल संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर मालवा साम्राज्य की महारानी थीं, जिसका विस्तार मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों तक था। मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब देवी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरोद्धार का महान कार्य किया। उन्होंने इस समारोह को लोकमाता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक माध्यम बताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत आगरा को ब्रजभूमि के रूप में संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक धरती, जिसे भगवान कृष्ण का सानिध्य प्राप्त हुआ, आज हमें गर्व का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आगरा में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। सीएम योगी ने लखपति दीदी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान का विशेष उल्लेख किया। साथ ही, काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, महाकाल में महालोक, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम, सोमनाथ और रामेश्वरम मंदिरों में हो रहे कार्यों को भी इसी कड़ी का हिस्सा बताया।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने लोकमाता के नाम पर औरैया में मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया। पहले कुछ लोग उनके नाम पर बने डिग्री कॉलेज का नाम बदल देते थे, लेकिन हम उनकी विरासत को सम्मान दे रहे हैं।

### प्रेरणा मूर्ति हैं वीरांगना अहिल्याबाई : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती एक तारीख और ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि हम सबके लिए जीवन दर्शन है। हमें संकल्प लेना पड़ेगा कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर हमारे लिए प्रेरणा मूर्ति हैं।

धनखड़ ने कहाकि संस्कृति का सृजन व संरक्षण बहुत अहम है। आक्रांता औरंगजेब ने क्रूरता से काशी विश्वनाथ पर प्रतिघात-कुठाराघात किया तो उसके 100 वर्ष बाद अहिल्याबाई होल्कर ने दूरदर्शिता दिखाते हुए काशी विश्वनाथ में मंदिर बनाया। वर्तमान परिदृश्य की चर्चा करते हुए उपराष्टपति ने कहा कि वहां जो चमत्कारी परिवर्तन आया है, उससे पूरा देश अभिभूत है। वहां के मनोरम घाटों का अवलोकन कर आनंद की अनुभूति होती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। धनखड़ ने कहा कि योगी आदित्यनाथ दूरदर्शी और काम में विश्वास रखते हैं। दिसंबर 2021 में उन्होंने काशी विश्वनाथ में आदि शंकराचार्य व लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया था। जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया।

## मई में दो लाख करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली

**नई दिल्ली।** जीएसटी वसूली में मई महीने में रिकॉर्ड टूट गया है। मई महीने में 2,01,050 करोड़ रुपये जीएसटी वसूली हुई। इस महीने में पिछले साल के मुकाबले 16.4 फीसदी अधिक जीएसटी संग्रह किया गया। इससे पहले अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये था। यह 01 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के बाद दूसरा सबसे अधिक संग्रह था। मार्च 2025 में जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा था। वहीं मार्च में सकल जीएसटी संग्रह 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च में घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 13.56 प्रतिशत बढ़कर 46,919 करोड़ रुपये हो गया। घरेलू लेन-देन से जीएसटी संग्रह 13.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.50 लाख करोड़ रुपये हुआ। आयात पर जीएसटी राजस्व 25.2 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी के साथ 51,266 करोड़ रुपये रहा। वहीं शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ रहा, जो कि पिछले साल मई की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है।

### पिछले साल से 16 फीसदी का इजाफा


## मऊ विस सीट रिक्त घोषित, उपचुनाव जल्द

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** हेट स्पीच केस में सजा के एलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया। चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गई है। अब इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सबकी नजर है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही अलग अलग धाराओं के तहत कुल 11 का जुर्माना भी लगाया गया है।

## बंगाल की जनता दीदी को दिखाए सिंदूर की ताकत

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल दौरे पर तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी को लेकर ममता और उनकी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले पर ममता ने चुप्पी साध ली। जब भारतीय सेना उस हमले का बदला लिया तो ममता और उनके नेताओं ने फर्जी टिप्पणियां कर 'ऑपरेशन सिंदूर' का अपमान किया। बंगाल की जनता को ममता बनर्जी को सिंदूर की ताकत दिखानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हमें पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है,

### अमित शाह ने कोलकाता में टीएमसी सरकार को घेरा



घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है, हिंदुओं का पलायन रोकना है।

अमित शाह ने कहा, ...वर्षों तक बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन रहा। उसके बाद ममता बनर्जी मां, माटी, मानुष का नारा देकर आईं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया। ममता के सीएम बनने के बाद पश्चिम बंगाल में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। दीदी, मेरी बात सुनिए, अब आपका समय खत्म हो गया है। 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ...मैं भरोसा दिलाता हूं कि जैसे ही तृणमूल कांग्रेस सत्ता से हटेगी, हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी, भले ही वे जमीन के नीचे छिपे हों।शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल का चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के लिए देश की सीमाएं खोल दी हैं। वह घुसपैठ की इजाजत दे रही हैं। ममता बनर्जी घुसपैठ नहीं रोक सकतीं, केवल कमल सरकार ही ऐसा कर सकती है।

## कोरोना : सक्रिय मरीज अब 3758



**नई दिल्ली।** देश में कोरोनाके बढ़ते मामलों ने डराना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है। मौजूदा समय में देश में 3758 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। बीते दिन से अब तक 1818 लोग संक्रमण से मुक्त हुए, जबकि दो कोरोना संक्रमितों की मौत भी हुई है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार केरल में कोरोना के 64 नए मामले सामने आए हैं। यहां अब सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1400 पहुंच गया है। ऐसे ही महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320, पश्चिम बंगाल में 287, कर्नाटक में 238, तमिलनाडु में 199 और उत्तर प्रदेश में 149 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। हालांकि, ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं। वहीं बीते दिन से अब तक दो कोरोना संक्रमितों की मौत की पुष्टि हुई है। मौतें केरल और कर्नाटक में दर्ज की गईं। कर्नाटक में 63 वर्षीय पुरुष और केरल में 24 वर्षीय महिला की मौत हुई। दोनों अन्य बीमारियों से भी परेशान थे।केंद्र सरकार के कोविड डैश बोर्ड के अनुसार, कोरोना के बढ़ते मामलों के साथ संक्रमण से मुक्त होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अब तक करीब एक तिहाई मरीज कोरोना पॉजिटिव होने के बाद इससे मुक्त हो चुके हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खड़गे का पीएम पर तंज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे भाषणों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र की सुरक्षा की बात हो तो देश भर के सभी नेताओं को शांत रहना चाहिए।

### बोले खुद की तारीफ करने की जरूरत नहीं



हमारे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश दौर पर गए हुए हैं ऐसे में जब तक वह वापस नहीं आ जाते चुनाव प्रचार नहीं होना चाहिए।

पीएम मोदी को चुनावी भाषणों में अपनी प्रशंसा वाले बयान देने से बचना चाहिए। पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा हुआ है।मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे भाषण देने से बचना चाहिए। हमें पता होना चाहिए कि कब क्या बोलना है। राष्ट्रीय मामलों में एकता होनी चाहिए और अपने विरोधियों को हराने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश भर के सभी नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले पर चुप रहना चाहिए। बोलने से पहले समझना चाहिए कि आखिर हुआ क्या है। प्रधानमंत्री पहले कह चुके हैं कि उन्होंने सेना को पूरा अधिकार दिया है तो फिर वह अब क्यों बोल रहे हैं? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमने कहा कि आइए संसद बुलाएं और इस बारे में बात करें। यहां तक कि पाकिस्तान ने भी अपनी संसद बुलाई है और चर्चा कर रहा है। हममे से कोई भी देश के खिलाफ नहीं बोलेगा। इससे पहले संसद सत्र बुलाने की मांग करते हुए खड़गे ने लिखा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के बयान के बाद एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति को देश की रक्षा तैयारियों की व्यापक समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने लिखा, देश को गुमराह किया गया है.. और अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जा रहे दावों को स्पष्ट करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी चुनावी तूफान में है। वह सशस्त्र बलों की वीरता का व्यक्तिगत श्रेय ले रहे हैं।

## गुजरात के मंत्री का बेटा फिर गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात के दाहोद में रविवार को पुलिस ने राज्य के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री बच्चूभाई खबाड़ के बेटे बलवंत खबाड़ को गिरफ्तार कर लिया। बलवंत को कुछ दिन पहले ही मनरेगा से जुड़े एक मामले में जमानत मिली थी। लेकिन अब उन पर एक और मामले में कार्रवाई हुई है। पुलिस ने बताया कि बलवंत और उनके भाई किरण, दोनों पर पहले अप्रैल में दर्ज एक मामले में 29 मई को जमानत मिली थी। लेकिन किरण को उसी दिन एक नए मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था और अब बलवंत को भी रविवार को हिरासत में लिया गया। दाहोद 'बी' डिवीजन पुलिस ने 31 मई को बलवंत के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत की फर्म 'श्री राज कंस्ट्रक्शन कंपनी, पिपेरो' ने 2022-23 में दाहोद के धनपुर तालुका के भानपुर गांव में मनरेगा के तहत काम पूरा किए बिना सरकार से 33.86 लाख रुपये की राशि हासिल की।

## दो दशकों में पहली बार चुनाव आयोग का बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** लगभग दो दशकों में पहली बार चुनाव आयोग ने उपचुनावों में बेदाग मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए पांच निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में संशोधन किया है। अधिकारियों ने बताया कि पिछली बार 2006 में तमिलनाडु में उपचुनाव के लिए ऐसा संशोधन किया गया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची को हर चुनाव और उपचुनाव से पहले संशोधित किया जाना चाहिए, जब तक कि चुनाव आयोग की ओर से अन्यथा निर्देश न दिया जाए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है,

### उपचुनावों के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया



तो भी मतदाता सूची की वैधता या निरंतर संचालन प्रभावित नहीं होगा। विशेष संशोधन के पूरा होने तक वर्तमान मतदाता सूची की वैधता जारी रहती है। अधिकारियों ने जिक्र किया कि आवश्यकता के आधार पर यह तय करना आयोग का काम है कि मतदाता सूची में संशोधन किया जाना है या नहीं। चुनाव आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर 19 जून को उपचुनाव होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होंगे। मतगणना 23 जून को होगी।

## अलीगढ़ में सड़क हादसा, चार की मौत

**अलीगढ़।** थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर 1 जून तड़के 3.30 बजे बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में पिता-पुत्र समेत एटा के चार लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि एटा के कस्बा मारहरा के पशु व्यापारी कुछ लोगों के साथ दो कैंटरों में बकरे-बकरियां, भेड़ लादकर दिल्ली बेचने के लिए जा रहे थे। एक कैंटर पर छह और दूसरे कैंटर पर पांच लोग सवार थे। बकरों से लदा आगे चल रहा एक कैंटर गभाना हाईवे के गांव भुकरावली के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार कैंटर बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गया। कैंटर के ऊपर बैठे छह लोग झटके से नीचे गिर गए, जिसमें हजारी लाल (65) की मौके पर मौत हो गई, जबकि इनके बेटे अमर सिंह (32) और हरीशचंद्र निवासी मारहरा एटा को मेडिकल कॉलेज में मृत घोषित कर दिया।

# 'निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल'

नवकांत ठाकुर

**नई दिल्ली।** वर्ष 1857 में पड़ी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पहली आहूति के कालखंड में महज सात वर्ष की अल्पायु में ही साहित्य रचना की शुरुआत कर देने वाले आधुनिक हिन्दी साहित्य के पितामह भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने उस दौर में ही बता दिया था कि- **'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिनु निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल। अँग्रेजी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन, पै निज भाषा-ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन।'** यानि भले ही कोई अंग्रेजी या किसी अन्य विदेशी भाषा का कितना ही प्रकांड विद्वान हो जाए लेकिन अगर उसे अपनी मातृभाषा नहीं आती हो तो हीनताबोध से बच पाना मुश्किल ही नहीं अपितु नामुमकिन है। बिना मातृभाषा को जाने अन्य भाषाओं की विद्वता ऐसी ही है जैसे प्राकृतिक प्रवाह मार्ग को छोड़कर भटकी हुई नदी। उसका विस्तार भले ही अपार हो लेकिन, ना उसमें गहराई होती है और ना ही स्थायित्व, अविरलता या निर्मलता। जैसे भौतिक अस्तित्व के लिए मां और मातृभूमि का कोई विकल्प नहीं हो सकता वैसे ही परिवार और समाज के साथ आत्मीय संवाद, समझ और जुड़ाव के लिए मातृभाषा की जानकारी अनिवार्य है। वह मातृभाषा ही तो है जिसका नाद, नाल के माध्यम से गर्भ में ही उस मां से सुनाई पड़ता है जिसके कदमों के नीचे जन्नत होने की परिकल्पना की गई है। वह मातृभाषा ही है जो पंच-महाभौतिक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित कर अस्तित्व का निर्माण करने वाली उस मातृभूमि से जोड़ती है जिसके बारे में कहा गया है कि- 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।' ऐसी पावन मातृभाषा के प्रति हृदय में परम आदरभाव का अभाव तो कृतघ्नता की पराकाष्ठा ही

### नज़र और नज़रिया

मानी जाएगी। इसी कृतघ्नता बोध से पनपी हीनतापूर्ण मानसिकता की चपेट में आने से बचाने के लिए इन दिनों सरकारी ही नहीं बल्कि सामाजिक, संस्थानिक एवं सांगठनिक स्तर पर तमाम जतन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा लायी गयी नई शिक्षा नीति में सर्वोच्च प्राथमिकता मातृभाषा और भारतीय भाषाओं को दी गई है। इसमें शिक्षा के लिए ऐसे त्रिभाषा फार्मूले को अपनाया गया है जिसमें प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य तौर पर मातृभाषा में देना और माध्यमिक स्तर पर छात्रों को एक अन्य भारतीय भाषा भी सीखना सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही इसमें यह प्रावधान भी है कि उच्च एवं उच्चतम शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा को बनाने की सहूलियत हर किसी को मिल सके। इसके लिए गृह मंत्रालय द्वारा सप्त सिंधु शब्दकोष बनवाया जा रहा है जिसमें संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं के कम से कम पांच-पांच हजार शब्दों को अवश्य समाहित किया जाएगा। साथ ही भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम में छह हजार करोड़ का बजटीय प्रावधान भी किया गया है ताकि तमाम भारतीय भाषाओं में तीन लाख अकादमिक पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। हालांकि भारत की अद्वितीय भाषायी विविधता ऐसी है कि 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 1369 भाषाएं एवं बोलियां इस्तेमाल हो रही हैं। इसका वंदनीय पहलू यह है कि भाषाई विविधता में भी राष्ट्रीय एकता का सूत्र हमेशा से इतना मजबूत रहा है कि अंग्रेजों की गुलामी से पहले तक देश में भाषाई विवाद का एक भी उदाहरण नहीं मिलता है। आज भी महाराष्ट्र, कर्नाटक या तमिलनाडु से भाषाई टकराव की जो ख़बरें सुनाई पड़ती है उसकी जड़ में सामाजिक और सियासी अंतर्द्वन्द्व ही है वर्ना संवाद की भाषा को लेकर विवाद का कोई ठोस कारण नहीं है। आवश्यक है कि तमाम संदेहों और आशंकाओं को छोड़कर सभी भारतीय भाषाओं का आदर किया जाए ताकि 2011 की जनगणना के अनुसार सिर्फ 10 फीसदी भारतीयों तक पहुंच रखने वाली अंग्रेजी शेष 90 फीसदी भारतीयों की मातृभाषाओं का सम्मान ना छीन सके। वैसे भी जब चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी और फ्रांस से लेकर इजरायल जैसे देश अपनी मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाकर सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी तरक्की के उच्चतम पायदान पर पहुंच सकते हैं तो भारत भी सफ्लता के शीर्षतम सोपान पर क्यों नहीं पहुंच सकता? बस जरूरत इस बात की है कि, बकौल रंजना वर्मा- **'हर किसी को देश पर अभिमान होना चाहिये, मातृभाषा का सदा सम्मान होना चाहिये, है गगन अपना वतन अपना चमन अपना यही, देशवासी को सदा यह ज्ञान होना चाहिये।'** 'जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।'

## पाक आतंकवादी स्पॉन्सर : ओवैसी



**अल्जीयर्स।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान की खिंचाई करते हुए कहा कि वह आतंकवादियों को प्रायोजित करता है। उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए कहा कि उसे जेल में रहते हुए विशेष सुविधाएं दी गईं। ओवैसी ने कहा कि लखवी जैसे हाई-प्रोफाइल कैदी को जेल में रहते हुए पिता बनने की अनुमति दी गई, जो पाकिस्तान की दोहरी नीति को दर्शाता है। ओवैसी ने यहां भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान की आतंकवाद समर्थक नीतियों को बेनकाब करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### अल्जीरिया में बोले एआईएमआईएम प्रमुख

ओवैसी ने कहा, जकीउर रहमान लखवी नाम का एक आतंकवादी था, दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा। लेकिन वह जेल में रहते हुए एक बेटे का पिता बन गया।

# नेशनल हाईवे के किनारे बने नाले में गिरकर युवक घायल

## हाईवे किनारे लगी लाइट भी बनी शोपीस



**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारों पर बने नाले हादसों को दावत दे रहे है। यह नाले देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।नालों में कूड़ा करकट जमा हो गया है जिससे मक्खी मच्छरों का प्रकोप तो बढ़ा ही है। इसके अलावा क्षतिग्रस्त नालों से निकली हुई सरिया रात के अंधेरे में लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रही हैं। हरदोई बाईपास के ओवरब्रिज के किनारे बने नाले की सरिया से कई लोग घायल हो चुके हैं। हरदोई बाईपास चौराहे से दिल्ली एनसीआर आदि प्रांतों से आने वाले मुसाफिर अन्य जगहों के लिए सवारियां बदलते हैं। इस कारण हरदोई बाईपास पर काफी भीड़भाड़ बनी रहती है। रोड के किनारे खड़े होने के लिए जगह बाकी नहीं बची है। दुकानदारों और ऑटो रिक्शा चालकों ने अतिक्रमण कर रखा है।बस से उतरकर एक महिला इसी नाले की सरिया की शिकार हो गई।जाने कितने ही लोग गिरकर रोजाना चोटिल हो रहे हैं। बीती रात रौसर कोठी निवासी सचिन गुप्ता अंधेरे में नाले में गिरकर घायल हो गए इससे पूर्व तहबरगंज गांव के रहने वाले प्रवीण वर्मा नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रवीण ने इसकी सूचना जिलाधिकारी को दूरभाष पर दी थी जिसका संज्ञान लेकर जांच का आश्वासन दिया गया था। सचिन गुप्ता ने अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज कराया। उन्होंने बताया कि यहां रात को गहरा अंधेरा रहता है। ओवरब्रिज पर लाइट लगाई गई है लेकिन जलती नहीं है। जिसके चलते आए दिन घटनाएं घटित होती रहती हैं।

# चोरी की घटना का खुलासा, तीन चोर गिरफ्तार

## १५ दिन पहले हुई चोरी दो घरों में चोरी



**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** एक ही रात दो घरों में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के चौढेरा गांव में १३ मई की रात में दो घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने आज खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी अजय पुत्र जागेश्वर,जय प्रकाश पुत्र हरिहर ग्राम सुरजीपुर थाना वेहटा गोकुल जनपद हरदोई का रहने वाला हैं, जबकि घनश्याम पुत्र रामपाल ग्राम भदौना,थाना वेहटा गोकुल, हरदोई का रहने वाला है।आरोपियों के पास से चोरी गई तीन जोड़ी पायल एक जोड़ी कान का झुमका और मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर लिया है। तीनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, अपराध निरीक्षक दिगंबर सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुंदरलाल, कांस्टेबल मनजीत आदि मौजूद रहे।

# चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने पर ब्लॉक प्रमुख हुए नाराज

## चांदपुर गांव मे शनिवार की रात दो घरो मे सेंध लगाकर हुई थी लाखो की चोरी



**खुटार।** चांदपुर गांव में दो घरों में सेंड लगाकर हुई लाखों की चोरी की घटना की जानकारी होने पर रविवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित भाजपा नेताओं के साथ पीड़ितों के घर पहुंचे और उनसे मिलकर घटना की जानकारी की। इसके साथ ही घटना की रिपोर्ट अभी तक दर्ज न किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। क्षेत्र के गांव चांदपुर में रहने वाले आकाश कुमार और विपिन कुमार के घर में अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे से सेंध काट कर करीब डेढ़ लाख रुपए की नगदी के साथ ही करीब ६ लाख रुपए से अधिक की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे। घटना की सूचना मिलने पर पड़ोस में स्थित पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों के साथ ही खुटार थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने जांच पड़ताल की थी। घटना के बाद पीड़ित विपिन कुमार और आकाश कुमार में संयुक्त तहरीर थाने पर दे दी थी। लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। रविवार को ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित, मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, सुमित शुक्ला आदि के साथ चांदपुर गांव पहुंचे और पीड़ितों से मिलकर चोरी की घटना की जानकारी विस्तार से ली। इसके साथ ही उन्होंने तुरंत थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार रावत और पुलिस क्षेत्र अधिकारी पुवायां निष्ठा उपाध्याय से फोन पर वार्ता का तत्काल चोरी की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही। रिपोर्ट दर्ज न करने का अधिकारियों से इसकी शिकायत करने की चेतावनी दी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने कहा कि अगर पुलिस ने जल्द ही चोरी की रिपोर्ट तक नहीं की, तो वह इस मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएंगे।

# एसपी सिटी ने किया कोतवाली का निरीक्षण, दिए निर्देश



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** एसपी सिटी द्वारा थाना कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मैस, कम्प्यूटर कक्ष, थाना परिसर, कर्मचारी बैरक आदि का भौतिक रूप से भ्रमण कर सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। साथ ही थाना कार्यालय में प्रचलित अभिलेखों को चेक किया गया और अद्यावधिक करने हेतु निर्देश दिये गये। थाने के परिसर में माल मुकदमाती वाहनों को वर्षवार सुव्यवस्थित रूप से रखे जाने एवं ऐसे लावारिस वाहन, जो काफी वर्षों से थाने पर खड़े है, उनकी नीलामी हेतु नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने संबंधी दिशा निर्देश दिये गये। थाने पर शस्त्रों का उत्तम रख-रखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। कोतवाली पर पुलिस बल के साथ गोष्ठी कर आगामी त्यौहारों-चुनावों आदि के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को पुलिस की कार्यशैली में सुधार के सम्बन्ध में वार्ता करते हुये आगन्तुकों, शिकायतकर्ताओं से शिष्ट, सभ्य व्यवहार करते हुए समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाने के निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी का एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। यह प्रदर्शन तिलहर थाना क्षेत्र में संगठन के पदाधिकारी रामगोपाल के बुजुर्ग पिता के साथ हुई मारपीट की घटना और उसमें पुलिस द्वारा की गई लापरवाही को लेकर किया गया। संगठन के अनुसार, कुछ दबंगों ने रामगोपाल के पिता के साथ बेरहमी से मारपीट की थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। इसकी शिकायत तिलहर थाने में की गई, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बाद में उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर तो दर्ज हुई, मगर आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि तिलहर थाना प्रभारी पीड़ित परिवार पर सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं, रामगोपाल के खिलाफ भी उल्टा एफआईआर दर्ज कर दी गई है और पुलिस द्वारा धमकी दी जा रही है कि अगर समझौता नहीं किया गया तो गुंडा एक्ट में कार्रवाई कर दी जाएगी। हिदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला, तो संगठन हाईवे जाम कर उग्र आंदोलन करेगा। प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी की गई। एसपी ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। संगठन ने फिलहाल आंदोलन टालते हुए कार्रवाई की निगरानी करने की बात कही है।

# मां ने पुत्री को भगाने वाले आरोपी के खिलाफ दी तहरीर

पुवायां। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी २० वर्षीय पुत्री को एक युवक शनिवार की रात बहला फुसलाकर भाग ले गया जिसने काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। जिसके बाद उसकी मां ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पुत्री को भगाने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है वहीं पुलिस मामले की तहकीकात करने में लगी हुई है।

# कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**पुवायां।** कार की टक्कर से दो लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उन्हें अस्पताल लेकर आई। नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी श्यामानंद शुक्ला पुत्र वेद प्रकाश और मोहल्ला छावनी के अवनीश दीक्षित एक ही बाइक से गंगसरा किसी कार्य से जा रहे थे। जिन्हें रविवार को लगभग १२:०० बजे इनायतपुर के पास पीछे से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उन्हें अस्पताल लाई। जिसमें श्यामानंद के काफी चोट आई है उन्होंने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# सीएमओ ने रेड क्रॉस कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जनपद के सीएमओ डॉ० विवेक कुमार मिश्रा द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय का औचिक निरीक्षण किया गया एवं सोसाइटी द्वारा जनपद में कराए गए कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की साथ जिला सचिव डा. विजय जौहरी से कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए जरूरत पड़ने पर रेड क्रॉस के वॉलेंटियर्स की टीम तैयार करने को कहा ताकि जरूरत पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके एवं बाढ़ की स्थिति आने पर आपदा प्रबंधन में भी सहयोग लिया जा सके। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के जिला सचिव डा. विजय जौहरी, आजीवन सदस्य अवनीश सक्सेना, अग्रज जोहरी, आदि लोग उपस्थित रहे।



# आगामी त्यौहारों को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

पुवायां(स्वतंत्र भारत)। कोतवाली में त्यौहारों को देखते हुए नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। शांति बैठक के दौरान नायब तहसीलदार पंकज सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा की सभी लोग त्योहार को भाईचारे के साथ मनाएं और कोई नई परंपरा ना डाली जाए और कुर्बानी के बाद जो अवशेष बचते हैं उनको गड्ढा खोदकर दफना दे। कोई गड़बड़ी हो तो ११२ या कोतवाली में आकर अवगत कराये जिससे उसका समय पर समाधान हो सके। कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने कहा की त्यौहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है जिसे सभी मिलजुल कर मनाएं और जहां जिस तरीके से नमाज का टाइम हो वहां उसी तरीके से अदा की जाए। और कुर्बानी के के दौरान कोई भी व्यक्ति मांस अथवा अवशेष इधर-उधर नहीं फेंकेगा जिससे अशांति का माहौल पैदा हो। किसी भी व्यक्ति ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ उन्होंने कहा की बकरीद के दिन पुलिस फोर्स पूरी तरीके से अलर्ट रहेगा और मस्जिदों और ईदगाहों पर ड्यूटी रहेगी। और जिस किसी को किसी प्रकार की भी समस्या हो वह तत्काल हमारे नंबर पर सूचित करें ।जिससे उसका मौके पर निस्तारण कराया जा सके। आरिफ खा, समसुल हसन, सबील खान,इमरान खान, बलदेव सिंह, संजय त्रिपाठी, सभासद अंग्रेश सिंह, अनूप गुप्ता, और ईदगाह और मस्जिद के कमेटी के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नेता देवेश गुप्ता ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**खुटार।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नगराध्यक्ष एडवोकेट देवेश गुप्ता ने रविवार को गोला रोड पर स्थित अपने प्रतिष्ठान पर हर साल की तरह इस साल भा शर्बत वितरण कर राहगीरो को शर्बत पिलाया और पुण्य लाभ कमाया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, निवर्तमान मंडलाध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी सोनू, हरिओम मिश्र, सुनील सिंह, डा. राधेश्याम, राहुल गुप्ता, ललित सिंह, रामस्वरूप कुशवाहा, उदित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, ध्यानू सिंह चौहान, रामपाल, दयाशंकर देवल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे पर ट्रक चालकों और पीटीओ के बीच विवाद

## अंडर लोड गाड़ी का चालान करने पर भड़के ट्रक ड्राइवर, पीटीओ सरकारी गाड़ी से वापस भागे

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** अंडर लोड गाड़ी का चालान करना परिवहन विभाग के पीटीओ मोहम्मद आरिफ को महंगा पड़ गया। नेशनल हाईवे पर भड़के ट्रक चालको ने इकट्ठे होकर पीटीओ को घेर लिया उनका आरोप है कि गाड़ी अंडर लोड है फिर भी पीटीओ लाख, लाख रुपए के चालान कर रहे है। आरोप यह भी है कि पीटीओ के गाड़ी चालक ने पहले एक ट्रक चालक के साथ अभद्रता की ट्रक चालक द्वारा बताया गया कि गाड़ी के सारे कागजात दुरुस्त है फिर भी चालान काट दिया गया। इससे परेशान होकर ट्रक चालक इकट्ठे हो गए और उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया भीड़ बढ़ती देख पीटीओ के चालक ने गाड़ी बैक करना शुरू कर दिया लेकिन ट्रक चालक लगातार गाड़ी के साथ चलते रहे और चालान का विरोध करते रहे। या सब वीडियो में साफ देखा जा सकता है।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीटीओ मोहम्मद आरिफ ने दूरभाष पर बताया कि चालान नहीं किया गया था। सिर्फ वजन कराने को कहा गया था ताकि पता लग जाए गाड़ी का वजन क्या है। वजन न कराने पर चालीस हजार का चालान है। इसी से ट्रक चालक भड़क गया घटना की तहरीर तिलहर थाने में देने जा रहा हूं। ''वाहन स्वामी के खिलाफ पीटीओ को तहरीर देने के लिए भेजा है। घटना की तहरीर दी जाएगी।'' एआरटीओ

# युवक ने नदी में कूदकर आत्महत्या का किया प्रयास

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी एक युवक ने हनुमतधाम खन्नौत नदी में छलांग लगाकर जान देने के प्रयास का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार युवक शनिवार की शाम नाराज होकर घर से निकला था हनुमतधाम पुल से गुजर रहे लोगों ने जब युवक को कूदते देखा तो तुरंत शोर मचाया। नदी के किनारे मौजूद लोगों ने तत्काल बचाव करते हुए युवक को बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां युवक का उपचार किया जा रहा है। परिजनों के अनुसार युवक पहले से बीमार चल रहा है। हालांकि नदी में छलांग लगाने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** ईद को लेकर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। अधिकारियों ने सभी से मिलजुल कर त्यौहारों को मनाने की अपील की। कोतवाली में उपजिलाधिकारी डॉ रविन्द्र कुमार ने कहा कि सभी मिलजुलकर शांतिपूर्वक ईद एवं नवरात्रि का त्योहार मनाए किसी भी प्रकार की विवादित पोस्ट को लाइक कमेंट न करे ।कोई भी व्यक्ति नई परंपरा ना डालें यदि युवा नई परंपरा डालने का प्रयास करें तो उन्हें रोके। कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे कि माहौल खराब हो। सीओ ज्योति यादव ने कहा त्योहारों पर कोई भी नई परम्परा नहीं डाली जाएगी। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी ने भी नई परंपरा डालने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और सोशल मीडिया पर किसी तरह की आपत्ति जनक पोस्ट न तो डाले न उसको आगे फॉरवर्ड करे। इस दौरान शहर इमाम, काजी मोहम्मद अकरम, रोहित साहू गुप्ता, रवि गुप्ता, अकरम उल्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर अध्यापक की हरदोई में मौत

## घटना को संदिग्ध मान रहे मृतक के परिजन



**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** दोस्तों के साथ लखनऊ गए अध्यापक की जनपद हरदोई के थाना बघौली क्षेत्र में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। परिजन मामले को संदिग्ध बता रहे हैं।थाना क्षेत्र के कमल नैनपुर गांव के अध्यापक विवेक सक्सेना( ३९), जोकि ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सरदार झाला पर तैनात थे। जो अपने पिता सुशील सक्सेना की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित पद पर लगे थे। ३० मई को अपने तीन दोस्तों के साथ लखनऊ गए थे। ३१ मई की रात को घर वापस आते समय रात लगभग २:३० बजे जनपद हरदोई के थाना बघौली क्षेत्र में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक विवेक के दो बच्चे हैं। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने स्वजनों को सूचना के बाद पोस्टमार्टम कराया। मृतक के भाई विशाल सक्सेना ने बताया कि जिन तीन साथियों के साथ विवेक गए थे उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा हैं। जिससे मामला संदिग्ध लग रहा हैं। १ जून को दोपहर २:०० बजे जनपद फर्रुखाबाद के घटिया घाट पर अंत्येष्ट कर दी गई।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस गया मनाया

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** ३१ मई को यहां विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के खुदरा प्रभाव के बारे में सलाह देना और उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। पहली बार ३१ मई १९८८ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें साल २०२५ के लिए 'उज्ज्वल प्रोडक्ट्स काले इरादे का पोस्टर' थीम दी गई है। इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा विभाग ने बच्चों को सलाह देने के लिए एक मॉडल 'नया सवेरा' तैयार किया है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह 'नया सवेरा' की डॉक्यूमेंट्री जारी करते हुए कहा गया कि हर साल दुनिया में ८० लाख से ज्यादा लोग मौत के नशे में धुत हो जाते हैं। उन्होंने यह दिन तंबाकू और उससे जुड़े रोगों जैसे कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, अन्य संबंधित विकारों के बारे में आदि खतरों के बारे में जागरूकता फैलाई है।

# जनपद में फर्जी हाजिरी एवं पुराने फोटो मनरेगा में अपलोड कर निकाले जा रहे हैं प्रतिदिन लाखों रुपए

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जनपद में प्रतिदिन फर्जी फोटो एवं पुराने लगाकर मनरेगा से करोड़ों रुपए की फर्जी तरीके से धनराशि निकली जा रही है क्योंकि पूरे जनपद में १५ विकासखंड है उन सभी विकास खंडों में लगभग सभी ग्राम पंचायतों में फर्जी फोटो अपलोड किये जा रहे हैं कई विकास खंडो की कई ग्राम पंचायतों में कई दिन पुराने एवं कई तो फोटो से फोटो बनाकर लगाए जा रहे हैं और हाजिरी पूर्ण कर धनराशि निकली जा रही हैं। विकास खंडों पर बैठे अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं और एक ही फोटो कई दिनों तक अपलोड किये जा रहे हैं। कुछ ग्राम पंचायतें जिनमें फोटो अपलोड किया जा रहे हैं जो की महीनों पुराने हैं। सभी प्रतिदिन फोटो अपलोड कर धनराशि निकली जा रही हैं।



### ब्लाक सिंधौली

यदि हम बात सिंधौली की करें, तो यहां पर कई ग्राम पंचायत ऐसी है जहां पर पुराने फोटो अपलोड़ कर फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा की योजना को धता बताया जा रहा है। जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी इस ओर ध्यान देने की जरुरत नही समझ रहे हैं जिससे लोगों को मनरेगा योजना का लाभ नही मिल पा रहा है और घोटालेबाज मालामाल हो रहे हैं। यदि गहनता और निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सबकी पोल खुलकर सामने आ जाएगी। विकासखंड सिंधौली की ग्राम पंचायतों में आलमपुर, बबौरी, बड़ेला, बगड़ेर, बालेटू, बेनीपुर, दिलावरपुर, दिवाली, गंधरपुर जलालाबाद, कलुआपुर, मुड़िया पवार, पसियाखेड़ा आदि है। मनरेगा के तहत हाजिरी पलक झपकाने से लगती है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सिंधौली ने बताया यदि पुराने फोटो एवं एक ही फोटो कई जगह अपलोड किए गए हैं कार्यवाही की जाएगी।

### ब्लाक निगोही

निगोही ब्लाक भी किसी से कम नहीं हैं। यहां पर भी पुराने फोटो या एक फोटो कई बार अपलोड करके मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगने का मामला प्रकाश में आया है। विकास खंड निगोही की ग्राम पंचायतों में डीग बांसरी, विक्रमपुर चकोर, गुड़गांव, हरपरा, अर्जुनपुर, कबीरपुर, झोतूपुर, मिल्किया ग्राम पंचायत शमिल है।

### इन ब्लाकों को भी हाल-बेहाल

विकासखंड ददरौल की ग्राम पंचायत में बरेगं, खिरिया, हेर मंसूरपुर, मौजमपुर, मुडिगवां आदि ग्राम पंचायत शामिल है। तो वहीं विकासखंड जैतीपुर की ग्राम पंचायत में गढ़िया रंगीन, गौटिया अंतू, गोगेपुर, जरगवा, कलुआ वोझ, अमईपुर संडा आदि शामिल है। विकासखंड जलालाबाद की ग्राम पंचायत में बुरियाभूर चौकी आजमपुर, करौंदी, मऊ रसूलपुर आदि ग्राम पंचायतों में भी फर्जी हाजिरी लगाई गयी है। इसके अलावा विकासखंड कलान की ग्राम पंचायतों में पटना, देवकली, विक्रमपुर, रामपुर, तालुके, बरा सुखनैया, विकासखंड कांट की ग्राम पंचायतों में भंडेरी, दिलावरपुर, मोहनपुर, ममरेजपुर, सरथौली, विक्रमपुर, विकासखंड खुदागंज की ग्राम पंचायतों में भूरिया, हरिहरपुर, सिमरा खिरिया, जलालाबाद कंधरपुर आदि शामिल है। विकासखंड बंडा की ग्राम पंचायतों में बरीबरा, नबीची, रसूलपुर गढ़िया सिंगापुर पनई आदि शामिल है। विकासखंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायतों में अजीजपुर, बादशाह नगर, पीग, तिउलक, सुतनेरा सरसवा आदि ग्राम पंचायतें शामिल है। इन सभी विकास खंडों की सभी ग्राम पंचायतों में पुराने एवं एक ही फोटो कई दिनों तक मनरेगा की साइट पर अपलोड करके फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर धनराशि निकली जा रही हैं। जिससे मनरेगा योजना का लाभ लोगों को नही मिल पा रहा हैं और फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर कार्य करना दिखा दिया जाता हैं। जिससे लाखों का घोटाला किया जा रहा है। यदि अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लें और जांच कराए तो कई ग्राम पंचायतों की पोल खुलकर सामने आ जाएगी।

# एक अदद रास्ते की राह देख रहा शहबाजपुर गांव

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** विकासखंड भावल खेड़ा के शहबाजपुर गांव की हालत बेहद खस्ता है। गांव के किनारे बहने वाली खन्नौत और गर्रा नदी के हर वर्ष कटान के चलते गांव जाने वाला मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। मुख्य मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को अपनी जान हथेली पर रखकर निकालना पड़ता है। ग्रामीणों ने कई बार क्षेत्रीय विधायक और शासन प्रशासन से इस रोड की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। लेकिन शासन प्रशासन की निष्क्रियता के चलते गांव वाले एक अदद रोड के लिए वर्षों से तरस रहे हैं। गांव के जागरूक युवाओं द्वारा सोशल मीडिया पर चलाई गई मुहिम का संज्ञान अब क्षेत्रीय विधायक ददरौल अरविंद सिंह ने लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शीघ्र ही रास्ते को बनाए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है बरसात के पहले ही इस रोड की मरम्मत कराई जाएगी। ज्ञात हो पूर्व विधायक ददरौल स्वर्गीय मानवेंद्र सिंह ने इस मार्ग की मरम्मत कराए जाने को लेकर कई बार पत्राचार किया था लेकिन प्रशासन ने उनके लिखे पत्रों का भी संज्ञान लेना जरूरी नहीं समझा। वर्तमान में उनके ज्येष्ठ पुत्र अरविंद सिंह ददरौल से निर्वाचित विधायक हैं। विधायक द्वारा आश्वासन दिए जाने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। अब इंतजार है तो सिर्फ रोड की मरम्मत का।

# पुलिस ने चिता से निकालकर शव का कराया पोस्टमार्टम

## महिला ने ससुराल में फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**मदनापुर-शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव चांदपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गुड्डी देवी पत्नी रामकिशोर ने बताया कि उनके बेटे सुरेंद्र की शादी ६ माह पूर्व बिहार की रहने वाली रमावती उम्र २२ वर्ष के साथ हुई थी। यह शादी चांदपुर गांव के ही पड़ोस के गांव छतरपट्टी के देवेंद्र उर्फ भंते पुत्र सेवाराम ने २० हजार लेकर कराई थी। घटना ३१ मई की रात्रि की है, जब सुरेंद्र अपनी पत्नी रामवती के साथ बाहर आंगन में सो रहा था और गुड्डी देवी बाहर सो रही थी। तभी रमावती ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में अंदर जाकर गमछा से पंखे के कुंडे से फांसी लगा ली। सुबह ४:०० बजे गुड्डी देवी ने अंदर जाकर देखा तो बहु रमावती लटकी हुई थी। लड़के को जगा कर लाश को उतरवाया गया और गुड्डी देवी ने रमावती के मायके वालों को सूचना दी और वीडियो कॉल के जरिए बताया कि आपकी लड़की ने फांसी लगा ली। रमावती के मायके वालों की तरफ से जवाब आया कि तुमने हमारी लड़की को लटका दिया है, अब में पुलिस लेकर आऊंगा। इसके बाद ससुराल वालों ने आनन-फानन में रमावती के शव को ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन देवेंद्र उर्फ भंते पुत्र सेवाराम ने ११२ पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और जलालाबाद नायब तहसीलदार रोहित कुमार के साथ मौके पर जांच की और चिता से अस्थियां निकालकर फॉरेंसिक जांच के लिए रखी गई हैं। पुलिस इस मामले में आगे की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही इस मामले का खुलासा करने की कोशिश कर रही है। मृतका के पिता का नाम हरंगी राम है और मायका बिहार के जिला बेतिया थाना बैरिया गांव बघहीं कानून टोला है। पुलिस ने इस मामले में देवेंद्र उर्फ भंते पुत्र सेवाराम की सूचना पर कार्रवाई शुरू की है और जांच में जुटी हुई है।

# लेखपाल संघ का दो वार्षिक चुनाव संपन्न



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का दो वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अरविंद कनौजिया को जिलाध्यक्ष तथा उग्रसेन को मंत्री चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक की देखरेख में हुआ। चुनाव के बाद जो परिणाम आए उसमें अध्यक्ष अरविंद कनौजिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. आजम खा, जिला कनिष्ट उपाध्यक्ष हेमंत गंगवार, जिलामंत्री उग्रसेन सिहं जिला उपमंत्री नेम कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, ऑडीटर विजय कुमार वाजपेयी चुने गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

## महिला दुकानदार और पति को ग्राहक ने पीटकर किया घायल

**भावलखेड़ा।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गढ़ी गाड़ीपुरा निवासी सुनीत कुमार श्रीवास्तव में थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी घर पर ही परचून की दुकान है। दुकान पर उसकी पत्नी सोनिका सक्सेना बैठी थी मोहल्ले का ही रहने वाला अशफाक अंडा खरीदने आया। और गाली गलौज करने लगा। सोनिका अपने पति को बुलाने घर के अंदर चली गई पति सुनीत कुमार श्रीवास्तव के बाहर आते ही अशफाक ने दुकान पर रखे टापे से हमला कर दिया। सोनिका को कैंची से घायल कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मौके का जायजा लिया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर अशफाक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# नौ दिन के अंदर जांच कर अदालत को सौंपे रिपोर्ट

## रोजा पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट, पीड़िता पहुंची न्यायालय

**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** पड़ोसी के द्वारा जबरन नाबलिग बच्ची का शव जलाये जाने की घटना को न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने रोजा पुलिस को नौ दिन के अंदर सभी जांच रिपोर्ट अदालत में पेश करने का आदेश दिया हैं। एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की हैं, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली शक के कटघरे में नजर आ रही हैं। पीड़िता ने न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई हैं। ज्ञात हो कि थाना रोजा के मठिया कालोनी निवासी मनोज कुमार की बेबा पुनीता ने पुलिस को बताया था कि मोहल्ले के ही शिवसागर गुप्ता व उनके परिवार वाले २७ अप्रैल को घर में जबरन घुस आये थे और उसकी पुत्री शिवानी (१६) के साथ मारपीट की और धमकी दी थी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान मार देंगे। २८ अप्रैल को वह बच्चों के साथ प्रसाद चढ़ाने गई हुई थी, घर में उसकी पुत्री शिवानी अकेली थी। जब लौट कर घर आई तो देखा उसकी पुत्री कमरे के फांसी के फंदे से झूल रही थी। शोर मचाने पर पड़ोसी आ गये थे। तभी शिवसागर गुप्ता और उसके परिवार वाले भी पहुंच गए थे। आरोप है कि शिवसागर गुप्ता बेटी के अंतिम संस्कार के लिये जल्दबाजी करने लगा, जब उसने कहा कि उसके दो बेटे बाहर हैं उनके आने पर ही अंतिम संस्कार करेगी तो शिवसागर गुप्ता धमकी देने लगा था। आरोप है कि बाद में शिवसागर गुप्ता और उसके परिजन ने जबरन उसकी बेटी को दफनाने की बजाय दाह संस्कार कर दिया था। ताकि कोई सबूत न बचे। पुनीता ने पुलिस को बताया था कि शिवसागर ने उसे और बच्चों को धमकी दी थी कि पुलिस से शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देगा। पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने एक माह बीत जाने के बाद पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटकाया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष १४ ज्योति अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रोजा पुलिस को नौ जून तक मामले से जुड़ी सभी रिपोर्ट अदालत में पेश करने का आदेश दिया हैं। वही थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि न्यायालय का आदेश मिला है, सभी बिंदुओ की जांच रिपोर्ट तय समय सीमा के अंदर पेश कर दी जायेगी।

# रंजिशन टक्कर मारने का आरोप



**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** घर आते समय मोटर साइकिल सवार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया। पुत्र ने पुरानी रंजिश में टक्कर मारने का आरोप लगाया। नगर के मोहल्ला पट्टी पश्चिम के बिलाल हसन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता यासीन अली ३१ मई को समय करीब रात ७:३० के करीब मोटरसाइकिल से शाहजहांपुर से अपने घर जा रहे थे तेज़ रफ़्तार चार पहिया वाहन ने जान से मारने की नीयत से कृभको फैक्ट्री के पास टक्कर मार दी, और पिता को मरा समझकर चले गए। काफी चोट आई और अचेत हो गये। आरोप है कि मोहल्ले के एक युवक आदि रंजिश मानते हैं। सुनियोजित षड्यंत्र के तहत जान से मारने की नीयत से इस घटना को अंजाम दिया है। घायल का मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की की जांच कर रही है।

# छह दिन बाद भी सुभाष की मौत का खुलासा नहीं

## पुलिस ने बताया, पीएम में आई हैंगिंग, विवेचना चल रही

**कांट-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** ६ दिन बीत जाने के बाद भी रसेम गांव के सुभाष की मौत की गुत्थी सुलझती नजर नहीं आ रही है पुलिस का कहना है की विवेचना चल रही है प्रभारी निरीक्षक इतने बिजी की बात करने का समय नहीं। थाना क्षेत्र के रसेम गांव के रहने वाले सुभाष पाठक का शव पास के खेत के आम के पेड़ से संदिग्ध अवस्था में लटका मिला था। जिसमें मृतक की पत्नी शिवा ने पुलिस की प्रार्थना पत्र देकर बताया कि राजू, बिजेंदर एवं संदीप से जमीनी विवाद चल रहा हैं। २६ मई को उक्त लोग आए और दरवाजे पर गालियां देने लगे। जब उसका पति सुभाष घर के बाहर आया है। उक्त लोगों ने उन्हें गायब करने की बात कही २६ मई को २:०० बजे दोपहर खेत पर गए थे। वापस नहीं आए तो तलाश पता नही चला। २७ मई की सुबह ७:०० बजे एक खेत में आम के पेड़ से लाश लटकी मिली। मृतक की पत्नी ने आरोप है कि उसके पति को मारकर लटका दिया गया हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत की थी। ६ दिन बीत जाने के बाद पुलिस सुभाष की मौत का खुलासा नहीं कर पाई है। इस संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह से फोन पर तीन बार संपर्क साधा कुछ देर बाद बात करने की बात कहकर मामले को टाल दिया। इस संबंध में अपराध निरीक्षक सत्य सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई है, मामले की विवेचना चल रही है।

# जिले में बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

## प्रथम पाली में १७९, दूसरी में १७८ परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जनपद में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए थे। पहली मीटिंग में १७१३ परीक्षार्थी शामिल हुए और १७९ ने परीक्षा छोड़ दी हैं तो वही दूसरी पाली में १७१४ परीक्षार्थी शामिल हुए और १७८ ने परीक्षा छोड़ी है। एडीएम प्रशासन लगातार भ्रमण कर परीक्षा का जायजा लेते रहे।

रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। शाहजहांपुर में जीएफ कालेज, एसएस कालेज ब्लाक ए, एसएस कालेज ब्लाक बी, आर्य महिला डिग्री कालेज में परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा सुबह ९ बजे से १२ बजे तक संपन्न हुई। प्रथम पाली में जिसमें जीएफ कालेज में पंजीकृत ५०० में ४५१ परीक्षार्थी शामिल हुए और ४९ अनुपस्थिति रहे है। इसी प्रकार एसएस कालेज ब्लाक ए के परीक्षा केंद्र पर ५०० में ४५५ परीक्षार्थी शामिल हुए और ४५ ने परीक्षा छोड़ दी। इसी कालेज के ब्लाक बी के केंद्र पर ५०० में ४५१ ने परीक्षा दी और ४९ ने छोड़ दी है। इसी प्रकार आर्य महिला डिग्री कालेज में ३९२ परीक्षार्थियों में ३५६ ने परीक्षा दी है और ३६ ने छोड़ दी है। इस प्रकार प्रथम पाली में १८९२ में १७१३ परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और १७९ ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली दोपहर २ बजे से ५ बजे तक संपन्न हुई। जिसमें जीएफ कालेज में पंजीकृत ५०० में ४५१ परीक्षार्थी शामिल हुए और ४९ अनुपस्थिति रहे है। इसी प्रकार एसएस कालेज ब्लाक ए के परीक्षा केंद्र पर ५०० में ४५४ परीक्षार्थी शामिल हुए और ४६ ने परीक्षा छोड़ दी। इसी कालेज के ब्लाक बी के केंद्र पर ५०० में ४५० ने परीक्षा दी और ५० ने छोड़ दी है। इसी प्रकार आर्य महिला डिग्री कालेज में ३९२ परीक्षार्थियों में ३५९ ने परीक्षा दी है और ३३ ने छोड़ दी है। इस प्रकार द्वितीय पाली में १८९२ में १७१४ परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और १७८ ने परीक्षा छोड़ दी। एसडीएम प्रशासन सहित तमाम अधिकारी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। बीएड प्रवेश परीक्षा जिले में सकुशल संपन्न हुई है। वहीं पुलिस फोर्स सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से तैनात रहा।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखे योग



**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** राजकीय इण्टर कॉलेज में समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं ने प्राणायाम नौकासन, वज्रासन, सर्वांगासन भुजंगासन का योग किया। इस दौरान कल्पनाशील कहानी भाषा वृक्ष, इको क्लब से जुड़ी गतिविधियों में भी प्रतिभाग किया। राजकीय इंटर कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य के निर्देशन में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें १२वें दिन छात्र-छात्राओं ने योग और व्यायाम के साथ गतिविधियां प्रारंभ की। शिक्षकों एवम छात्र छात्राओं ने प्राणायाम, नौकासन, वज्रासन, सर्वांगासन, भुजंगासन आदि योग किया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने कल्पनाशील डायरी कल्पनाशील कहानी, भाषा वृक्ष एवम इको क्लब से जुड़ी गतिविधियों में प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ समर कैंप में में चल रही गतिविधियों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुरेंद्र पाल सिंह, पंकज कुमार, सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार, पवन कुमार राजपूत, संतोष कुमार, सोनी और परिचारक आलोक कुमार, रूपलाल, अंकित और रेशमा का सक्रिय सहयोग रहा।

# डेढ़ माह बाद भी नही बरामद हुए अपहत किशोरी

## सीएम को पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** डेढ़ माह पूर्व नदैइय्या रामपुर गाँव में बाला जी मंदिर पर लगे मेले से बहला फुसलाकर अपहृत की गई किशोरी की बरामदगी के लिए पिता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसुनवाई बेबसाइट पर भेजे शिकायती प्रार्थना पत्र में ग्रामीण किशोरी के पिता ने कहा है कि १२ अप्रैल २५ को ग्राम नदैइय्या रामपुर के बाला जी के मंदिर पर मेला लगा था। मेरी १६ वर्षीय पुत्री मेले में बाला जी के मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने के लिए गई थी। लेकिन आज तक वापस घर नहीं लौटी है। ग्राम नदैइय्या रामपुर में बाला जी के मंदिर पर लगे मेले से मेरी नाबालिग बेटी को ग्राम पिपरी खुर्द निवासी दीपक भुर्जी गलत काम के लिए अपहृत कर अज्ञात स्थान पर ले गया है। पुलिस डेढ़ महीने से मेरी अपहृत पुत्री को बरामद नहीं कर रही है। मेरी पुत्री के अपहरणकर्ता पिपरी गाँव के दीपक भुर्जी को भी पुलिस ने नही पकड़ रही है। मेरी पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट को लिख कर ठंडे बस्ते में डाल दिया है। अपहृत किशोरी के पिता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुत्री की सकुशल बरामदगी के लिए गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगलकिशोर पाल् ने बताया कि अपहृत किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस सर्विलांस के ज़रिए पता लगा रही है।

# साप्ताहिक बाजारों में आसमान छू रहे बकरों के दाम

## रुकनपुर कलान में ४० हजार के बिके बकरे की पूरे क्षेत्र में रही चर्चा

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** आगामी ७ जून को हर्षोल्लाह पूर्वक मनाये जाने वाले ईद-उल-अज्हा त्यौहार की तैयारी जोरों पर है। साप्ताहिक बाजारों में बिकने वाले बकरों की कीमतें आसमान छू रही हैं जो बकरा १५००० का बिकता था उसकी कीमत २५००० रुपए हो गई है फिर भी साहिबे निसाब बकरों की खरीदारी में जुटे हैं। शनिवार रूकनपुर कलान में ४०००० के बिक्री हुई बकरे की क्षेत्र में चर्चा रही।



शनिवार को कलान के रुकनपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार की अगर हम बात करें तो यहां मुरादाबाद, रामपुर, हापुड़, मेरठ, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद क्षेत्र के व्यापारी बकरे खरीदने के लिए आते हैं। विशेष कर ईद-उल-अज्हा के मौके पर यहां बकरों की बिक्री तेज हो जाती है। लोग इस क्षेत्र में बकरों का पालन करते हैं और ईद के मौके पर उनकी बिक्री कर मोटी कमाई कर लेते हैं। शनिवार को लगे इस साप्ताहिक बाजार में रिकार्ड तोड़ महंगाई देखी गई गैर जनपदों से आने वाले व्यापारी सुंदर व कलरफुल बकरों की कीमत नहीं देखे वह किसी भी कीमत पर बकरों को खरीद कर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसी बड़ी मंडियों में बिक्री कर मोटी कमाई करते हैं। इसी क्रम में एक सफेद रंग के बकरे की पूरे बाजार में चर्चा रही सैकड़ों व्यापारियों ने उस बकरे की कीमत लगाई अंतत: ४०००० में बकरा इमरान निवासी वर्कजई जलालाबाद ने खरीद लिया। वास्तव में यह बकरा ऊंची कद्काठी, लंबा शरीर, सुंदर सफेद रंग का बकरा था जिसे हर कोई क्रय करना चाहता था लेकिन कीमत इतनी ज्यादा थी के हर आदमी दाम पूछ कर पीछे हट जाता था लेकिन यह बकरा इमरान ने खरीद लिया। हालांकि ऐसा हरगिज नहीं कि सभी बकरे बकरियों की कीमत ज्यादा हो विशेष कर उन बकरों की कीमत ज्यादा हो जाती है जो कुर्बानी के लिए पाले गए हों, विशेष तौर पर उनको सजा कर बाजार में लाया गया था ताकि बकरा खरीद करने वाले उन पर आकर्षित हो और मुंह मांगी कीमत मिल सके। हालांकि इस क्षेत्र में कई और बाजार भी लगते हैं जलालाबाद का बझेड़ा साप्ताहिक बाजार, पुरेना, बरुआ, बुधवाना, जरियानपुर आदि कई साप्ताहिक बाजार लगते हैं और उसमें बड़े पैमाने पर ईद के अवसर पर बकरों की खरीद फरोख्त की जाती है।

### महामाई का जगराता ३ जून को

**शाहजहांपुर।** मां भगवती मातारानी का विशाल जगराता ३ जून को रात ९:३० बजे से जेल अधीक्षक आवास जिला जेल कालोनी में किया जाएगा। साथ ही ४ जून को शाम ७ बजे से भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने दी।

# सीएमओ से लापरवाह डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## रुपए लेने के बाद किया आपरेशन, हालत गंभीर होने पर किया रेफर, जज्जा-बच्चा की मौत

**पुवायां ( स्वतंत्र भारत )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि शाहजहांपुर रोड पर निजी चल रहे अस्पताल में हमारे कार्यकर्ता जयपाल जाटव पुत्र जय राखन निवासी आयूथाना सिंधौली ने अपनी पत्नी सुमन जो कि लगभग साढे आठ माह की गर्भवती थी उसको शाहजहांपुर रोड पर चल रहे एक अस्पताल में भर्ती कराया। भर्ती के दौरान वहां पर मौजूद एक डॉक्टर हदीरा वाले ने बताया कि आपके मरीज की हालत ज्यादा गंभीर है यदि इसका तत्काल ऑपरेशन नहीं किया गया तो उक्त दोनों जच्चा एवं बच्चा की जान जा सकती है और इसके ऑपरेशन का खर्च लगभग ७५ हजार आएगा। जयपाल ने उस टीम में शामिल डॉक्टरों से हाथ पैर जोड़े कि वह बहुत गरीब है लेकिन उक्त लोग नहीं माने और पैसा लेकर ऑपरेशन कर दिया। लेकिन ऑपरेशन के बाद तुरंत बताया कि हमारे बस की बात नहीं है इसे तत्काल बरेली ले जाइए। इसके बाद वह लोग अपनी पत्नी सुमन को बरेली ले गए। जहां जच्चा एवं बच्चा दोनों की मौत हो गई। इसके बाद जब पुवायां के उक्त अस्पताल की टीम से बात करनी चाही तो उन्होंने जाति सूचक गाली देते हुए अपने क्लीनिक से भगा दिया। सरदार धरीवाल ने बताया कि उक्त अस्पताल की टीम के विरुद्ध यदि कार्रवाई नहीं की जाती है तो हम लोग धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगें। जिसकी जिम्मेदारी शासन एव प्रशासन की होगी

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से किशोर गंभीर रूप से घायल

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा, राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल चल रहा एक किशोर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी की तत्काल बरेली रेफर करना पड़ा, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मीरानपुर कटरा, मोहल्ला बंगशान निवासी, सैफ१६ वर्ष पुत्र आसिफ ,किसी काम से पैदल हाईवे पार सब्जी मंडी की तरफ जा रहा था। तभी अचानक एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर उछलकर दूर जा गिरा और उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने आनन-फानन में घायल किशोर को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत बरेली के निजी हॉस्पिटल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि किशोर के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है अभी कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है प्रार्थना पत्र मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों और पैदल चलने वालों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

# दो अलग-अलग मामलों में तीन वांछित वारंटी पकड़े

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराध की रोकथाम व चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित, वारंटी व मादक पदार्थ एवं अवैध शराब, शास्त्र बिक्री/निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में सफलता मिली है। कार्यवाही के क्रम में आज पुलिस टीम द्वारा तीन वांछित वारंटी पकड़े हैं जिसमें थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अफगानान निवासी नूर मोहम्मद पुत्र सरवर अली, शान मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद के सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वारा जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया वहीं दूसरे मामले में कस्बे के मोहल्ला महाजनान निवासी प्रशांत गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता को एसीजेएम के आदेश पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दर्ज मामले में गिरफ्तार किया है सभी लोगों को उनके घरों से पड़ा है पकड़े गए अभी अभियुक्त गणों के विरुद्ध विधि कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



# सपा का मकसद है भाजपा को हराना : सुनील

## सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व एमएलसी पहुंचे शाहजहांपुर, की समीक्षा बैठक

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व एमएलसी सुनील साजन जोन प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों, बूथ प्रभारियों, संगठन और गांव गांव चल रही पीडीए की चर्चा की समीक्षा करने आज शाहजहांपुर पहुंचे। जहां पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील साजन ने कहा कि सपा का मकसद, भाजपा को हराना है। २०२२ में पीडीए के नारे के साथ ही सपा ने भाजपा को हाफ किया था। उसी नारे और संकल्प के साथ समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को २०२७ में साफ करेगी। आने वाले पंचायती चुनाव में पीडीए नारे के साथ सभी समाज का प्रतिनिधित्व दिखेगा। पार्टी कोशिश करेगी कि पीडीए के लोगों को ज्यादा मौका दे करके। कहा कि पंचायत के चुनाव में गांव की सरकार में २०२७ से पहले समाजवादियों की सरकार बन जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बीजेपी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अश्लील वीडियो को लेकर कहा कि अब बीजेपी के कारनामे सामने आ रहे हैं। उनके कारनामें तो बहुत पुराने हैं। कहा कि जो पार्टी अपने को संस्कारी पार्टी कहती है, उनके संस्कार यह हैं कि हाईवे पर उनके नेता करते नजर आ रहे हैं, उनके कार्यालयों पर महिलाएं सुरक्षित नहीं है, हाईवे पर सुरक्षित नहीं है, उनके किसी कार्यक्रम में सुरक्षित नहीं है, मंच पर सुरक्षित नहीं है, कहा कि अभी तो सरकार कह रही थी की बेटियों को सुरक्षा देना हमारी जिम्मेदारी है। कहा कि उत्तर प्रदेश में बहन बेटियां तभी सुरक्षित हैं, जब पहले भाजपा हट जाए। कहा कि सबसे ज्यादा असुरक्षित की भावना महिलाओं में भाजपाइयों को देख करके है, भाजपाइयों को देखते ही महिलाओं को अपनी सुरक्षा की चिंता होने लगती है।

## बेहोश हुआ युवक, हालत गंभीर

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** रविवार को बेहोशी हालत में एक युवक को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव सरेली निवासी श्री कृष्ण को सुबह करीब ५:३० बजे बेहोशी हालत में परिजनों ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। यहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# देव स्थापना से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के गांव में नवनिर्मित मंदिर में देव स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने पन्न घाट से १०१ जल कलश भर मंदिर में स्थापित किए। रविवार को क्षेत्र के गांव धारा में नवनिर्मित मां काली के मंदिर की स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। पुवायां से खुटार मार्ग पर गांव धारा के पास मां काली मंदिर स्थित था। जो नेशनल हाईवे के बाईपास निर्माण के तहत मार्ग के बीच आ गया। जिसके बाद नेशनल हाईवे के ठेकेदार द्वारा गांव के प्राचीन शिव मंदिर के पास मां काली के नए मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें मां काली की प्रतिमा की स्थापना से पूर्व बैंड बाजे के साथ गांव धारा से पन्न घाट तक कलश यात्रा निकाली गई। जहां आचार्य पं धर्मेंद्राचार्य द्वारा मंत्रोचारण कर पन्न घाट के गोमती तट पर विधि विधान से पूजा अर्चना सम्पन्न कराई गई। जिसके बाद १०१ कन्याओं तथा महिलाओं ने कलशों में जल भरा। जिसके बाद यात्रा वापस धारा स्थित नवनिर्मित मां काली मंदिर पर आकर संपन्न हुई। जहां जल से भरे कलशों को स्थापित किया गया। कार्यक्रम आयोजक प्रदीप प्रजापति ने बताया कि जलकलश यात्रा के बाद ४ जून तक हवन पूजन किए जाएंगे जिसके बाद ५ जून को मां काली की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदेश दीक्षित, सुनील दीक्षित, नन्हे लाल गुप्ता, प्रदीप प्रजापति, मनोज प्रजापति यजमान की भूमिका में हवन पूजन में शामिल होकर अनुष्ठान पूर्ण कराने में अपना अपना सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में महेंद्र प्रजापति, दामोदर प्रजापति, विशाल दीक्षित, मिंटू प्रजापति, सरजीत प्रजापति, मोहित गुप्ता, रवि गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, महेश गुप्ता, रोहिताश गुप्ता, आशीष प्रजापति, रमाकांत प्रजापति, बृजेश प्रजापति, टन्ने लाल, मुनेश कुमार, रामू कोहली, विमलेश कोहली, जगतपाल, जनडेल, गुड्डू आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने सुनी समस्याएं

## स्व. मनोहर लाल के निधन पर उनके आवास पहुंचकर व्यक्त की संवेदना



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर उनके अबिलम्ब निदान के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अबसर पर अपने आवास पर आए विभिन्न किसानों से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने की संकल्पपूर्ति में सहायक विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। सभी जनपदों में इस अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समस्त किसान अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान से जुड़कर इसका लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक अभियान नहीं बल्कि ऐसा जन आंदोलन है जो हमारे अन्नदाताओं को नवाचार, नई कृषि योजनाओं और तकनीकी ज्ञान प्रदान करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा। श्री प्रसाद ने आवास विकास कालोनी निवासी स्व. मनोहर लाल के आवास पर पहुंच कर उनके निधन पर उनकी पत्नी एवं पुत्रों अमृत लाल, सुभाष कुमार, संजय एवं सुनील सहित परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। इस दौरान श्री प्रसाद के साथ उनके मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, भाजपा नेता कौशल मिश्र, भूपेंद्र सिंह, अनिल तिवारी, रोहित सिंह, पार्षद जगदीश कुशवाहा, प्रशांत कठेरिया आदि मौजूद थे।

# महिलाओं को किया गया सम्मानित

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** अहिल्या बाई होलकर की ३००वी जयंती पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं को नगर पंचायत कार्यालय पर सम्मानित किया गया। शनिवार को नगर पंचायत सभागार में अहिल्याबाई होलकर की ३००वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शहर उपाध्यक्ष दिवाकर, नगर पंचायत अध्यक्ष मुनारा बेगम ने शाल ओढ़ाकर नगर पंचायत सहयोगी महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने पी पी किट नगर पंचायत सहयोगियों को देकर उनका सम्मान किया। मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी नूरजहां, पूर्व अध्यक्ष रईस मियां, विनय मिश्रा, अवर अभियंता जोगेंद्र गंगवार, लालजीत राठौर, मोहम्मद इरफान अली एवं सभासद मौजूद रहे।

# रेड क्रास ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर की गोष्ठी

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के परिसर में स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आशिफ ने जानकारी देते हुए बताया यह दिवस ३१ मई को इस लिए बनाने का उद्देश्य है कि लोगों तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना हैं। रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने बताया कि विश्व स्वास्थ संगठन में १९८७ में तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों ओर मौतों पर लगाम लगाने के लिए इस दिन की शुरुआत की गई थी। तंबाकू के सेवन से सर्वाधिक मुंह के कैंसर होने की संभावना रहती हैं। इस अवसर पर रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य अग्रज जौहरी ने मेडिकल कालेज में भर्ती अनाथ मरीज बिट्टू देवी पुत्री राघवेंद्र सिंह ग्राम चिकटिहा ब्लॉक बंडा को अपने शरीर के दिए गए रक्त दान के प्रमाण पत्र रोगी के सहयोगियों को देकर रेड क्रॉस के उद्देशों का अनुपालन किया। इस अवसर पर अवनीश सक्सेना, ब्रजकिशोर सिंह, अनुज जौहरी, पवन सक्सेना इत्यादि रेड क्रॉस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देश में कट्टरपंथियों द्वारा लवजिहाद व धर्मांतरण कर जनसंख्या असंतुलन करने का हो रहा प्रयास



**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस आज प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद स्थापना से लेकर लगातार संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर हिंदू मान बिंदुओं के रक्षार्थ कार्य कर रहा है। १९८४ से राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के कार्य को संत समाज के मार्गदर्शन में संपन्न कराया आज भव्य राम मंदिर निर्माण हो चुका है। १९९०-९१ में कश्मीर घाटी से जिहादी कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू समाज पर आत्मघाती हमला किया गया,माता बहनों की अस्मिता लूटी गई हिंदू समाज के घर मंदिर तोड़े गए और उन्हें वहां से पलायन करने पर मजबूर किया गया आज वह ३.५ लाख हिंदू समाज जम्मू,दिल्ली जैसे आदि प्रांतो में तंबू में रहने को विवश है। आतंकवाद के कारण बंद होती अमरनाथ यात्रा को विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के नेतृत्व में संपन्न कराया गया,जो आज अनवरत लाखो की संख्या में यात्रा होती है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ७५ लाख से भी अधिक गोवंशों की सुरक्षा की जिसमें कई कार्यकर्ता हुतात्मा भी हुए हजारों कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए परंतु हम अनवरत गौरक्षा का कार्य करते चले आ रहे हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा प्रभु श्री राम के द्वारा निर्मित रामसेतु को तोड़ने व श्री राम को काल्पनिक कहा गया। विश्व हिंदू परिषद ने संपूर्ण भारत में ३ घंटे के लिए पूरा भारत जाम कर दिया। तब जाकर आज रामसेतु धरोहर सुरक्षित है। आज लव जिहाद एक बड़ी समस्या है आप सभी बहने संपूर्ण हिंदू समाज में जन जागरण कर हिंदू संस्कृति से हिंदू महिलाओं/बहनों को जागरूक करें। कट्टरपंथियो द्वारा लव जिहाद के द्वारा जनसंख्या असंतुलन का कुत्सित प्रयास हों रहा है। प्रांत मंत्री ने कहा कि आप बहाने मां दुर्गा का रूप है। रानी लक्ष्मीबाई,रानी दुर्गावती व अहिल्याबाई से प्रेरणा लेकर भारत माता को पुन: परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रांत सहसंयोजक शशिबाला,विभाग मंत्री अशनील, जी.पी पाठक,नीरा श्रीवास्तव,अंशिका,शिवानी,नीलम,वृंदा, प्रीति शुक्ला,कंचन मिश्रा,धर्मेंद्र सिंह,अनुभव गुप्ता आदि सैकड़ो शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# सांसद ने किया पंचायत भवन का फीता काटकर उदघाटन

## कटरा के विकासखंड खुदागंज के सैदुपुर गांव में सांसद अरुण सागर का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**शाहजहांपुर।** कटरा विधानसभा के विकासखंड खुदागंज के सैदुपुर गांव में पंचायत भवनका मुख्य अतिथि भाजपा सांसद अरुण सागर ने पंचायत भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया ओर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी । सांसद अरुण सागर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में देश में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़के हों या फिर योजनाओं से लेकर भवन निर्माण, हर क्षेत्र में तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होने कहा कि योजनाओं का लाभ सीधे गरीब जनता तक पहुंच रहा है। पहले की सरकार में योजनाएं बनती थी लेकिन उसमे घोटाले इतने होते थे कि उसका लाभ गरीब जनता तक नही बल्कि कुछ चुनिंदा लोगो तक पहुंचता था,भाजपा सरकार में हर कार्य पारदर्शिता के साथ किया जाता है। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार में घोटाले और भ्रष्टाचार करने वालों की कोई जगह नही है। यही वजह है कि शहर में सीवर लाइन से लेकर सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबो को आवास दिए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ से राहत मिलती है। मुख्यमंत्री सामग्र ग्राम विकास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए है और बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, और रोजगार जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ के क्षेत्र में गरीबो के लिए सरकार ने बहुत ही बेहतर कार्य किए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब के इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की। इससे करोड़ों लोगों को इलाज में योजना का लाभ मिला है। इस दौरान साथ में ग्राम प्रधान राकेश गंगवार, खुदागंज चेयरमैन पति सुधीर सिंह, राकेश गंगवार,अवनी गंगवार, डॉ भरत पटेल वीरपाल सागर एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अधिक पदों पर कश्यप समाज की उतारे जाए प्रत्याशी : जगदीश

## कश्यप महासभा के तत्वाधान में हुआ शर्बत वितरण



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय कश्यप महासभा समृद्ध कश्यप राजपूत समाज सभा के तत्वाधान में कश्यप राजपूत धर्मशाला सिंजाई में मासिक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जगदीश चंद्र कश्यप के द्वारा की गई । बैठक में शर्बत वितरण का आयोजन व संगठन की मजबूती पर विचार व्यक्त किया गया। शर्बत वितरण सुबह ११ से ५ बजे तक चलता रहा । जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र कश्यप ने कहा पंचायत चुनाव में समाज की भागीदारी अधिक से अधिक पदों पर कश्यप समाज की प्रत्याशी उतारे जाए । कश्यप समाज आगे आकर समाज के एक व्यक्ति को मिलकर लड़ाये। डॉ मधुर कश्यप नेत्र सर्जन ने कहा कि ६ जुलाई को शनिवार को हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। बैठक में अलंकरण समारोह की तैयारी पर भी चर्चा की गई। हाई स्कूल व इंटर के बच्चों की नंबर और प्रतिशत की जानकारी और रणनीति पर चर्चा हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र कश्यप ,जसराम कश्यप ,राजकुमार कश्यप, विशाल कश्यप, राजेश कश्यप बांके लाल ,दिनेश कुमार कश्यप, राम प्रकाश कश्यप, सोनू कश्यप, राजाराम कश्यप ,महिपाल कश्यप, परमेश्वर दयाल कश्यप, ललित एडवोकेट राजपाल कश्यप, राम सिंह कश्यप, मदन लाल कश्यप ,लालाराम ,मोरपाल, मीनाक्षी कश्यप, राजेश कश्यप ,राजपाल ,अनिल कश्यप, हरीश कश्यप, अमर सिंह, अखिलेश, संजय कश्यप ,दिव्यांशी, बैजनाथ, शीतल कश्यप ,विशाल ,हेमा कश्यप ,सुरेंद्र कश्यप ,कन्हैया आशीष कश्यप, अवनीश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यपाल कश्यप, स्वराज प्रदेश उपाध्यक्ष, आदि मौजूद थे।

# पेड़ की टहनी गिरने से तीन बाइकें क्षतिग्रस्त

**पुवायां।** शनिवार को दोपहर तहसील बार एसोसिएशन में जामुन के पेड़ की एक टहनी गिर गई। पेड़ के नीचे खड़ी तीन बाइकें पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई। अधिवक्ताओ का कहना है कि शनिवार का दिन होने के कारण बार एसोसिएशन में ज्यादा भीड़ नही थी नही तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। जिसके बाद टूटी फूटी अपनी अपनी बाइकों को लेकर लोग गए।

# शिक्षा का जीवन में महत्व पर संगोष्ठी आयोजित

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ब्रज प्रांत की ओर से भारतीय शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर एक दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन आभासीय माध्यम से किया गया। रात्रि ८ बजे से ९:३० बजे तक आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी का संचालन पर्यावरण शिक्षा के प्रांतीय संयोजक डॉ. मत्स्येंद्र नाथ शुक्ला ने किया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय संयोजक डॉ. मनु प्रताप ने प्रस्तावना प्रस्तुत की। शैक्षिक संगोष्ठी का प्रतिवेदन राष्ट्रीय भाषा मंच के प्रांतीय संयोजक डॉ. प्रदीप वैरागी ने प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ शोध और नवाचार की प्रांत संयोजिका डॉ नीरा शर्मा ने प्रस्तुत किया ।मुख्य वक्ता राष्ट्रवादी लेखक पत्रकार और वरिष्ठ संपादक डॉ. विनीत कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि भारतीय समाज हीन भावना से सैकड़ो वर्षों से ग्रसित रहा है। गोरी चमड़ी और तड़क-भड़क को देखकर के दुनिया उसके आकर्षण में फंसकर रह गई ।सैकड़ो वर्षों तक लोगों को इतना दबाया गया कि ताकि उनका मनोबल बिल्कुल गिर जाए । जिसके परिणाम स्वरुप समाज में क्या स्थिति आ गई कि सिकंदर से लेकर के तमाम आक्रमणकारी भारत पर आए जिन्होंने भारतीय संस्कृति, कला यहां के लोगों की सहनशीलता और धार्मिक भावनाओं का गलत फायदा उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीएस स्कूल बरेली के प्रधानाचार्य बी. के. मिश्रा ने की। कार्यक्रम के अंत में ब्रज प्रांत की अध्यक्ष और आगरा कालेज की प्रोफेसर कैप्टन रीता निगम ने आभार व्यक्त किया।

# भगवान शिव की परमभक्त थीं अहिल्याबाई होल्कर

**जैतीपुर।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की ३००वी जयंती ब्लॉक मुख्यालय पर धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने की। उन्होंने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा वह सदा सामाजिक कार्यों में आगे रही। विधायक प्रिंस ने महारानी के शौर्य व पराक्रम के बारे में विस्तार से बताया। कहा मुगल शासको नें हमारे देश के मंदिरों पर आक्रमण कर तोड़ फोड़ की जिसकी मरम्मत महारानी द्वारा करवाई गई। वह सनातन धर्म को मानने वाली भगवान शिव की परम भक्त थी कभी कोई युद्ध नहीं हारी। ब्लॉक प्रमुख सपना कश्यप नें भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं ने हिस्सा लिया।

# ट्रक की टक्कर से हाइटेंशन लाइन टूटी, विद्युत बाधित



**तिलहर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** नगर के वेलकम मैरिज लाइन के पास एक ट्रक चालक द्वारा ट्रक बैक करते समय ११ हजार हाई टेंशन लाइन के खंभे पर मार दी जिससे खंभा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौजमपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। जनपद नगीना निवासी ट्रक चालक आदिल ट्रक में कुछ सामान लेकर तिलहर आया था वह पीरगैव तालाब के सामने वेलकम मैरिज लान के पास जब अपना ट्रक बैक कर रहा था इसी दौरान उसकी टक्कर हाइट टेंशन लाइन के खंभे से हो गई। जिससे खंभा छतिग्रस्त होकर लटक गया। और मुजफ्फरपुर फीडर की पूरी विद्युत लाइन विभागीय अधिकारियों को बंद करनी पड़ी। जानकारी मिलने पर पुलिस तथा विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची उन्होंने ट्रक चालक से जुर्माना वसूलने के बाद खंभे को ठीक करवाकर विद्युत आपूर्ति चालू कराई इस दौरान मौजपुर फीडर की आपूर्ति चार घंटे के लिए पूरी तरह बंद रही।

# राजकीय छात्रावास में इंटरलॉकिंग की मांग को सांसद को दिया पत्र



**शाहजहांपुर।** सांसद अरुण कुमार सागर ने साउथ सिटी स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई करते हुए अनेक लोगों की समस्याओं का निराकरण के लिए संबंधित को निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने उनसे भेंट कर राजकीय छात्रावास मिश्रीपुर में २००० वर्ग फुट में इंटरलॉकिंग कार्य कराने की मांग की। श्री सिंह ने सांसद को सौंपे के पत्र में कहा है कि उनके एक परिचित समाज सेवी पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से ओपन जिम की ६ मशीन दान करने के इच्छुक हैं छात्रावास में जिस स्थान पर मशीने लगाई जानी है वहां पर बारिश में जल भराव की स्थिति हो जाती है इसलिए २००० वर्ग फुट में इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने की आवश्यकता है। श्री सिंह के पत्र का अवलोकन कर सांसद अरुण कुमार सागर ने जनहित में संबंधित को पत्र जारी करते हुए २००० वर्ग फुट में इंटरलॉकिंग कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सागर, दीपक वर्मा, वीरेंद्र कुमार, नरेंद्र मौर्य, संजीव गौतम, अनिल वर्मा आदि अनेक लोग मौजूद थे।

# किसान वैज्ञानिक विधि से उच्च कोटि की फसल पैदा करें : डीवी सिंह

## विकसित कृषि से विकसित भारत सपना साकार होगा : डीपीएस



**शाहजहांपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सिंधौली ब्लॉक के ग्राम कोटावारी में किया गया, भारी संख्या में आए किसानों महिलाओं के समूह को सम्बोधित करते हुए संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ डी वी सिंह ने कहा आज प्रत्येक किसान उन्नत बीज और आधुनिक तकनीक से मृदा परीक्षण कराकर खेती करे तो उसे अच्छी फसल मिलेगी सरकार ने सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य अभी से निर्धारित कर दिए हैं किसान को सरकार द्वारा घोषित मूल्य हर हाल में मिलेगा द्य कृषि निदेशक श्री सिंह ने उन्नत किस्मों की बुवाई उर्वरक की संतुलित मात्रा के प्रयोग तथा रोगों के रोकथाम हेतु वैज्ञानिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डी पी एस राठौर ने कहा विकसित कृषि अभियान से किसानों को मिट्टी का परीक्षण उच्च कोटि के बीज़ फसलों के प्रकार और रोगों के रोकथाम के तरीके बताने के लिए कृषि वैज्ञानिक किसानों के बीच आए हैं, प्रयोगशालाओं के शोध से वैज्ञानिक विधि से विकसित कृषि से विकसित भारत का सपना साकार होगा। उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और जिला सहकारी अधिकारी हरिकेश परमार के संचालन में हुए कार्यक्रम में सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश सिंह जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष अजय प्रजापति कृषि रक्षा अधिकारी संजय यादव वरिष्ठ वैज्ञानिक एन पी गुप्ता व नलिन त्रिपाठी जिला सहकारी अधिकारी आनंद श्रीवास्तव ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैविक खाद के प्रयोग एवं सतत कृषि पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में नैनो यूरिया नैनो डीएपी की उपयोगिता और प्रयोग की विधि बताते हुए ड्रोन से छिड़काव कर प्रदर्शन किया गया।

# नि:शुल्क मधुमेह निवारण शिविर का हुआ समापन

## शिल्पी गुप्ता ने किया समापन सत्र का शुभारम्भ




**शाहजहांपुर।** योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में सात दिवसीय नि:शुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर का आज समापन हो गया। स्थानीय सीतापुर नेत्र चिकित्सालय उद्यान में चल रहे शिविर के समापन सत्र का शुभारम्भ भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिल्पी गुप्ता ने कहा कि योग मय जीवन के साथ ही रोग मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है । सफल मधुमेह निवारण शिविर के सफलतम आयोजन के लिए सभी को बहुत बहुत बधाई । संस्थान के जिला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी ने सभी साधकों से अपेक्षा की कि सभी लोग योग को नियमित दिनचर्या में सम्मिलित करें । स्वयं भी योग के प्रति जागरूक हों और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें ।पूर्व में अतिथियों का स्वागत शिविर प्रभारी ज्योति गुप्ता, सह प्रभारी बिपिन रस्तोगी, अशोक रस्तोगी ने बैज लगाकर किया। शिविर के अन्तिम दिवस पर रचना चांदना, सौरभ गोयल,राजेश दीक्षित तेजवीर गुप्ता, सरोज कश्यप, जवाहर लाल रस्तोगी व डॉ सारिका अग्रवाल ने मधुमेह से सम्बंधित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया । शिविर संयोजन में ललित मोहन, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा, संध्या गुप्ता,बिपिन रस्तोगी, सर्वेश चन्द्र मिश्र धांधू, आलोक दुबे, अनामिका अवस्थी व कौशल शुक्ला का विशेष सहयोग रहा । समापन पर साधकों ने अपने शिविर के अनुभवों को भी साझा किया। जिला मन्त्री कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप से जीसी मिश्रा, प्रमोद पांडेय, प्रवीण मिश्रा, एनसी त्यागी, राकेश मिश्रा, आशाराम गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, राजकुमारी, विमला गुप्ता, सावित्री देवी, विजय बहादुर, स्वतंत्र रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, अर्चना दीक्षित, दीपक मौर्य, मधु सक्सेना, ऋतु सिंह, गीता सिंह, आशी वर्मा, निशा वरनवाल, राजवीर यादव,सुमन सिंह, आदर्श कुमार दीक्षित, वीरेन्द्र शर्मा, रेनू मौर्य, निर्मला मौर्य, मिथिलेश त्यागी, सानिया, लीना सागर, वेद प्रकाश अग्रवाल, विनोद कुमार सिंह, रामेंद्र मिश्रा व पंकज मिश्रा , रोली सुनीता सूरी, पूनम कश्यप, माया द्विवेदी, आरती तिवारी, शोभा गुप्ता, अनामिका मिश्रा, सोनम शर्मा, सन्तोष विश्वकर्मा, रिशु त्रेहन, बबली गुप्ता, पंखुड़ी गुप्ता, रेनू मौर्या, रामेन्द्र मिश्रा, संजीव सक्सेना, राखी गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, समेत अनेक साधक साधिकाओं ने शिविर का लाभ लिया ।

# समर कैंप का अंतिम दिन खुशियों, गीतों और यादों के साथ संपन्न




**शाहजहांपुर।** आल सेंट्स स्कूल के २०२५ के समर कैंप का अंतिम दिन हँसी, जोश और भावनाओं से भरपूर रहा। कैंपर्स, काउंसलर्स और अभिभावकों ने मिलकर इस अद्भुत यात्रा का उत्सव मनाया और गर्मियों की खूबसूरत यादों को साझा किया। दिन की शुरुआत जोशीले स्वागत गीतों और एक्टिविटी सत्रों से हुई। बच्चों ने फैशन शो में अपनी प्रतिभाएं दिखाई, कैंप के दौरान सीखे गीत गाए और अपने सबसे प्यारे अनुभवों को साझा किया। स्कूल डायरेक्टर सचिन बाथम ने कहा यह गर्मी का मौसम बच्चों के लिए सीखने, बढ़ने और दोस्ती निभाने का अनमोल अवसर रहा, तथा बच्चों को सम्मानित किया प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने कहा। हर बच्चे को नए अनुभवों से गुजरते और आत्मविश्वास से भरते देखना बेहद खास रहा। अंतिम समारोह में माता-पिता को भी आमंत्रित किया गया, जहाँ बच्चों को टीमवर्क, लीडरशिप, रचनात्मकता और कैंप स्पिरिट के लिए पुरस्कार दिए गए। उनके लिए विशेष प्रकार के गैमेस् रखे गए जिसमे पैरेंट्स ने काई गिफ्ट्स जीते। एक विशेष वीडियो प्रस्तुति ने पूरे कैंप के पलों को संजोया— ट्रेकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, खेल-कूद प्रतियोगिताओं और रात की कहानी सभाओं के क्षणों को। मंच का संचालन मो अज़ीम अंसारी ने किया। जैसे ही सूरज ढला, गले मिलते बच्चों और अगले साल फिर मिलेंगे की गूंज ने माहौल को भावुक कर दिया। भले ही कैंपग्राउंड फिर शांत हो जाएगा, लेकिन इस समर कैंप की यादें सभी के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। पैरंट्स के लिए शाम के डिनर की व्यवस्था स्कूल प्रशासन द्वारा की गए। कर्यक्रम को सफल बनाने मे स्कूल स्टाफ रूबी, अल्फिया, ज़ोया, शगुफ्ता, फरीन, दीपिका, शुभा, रोज, श्रीठी, इरम, रीना, समन, अंजलि, प्रियंका, शुर्ति, नेहा, अश्वनी का योगदान रहा। अंत मे प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने सभी का आभार व्यक्त किया।




स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार, 2 जून 2025



## फोन पर आम जनमानस ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से पूछे अपनी समस्याओं के हल

स्वतंत्र भारत


**लखीमपुर-खीरी।** उच्च रक्त चाप माह एवं विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के जिला एनसीडी सेल में सीएमओ की अध्यक्षता में टॉक शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के फिजिशियन डॉ शिशिर पाण्डेय, मनोरोग चिकित्सक डॉ दीपा सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ रचित मिश्रा एवं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ द्वारा जनमानस की उच्च रक्त चाप एवं तम्बाकू से सम्बन्धित बीमारियों के विषय पर परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी जिला एनसीडी सेल डॉ रवी मोहन गुप्ता, इपीडिमियोलॉजिस्ट डॉ राकेश कुमार गुप्ता, एफएलसी विजय वर्मा आदि उपस्थित रहे। टॉक शो के दौरान 31 व्यक्तियों को विभिन्न चिकित्सीय समस्याओं हेतु परामर्श दिया गया। तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में नोडल अधिकारी जिला एनसीडी सेल की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को मानव शरीर पर तम्बाकू उपभोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की गयी तथा तम्बाकू छोड़ने के लिये प्रेरित किया गया। जनपद में कलेक्ट्रेट परिसर की चहारदीवारी से 500 मीटर के दायरे में तथा विद्यालयों की चहारदीवारी से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेंच रहे 34 दुकानदारों से कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर 6800 रुपए जुर्माने के रूप में उपनिरीक्षक रामअवतार, सिपाही राजेश एवं उनकी टीम के साथ जिला एनसीडी सेल से एफएलसी विजय वर्मा एवं अतुल पाण्डेय मानसिक सोशल वर्कर द्वारा छापेमारी कर वसूला गया।



खतरे में मरीजों की जान

# शहर में बढ़ते जहरीले इलाज के अड्डे

## मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्रों में है फर्जी डॉक्टरों का बोलबाला




स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर शहर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में तेजी से उभर रहे अवैध क्लीनिक आम जनता की जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इन कथित चिकित्सा केंद्रों पर बाहरी तौर पर भले ही डिग्रीधारी डॉक्टरों के नाम की चमचमाती तख्तियां लगी हों, लेकिन हकीकत में इनमें इलाज का काम अनट्रेंड और अयोग्य लोग संभाल रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन मानक विहीन क्लीनिकों में सीजर जैसे जटिल ऑपरेशन भी बिना प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के किए जा रहे हैं। नतीजा दू मरीजों की जान पर बन आ रही है। हाल ही में जिले में कई ऐसी दर्दनाक घटनाएं सामने आई हैं, जहां इलाज के नाम पर लापरवाही की गई और मरीजों की मौत हो गई।

हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने कुछ मामलों में एक्शन लेते हुए ऐसे क्लीनिकों को सील किया है, लेकिन हालात गंभीर बने हुए हैं। क्लीनिक संचालक नाम बदलकर फिर से वही गोरखधंधा शुरू कर देते हैं, जिससे साफ होता है कि प्रशासन की पकड़ अब भी कमजोर है या फिर मिलीभगत की बू आ रही है। जिले में कई ग्राम पंचायतों और शहरी इलाकों में ग्रामीण और गरीब मरीज इन अवैध क्लीनिकों का शिकार हो रहे हैं, जिनके पास महंगे अस्पतालों में इलाज कराने का विकल्प नहीं होता। ऐसे में ये लोग मजबूरी में खुद को इन झोलाछाप डॉक्टरों के हवाले कर देते हैं, जो अक्सर मौत का कारण बनते हैं।

स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने की जरूरत है। केवल औपचारिक कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, बल्कि एक सतत और युद्धस्तरीय अभियान चलाकर ऐसे सभी क्लीनिकों की पहचान, छानबीन और विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। जिला वासियों का जीवन अमूल्य है और उसे यूं लापरवाह और अयोग्य हाथों में सौंपना न केवल कानून का मजाक है, बल्कि मानवता के खिलाफ भी अपराध है।

### क्या कहता है प्रशासन?

जब इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सतर्क है और लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। यदि किसी को भी अवैध या फर्जी क्लीनिक की जानकारी हो, तो तत्काल विभाग को सूचित करें। लेकिन सवाल यह है कि सिर्फ शिकायतों पर निर्भर रहना कब तक चलेगा? क्या विभाग को खुद आगे बढ़कर निगरानी नहीं करनी चाहिए? लखीमपुर खीरी में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर चल रहे इस खतरनाक मजाक को रोकना समय की मांग है। प्रशासन को अब नींद से जागना होगा, वरना हर चुप्पी एक और जान ले सकती है।

## प्रेस क्लब की मासिक बैठक संपन्न

**बरवर (स्वतंत्र भारत)।** नगर पंचायत कैंपस में मासिक बैठक संपन्न हुई मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक अरविंद शुक्ला के द्वारा सभी पत्रकार साथियों को मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बताया सभी लोग अपने-अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारियों के साथ निर्वहन करें वही प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल शुक्ला के द्वारा कुछ अहम बिंदुओं पर चर्चाएं हुई, जिसमें सभी पत्रकार मित्रो ने अपने-अपने सुझाव दिए प्रेस क्लब में कुछ पत्रकार साथियों ने सदस्यता भी ग्रहण की बैठक में मौजूद संरक्षक अरविंद शुक्ला स्वामी दयाल अध्यक्ष विमल शुक्ला महामंत्री आशीष पांडे उपाध्यक्ष राजन शुक्ला, उपदेश कुमार अवस्थी मंत्री आरिफ खान कोषाध्यक्ष रिजवान खान अरविंद सिंह, सलाहकार मोहम्मद हाशिम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अकिब सुफियान प्रचार मंत्री एजाज अहमद खय्याम चैधरी व सदस्य गण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**मितौली-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** थाना मुख्यालय पर पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक मितौली शमशेर बहादुर सिंह उपस्थित रहे बैठक में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने थाना क्षेत्र में त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई. इस अवसर पर उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक मितौली ने नागरिकों से ईद का पर्व भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाए जाने का संकल्प दोहराते हुए कहा समाज में अराजक तत्वो अपराधियों की जगह जेल में होगी त्योहारों पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बैठक में उपस्थित सभी नागरिकों ने ईद का पर्व शांति व्यवस्था एवं भाईचारे के साथ मनाये जाने का संकल्प लिया. सभी आगंतुकों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा सूक्ष्म जलपान कराकर थाने से विदा किया गया।



### रक्तदान के लिए आम जनमानस को प्रेरित करें समाजसेवी संस्थाएं- सीएमओ

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** आम जनमानस और समाजसेवी संस्थाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित व 14 जून 2025 को आयोजित होने वाले विश्व रक्तदाता दिवस के आयोजन हेतु जनपद के विभिन्न स्वैच्छिक संस्थानों से सामान में स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद में स्थापित विभिन्न चीनी मिल, प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स संगठन, रेडक्रास सोसाइटी, ब्लड बैंक, के प्रतिनिधि जिला चिकित्सालय डॉ संतोष मिश्रा, नोडल एनसीडी सेल डॉ रवी मोहन गुप्ता की उपस्थित उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिनिधियों को रक्तदान की महत्ता का परिचय कराते हुए सभी संस्थाओं द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाकर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कराने एवं स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले व्यक्तियों की सूची प्रदान करने हेतु चर्चा की तथा जिला चिकित्सालय लखीमपुर में स्थापित जिला ब्लड सेल से विभिन्न दिवसों पर उपरोक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर रक्तदान हेतु कैम्प लगाने हेतु आग्रह किया।

### पत्नी का प्रसव कराने आये युवक की बाइक चोरी

**खमरिया-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** खमरिया कस्बे में स्थित सीएचसी में शनिवार को पड़ोसी जनपद सीतापुर के गांव से बाइक पर अपनी पत्नी को लेकर प्रसव करवाने पहुचे युवक की पलक झपकते ही बाइक चोरी हो गई। जिसको लेकर उसने 112 पर सूचना देकर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये चोर का पता लगाने की गुहार लगाई है। शनिवार को रात पड़ोसी जनपद सीतापुर के थाना तंबौर क्षेत्र के गोनिया गांव से अपनी पत्नी की प्रसव पीड़ा बढ़ने पर कल्लू पुत्र पैकरमा पत्नी को बाइक से लेकर अस्पताल पहुचा जहां मुख्य गेट पर बाइक खड़ी कर वह अंदर जाकर चंद मिनटों में ही वापस बाहर आ गया। इसी बीच अस्पताल में सक्रिय चोर उसकी बाइक लेकर फुर्र हो गया। जिसको देख कल्लू ने 112 पुलिस को मौके पर बुलाकर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये चोर की पहचान कर पता लगाने की गुहार लगाई है। वही घटना की जानकारी पाकर पुलिस जांच में जुट गई है।

### किसानों की सुनी गईं समस्याएं

**निघासन खीरी (स्वतंत्र भारत)।** गजियापुर खाद गोदाम पर किसानों की समस्याओं को लेकर डेलीगेट सदस्य आशीष मोहन शुक्ला के आवाहन पर खाद गोदाम कार्यालय पर किसानों की समस्याओं को गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा सुना गया और समस्याओं के निस्तारण हेतु गन्ना अधिकारी के समक्ष रक्खा जयेगा। गन्ना पर्यवेक्षक रवि कुमार दीक्षित ने कहा जल्द ही गन्ना अधिकारी के अनुसार किसान समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को कीटनाशक दवाओं और अन्य किसान सुझाव दिए गए और गन्ना पर्यवेक्षक ने कहा यह पहल विभाग के लिए अच्छी पहल है आशीष मोहन शुक्ल आए दिन किसानों के हितों के लिए विभाग को मार्ग दर्शित करते रहते हैं। आय दिन किसानों की समस्याओं को लेकर प्रसासन, समिति के माध्यम से संबंधित विभाग को मार्गदर्शित करते हैं। इस अवसर पर डेलीगेट सदस्य ढखेरवानानकार आशीष मोहन शुक्ला, ने सभी लोगों से अपने खेतों में पेड़ पौधे लगाने की अपील की। डेलीगेट सदस्य मझरा पूरब बलराम यादव, गन्ना पर्यवेक्षक रवि कुमार दीक्षित, पम्मा सिंह, पूर्व सदस्य विनोद यादव, करन सिंह, हरिदर सिंह, रामभर गौतम,खाद गोदाम कर्मी रामरतन सहित अन्य कई किसानो के साथ बातचीत हुई।

### सम्मानित किए गए पत्रकार



**गोला गोकरननाथ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा नगर के एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत गोला देहात के ग्राम सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने नगर के एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को सम्मानित किया। सम्मानित किए गए पत्रकारों में रवि सुत शुक्ल, कामता सिंह कुशवाहा, श्याम किशोर अवस्थी, पूर्णानंद बाजपेई, रफी अहमद, अमित वर्मा, आशीष राठौर, आलोक श्रीवास्तव, राजदीप शुक्ला, राजेश वर्मा, आशीष तिवारी, नवीन गिरी, सचिन शर्मा, करन राठौर, सुनील कुमार गुप्ता, सुधीर गुप्ता आदि पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन, संजय सिंह, राहुल वर्मा, मोहम्मद उस्मान, बृज बिहारी, चांद मोहम्मद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एकजुट हो लोधी समाज-प्रमोद लोधी

**धौरहरा खीरी।** धौरहरा क्षेत्र के कलुआपुर गांव में रविवार को शाम करीब चार बजे लोधी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रुप में पधारे सबका दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार लोधी ने समाज से एकजुट रहकर समाज में व्याप्त बुराईयों को समाप्त करने का अनुरोध किया। रविवार को कलुआपुर गांव में आयोजित सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार लोधी ने कहा कि जो समाज राजनीति के प्रति सक्रिय है। जिनकी राजनीति में भागीदारी है। जिन समाजों ने अपना सांसद विधायक बना लिया है। वो समाज सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक मुख्य धारा से जुड़ गए हैं। लोधी समाज आजादी से आज तक अपना सांसद, विधायक प्रतिनिधि नहीं बना पाए। लोधी समाज को राजनीति के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इसके साथ शिक्षा के प्रति लोधी समाज को आगे आने की आवश्यकता है। लोधी समाज को नशा जैसी बीमारियों से लड़ने की जरूरत है। सभा को सबका दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव रमाशंकर लोधी, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## बीएचएल ने भेजा किसानों का दल

**गोला गोकरननाथ खीरी** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी गोला के युनिट हेड नीरज बंसल,वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला आशुतोष मधुकर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किसानों को अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण हेतु रवाना किया। किसानों को रवाना करते समय युनिट हेड व वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना ने किसानों को एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण का उद्देश्य विस्तार से बताया। भ्रमण के दौरान अजबापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम शाहपुर जागीर व दुल्हापुर में एक्सपोजर भ्रमण किया।

## शारदा नदी में बाढ़ से पीपा पुल टूटा

- दूसरी बार क्षतिग्रस्त हुआ पीपा पुल, आवागमन बंद

**बिजुआ खीरी।** लखीमपुर में शारदा नदी पर बना रामनगर कलां का पीपा पुल दूसरी बार क्षतिग्रस्त हो गया है। शुक्रवार रात को नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से पुल को नुकसान पहुंचा है। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता रामचंद्र वर्मा ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों की जांच के बाद पुल पर आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है। नदी का जलस्तर कम होने के बाद ही पुल की मरम्मत शुरू की जाएगी। पुल को 15 जून तक खोलने की योजना थी। हालांकि, नदी में दोबारा पानी बढ़ने से यह संभव नहीं हो सका। पुल के क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय निवासियों और निघासन जाने वालों को परेशानी हो रही है।



## गुरु अर्जन देव की शहादत दिवस पर विशेष आयोजन

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ खीरी।** सिख पंथ के पांचवें गुरु अर्जन देव जी की शहादत दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। ठाठ नानकसर गुरुद्वारा पडरिया तुला में राहगीरों को ठंडा शरबत और चने का वितरण किया गया। गुरु अर्जन देव जी को मुगल शासक जहांगीर के आदेश पर शहीद किया गया था। उनकी बढ़ती लोकप्रियता और धार्मिक गतिविधियों से मुगल शासक घबरा गया था। मई माह की तपती दोपहर में उन्हें गर्म तवे पर बिठाया गया। तवे के नीचे आग जलाई गई और ऊपर से गर्म रेत डाली गई। गुरु जी श्तेरा भाना मिट्ठा लागेश् और श्सतनाम वाहेगुरुश् का जाप करते हुए शहीद हो गए। लखीमपुर-भीरा राज्यमार्ग पर स्थित पडरिया तुला में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी छबील लगाई गई। गर्मी से राहत पाने के लिए कई लोग अपने वाहन रोककर यहां रुके। कार्यक्रम में ठाठ नानकसर गुरुद्वारा के संत बाबा गुरमीत सिंह, बाबा मस्तान सिंह, मखखन सिंह, अंग्रेज सिंह, बलविंदर सिंह और जसविंदर सिंह सहित सिख समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।



## मेन चौराहे से मोटर साईकिल चोरी

**मैगलगंज खीरी (स्वतंत्र भारत)** रविवार को जिला मुख्यालय मार्ग मेन चैराहे के पास स्थित शिवम ज्वैलर्स स्वर्गीय काशीनाथ रस्तोगी के प्रतिष्ठान के सामने खड़ी मोटर साईकिल चोरी। न्ҵ34।त्1711 हीरो सुपर को अमरेंद्र प्रताप निवासी हिम्मत नगर जनपद सीतापुर अपनी पत्नी के साथ ज्वैलरी खरीदने के लिए शिवम ज्वैलर्स के सामने खड़ी कर दुकान के अंदर गए 5 मिनट के बाहर आने पर मोटर साईकिल लापता मिली काफी तलाशने के बाद कोई सुराग न लगा। चैकाने वाली बात यह है कि उसकी जगह दूसरी हीरो सुपर बिना नम्बर प्लेट उसी कलर की लावारिश खड़ी मिली सूचना पर पहुँची पुलिस ने मोटर साईकिल को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## सुमेर नगर ने मरौचा को छह विकेट से हराया

**पलियाकलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** महंगापुर स्थित श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल मैदान में शहीद भगत सिंह नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुद्वारा महंगापुर के सेवादार गुरमेज सिंह गेजा बाबा के द्वारा फीता काटकर किया गया। आयोजित टूर्नामेंट में पहला मैच मरौचा और सुमेरनगर के बीच खेला गया। मरौचा की टीम छह विकेट पर 97 रन बनाए। जवाब में उतरी सुमेरनगर की टीम ने मात्र चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम ने मैच छह विकेट से जीत लिया। खिलाड़ी मोहम्मद अली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कमेटी गुरु प्यार सिंह व स्कोरिंग सुखविंदर सिंह बंटी ने की। इस मौके पर कमेटी सदस्य हैप्पी, विशाल, गुड्डू, शिवपाल व नीरज आदि लोग मौजूद रहे।

## राजा झंडी ने भगवान विश्वकर्मा मंदिर में टायलीकरण कार्य का किया शुभारंभ

स्वतंत्र भारत

**निघासन खीरी** निघासन नगर के प्रीतमपुरवा में श्रद्धा और आस्था का प्रतीक भगवान विश्वकर्मा मंदिर अब आधुनिकता की ओर अग्रसर है। झंडी स्टेट के राजा व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने अपने निजी कोष से मंदिर परिसर में टायलीकरण कार्य का शुभारंभ कराया है। इस धार्मिक कार्य की शुरुआत वैदिक विधि-विधान के साथ हुई। स्थानीय पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन कराया, जिसके पश्चात राजा राज राजेश्वर सिंह ने स्वयं अपने हाथों से प्रथम टायल लगाकर कार्य की शुरुआत की। मंदिर परिसर में यह सौंदर्यीकरण कार्य क्षेत्र की जनता के लिए एक आस्था व विकास का संगम प्रस्तुत करता है। इसी क्रम में, बरोठा गांव स्थित वीर बाबा स्थान पर भी राजा राज राजेश्वर सिंह पूर्व में टायलीकरण कार्य हेतु टायल भिजवा चुके है। यह स्थल क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था से जुड़ा है, और टायलीकरण के बाद इसकी शोभा व श्रद्धा दोनों में वृद्धि होगी। राजा राज राजेश्वर सिंह द्वारा किए जा रहे इन धार्मिक व सामाजिक कार्यों की क्षेत्र में सराहना हो रही है। उनका उद्देश्य धार्मिक स्थलों के साथ-साथ सामाजिक संरचनाओं को भी आधुनिक रूप देना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक सुंदर व सुव्यवस्थित वातावरण प्राप्त हो। इस दौरान राम कुमार विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, अवनीश विश्वकर्मा, विद्याधर विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, तेज नारायण विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बिजली पोल सहित ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, ड्राइवर घायल

**संसारपुर खीरी।** नेशनल हाईवे 730 पर रविवार सुबह 9:30 बजे लखीमपुर से बरेली जा रहे पिकअप ड्राइवर लालता प्रसाद मौर्य को नींद आ जाने से वाहन अनियंत्रित हो गया। वाहन हाईवे किनारे अली अहमद के केला प्लांट में लगे बिजली के पोल से टकरा गया। हादसे में पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बिजली का पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। पोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे टूट गए और हाईटेंशन लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना के समय बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। संसारपुर चैकी पुलिस ने घायल ड्राइवर को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज भेज दिया। केला प्लांट के मालिक अली अहमद ने तुरंत बिजली विभाग और पुलिस को सूचित किया। बिजली उपकेंद्र बांकेगंज से संसारपुर फीडर की आपूर्ति बंद कर दी गई। बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर लाइन की मरम्मत में जुटे हैं।

### परसपुर चैकी इंचार्ज हुए लाइन हाजिर

**पलियाकलां-खीरी।** संपूर्णानगर थाना के परसपुर चैकी इंचार्ज विशाल कुमार सिंह को एसपी संकल्प शर्मा ने पुलिस लाइन स्थानांतरण कर दिया है। जानकारी देते हुए सीओ यादवेन्द्र यादव ने बताया कि परसपुर चैकी इंचार्ज विशाल सिंह को पुलिस रूटीन के तहत लाइन भेजा गया और चैकी पर जब तक किसी की तैनाती नही होती है तब तक चौकी का कार्यभार संपूर्णानगर थाने से सबंधित एसआई देखेंगे।

# अलग-अलग हादसों में तीन की हालत गंभीर, सभी का इलाज जारी

- बाइक से घर जा रहे युवक को सांड ने मारी टक्कर
- बुलेरो ने युवक को मारी टक्कर,जिला अस्पताल रेफर
- पंखे का तार जोड़ते समय किशोर को लगी करंट

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी** खमरिया क्षेत्र के परसिया खमरिया रोड पर शनिवार की रात बाइक से घर जा रहे युवक को संतोषी माता मंदिर के पास सांड ने टक्कर मार दी। जिसमें सड़क पर घिसटकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वही उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। जिसको देख राहगीरों ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर देख डाक्टरो ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की रात करीब 9 बजे खमरिया परसिया रोड से होते हुए बाइक से अपने घर अल्लीपुर जा रहे श्रीकांत (25) पुत्र संतोष राजपूत को संतोषी माता मंदिर के पास सांड ने टक्कर मार दी। जिसमें वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको देख राहगीरो ने उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चले कि पिछले दिनों कुछ अन्य गांवो से ट्रेक्टर ट्रालियों में बड़ी से संख्या में मवेशियों को लाकर कस्बा खमरिया, तमोलीपुर, अल्लीपुर के आसपास गायों व सांडो को छोड़े जाने के बाद इस तरह के सड़क हादसों में अचानक बढ़ोत्तरी हो गई,जो आमजन को भारी पड़ रही है।

खमरिया कस्बे में शनिवार को रात आरओ का पानी सप्लाई कर रहे युवक को अज्ञात बुलेरो ने टक्कर मार दी,जिसमें गंभीर रूप से वह घायल हो गया। जिसको आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार को रात आरओ का पानी सप्लाई कर रहे युवक रवि मिश्रा पुत्र लक्ष्मन मिश्रा निवासी खमरिया को अज्ञात बुलेरो ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों ने उसे सीएचसी खमरिया में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर देख डाक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बाबत सीएचसी के डाक्टरो ने बताया कि युवक के हेड इंजरी होने की वजह से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वही दूसरी ओर परिजन पुलिस की सहायता से घटना को अंजाम देने वाली बुलेरो को खोजने के लिए कस्बे के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।





खमरिया थाना क्षेत्र के दर्जिन सरैयां गांव में चाचा के तिलक समारोह में पंखे का प्लग लगा रहा सतेन्द्र पुत्र मुंशीलाल निवासी दर्जिन सरैया तारों में दौड़ रही करंट की चपेट में आकर मूर्छित हो गया। जिसको देख समारोह में शामिल मेहमानों के साथ परिवारीजन उसे आनन फानन में सीएचसी खमरिया में ले जाकर भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरो ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया,जहां उसका इलाज जारी है। इस दौरान अचानक घटित हुई घटना को लेकर तिलक समारोह में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

स्वतंत्र भारत

**यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**

## फिर आमद

करीब तीन साल की चुप्पी के बाद कोरोना का नाम एक बार फिर सुनाई देने लगा है। हालांकि इस बार विशेषज्ञ इसके खतरे को लेकर इस मामले में आश्वस्त हैं कि दुष्प्रभाव ज्यादा गंभीर नहीं होगा। फिर भी पिछली बार का अनुभव निष्क्रिय बैठने की अनुमति नहीं देता। तब चीन में इसके सामने आने पर काफी समय तक निष्क्रियता बरती गई थी और गंभीरता से नहीं लिया गया। कोरोना के बढ़ने के बाद भी दुनिया से यह सच छिपाया गया। नतीजा ऐसी महामारी के रूप में लोगों के सामने आया जिसने पूरी दुनिया में हाहाकार मचा दिया। आज भी कोई सरकार या एजेंसी नहीं बता सकती कि उस दौरान कितने लोगों की जान गई थी। दुःस्वप्न की तरह वह काल कटा था। उसके बाद कई सरकारों ने ऐसे किसी संभावित खतरे के प्रति उपाय करने के दावे भी किए हैं। अब पिछले कुछ महीनों से इसके आने की हलचलें एक बार फिर चल रही हैं। भारत के केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में इसके असर वाले रोगी खासतौर पर मिल रहे हैं। अभी तक देशभर में इसके सक्रिय मामलों की संख्या 3395 तक पहुंच गई है और आसार यही हैं कि इसमें और बढ़ोतरी ही होगी क्योंकि इसके बारे में अभी तक किसी निश्चित निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है कि इस बार इसकी प्रकृति क्या है और इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाने जरूरी हैं। यही कारण है कि केरल में इसके मामले 400 से ज्यादा हो चुके हैं तो महाराष्ट्र में 200 से ज्यादा केस मिले हैं। यानी इन राज्यों में तो सतर्कता की बेहद जरूरत है तो वहीं इन्हीं जगहों से अन्य राज्यों में भी इसका प्रसार हो सकता है। इसलिए सावधानी की जरूरत कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। इतना सब होने के बाद भी लोगों द्वारा इस बारे में अपेक्षित यानी चिकित्सकों और विशेषज्ञों द्वारा बताई गई सावधानियां न बरते जाने से ताज्जुब ही होता है। इस जगह याद रखने की बात यह है कि डेल्टा जैसी भयानक लहर के बाद भी यही अनुमान विशेषज्ञों ने लगाया था कि आने वर्षों में कोरोना वायरस के तमाम रूप अपना कहर बरपाते रहेंगे। यानी कोरोना किसी न किसी रूप में अपना असर दिखाता रहेगा। गंभीरता यहां तक है कि भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका में भी काफी लोग इस बार भी अपनी जान गंवा चुके हैं। इसलिए जरूरी है कि इस बार कोरोना से बचाव की सभी सावधानियां और इंतजाम पूरे रखे जाएं ताकि पिछली बार की कहानी दोहराने न पाए।

## उपयोगी कदम

मौसम की लगातार बढ़ती अनिश्चितताओं और उससे होने वाले नुकसान को देखते हुए पहले से इसका अनुमान लगाने की जरूरत अब और गहनता से बढ़ चुकी है ताकि पहले से सावधानियां बरती जा सकें। इस जरूरत को देखते हुए स्थानीय स्तर पर मौसम की ज्यादा सटीक जानकारी देने के लिए स्वदेशी मौसम पूर्वानुमान प्रणाली भारत फोरकास्टिंग सिस्टम या बीएफएस की लॉन्चिंग की गई है। स्वदेशी रूप से निर्मित बीएफएस को पांच महिला विज्ञानियों ने विकसित किया है। इसी मानसून सीजन से काम शुरू करने वाली इस प्रणाली से छह किलोमीटर के दायरे में, यानी गांव से लेकर पंचायत स्तर तक मौसम का सटीक पूर्वानुमान जारी किया जा सकेगा। छह किलोमीटर के दायरे में पूर्वानुमान की क्षमता हासिल करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है, जबकि यूरोपीय, अमेरिकी और ब्रिटिश मौसम कार्यालयों के मॉडल नौ से चौदह किलोमीटर के रेजोल्यूशन पर काम करते हैं। पुणे स्थित आइआइटीएम यानी भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने यह प्रणाली विकसित की है और इस तकनीक पर पिछले तीन वर्षों से काम चल रहा था। इन तीन वर्षों के दौरान इसने वर्षा के मामले में 30 प्रतिशत और मानसून के मामले में 64 प्रतिशत से अधिक सटीक भविष्यवाणी की। पुणे के आइआइटीएम परिसर स्थित सुपर कंप्यूटर अर्का मौसम पूर्वानुमान मॉडल को चलाने में चार घंटे लेता है। जबकि पुराने सुपर कंप्यूटर प्रत्यूष में दस घंटे लगते थे। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, चूंकि उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में मौसम अस्थिर होता है और पैटर्न में बदलाव होते रहते हैं, ऐसे में स्थानिक बदलावों को पकड़ने के लिए ऊंचे रेजोल्यूशन की जरूरत पड़ती है। अभी देशभर में 40 डॉप्लर मौसम रडारों का नेटवर्क है. भविष्य में रडारों की संख्या सौ हो जाने वाली है. इसी के अनुरूप अगले दो वर्षों में बीएफएस की क्षमता को चार किलोमीटर की सटीकता तक लाये जाने का लक्ष्य रखा गया है. बीएफएस मानसून ट्रैकिंग, उड्डयन, चक्रवात निगरानी, आपदा प्रबंधन, कृषि, जलमार्ग, रक्षा और बाढ़ पूर्वानुमान को बढ़ावा देगा. बीएफएस से आंधी, तूफान, बारिश आदि की जानकारी पहले ही मिल जायेगी, जिससे सतर्क रहने के साथ नुकसान कम करने में भी मदद मिलेगी।



## काँव-काँव



♦♦♦

**अब भारत के शौर्य का प्रतीक है सिंदूर - मोदी**
सीज़फायर भी बहादुरी का नया शिगूफा है!

**भारतीय विमान गिराने का पाक का दावा गलत**
छहों गिरे विमान अग्निवीरों के हवाले थे क्या?

**सुशासन की पहली शर्त है रूल आफ ला-योगी**
और भगवा सुशासन का प्रतीक है बुलडोजर!

**राजीव कृष्ण उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक**
थानों में जारी वसूली प्रक्रिया थमने वाली नहीं!

**रेलवे स्टेशनों की फोटो वीडियो पर लगा प्रतिबंध**
मोबाईल घर पर छोड़ें और अच्छे नागरिक बनें!

**देश में हर तीसरी महिला घरेलू हिंसा की शिकार**
पहले वाली दोनों महिलाएं इस हिंसा की वजह!

♦♦♦

# घातक है सैन्य पराक्रम पर राजनीति



**-तनवीर जाफ़री**

पहलगाम में हुये पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किये गये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों ख़ासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊँचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औक़ात को समझ चुका है। परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल ज़रूर उठाये जा रहे हैं। ख़ासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किये जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ़ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य ज़िम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुनः शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं। और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आँखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिये हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।


पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने ख़ास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फ़ाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फ़रवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल ने रक्षा ख़रीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुये स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का ज़िक्र किया और साफ़ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज़ आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फ़ाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तख़त करते वक़्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि - मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब वायुसेना मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत तेज़ी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर ज़ोर दे रही है।

दूसरी तरफ़ सरकार द्वारा चलायी गयी अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फ़ायदे गिनाने में लगी है। परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिये चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 प्रति. पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हज़ार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थायी समिति को दी गयी जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज़्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद ख़ाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गयी थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए 'अग्निवीर' के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 प्रति. अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थायी रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को 'सेवा निधि पैकेज' के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपये और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किये जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है। इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर ज़ोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थायी सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य ज़रूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यह स्थायी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी देखी गई।



लिहाज़ा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाये सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाये और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाये क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### दो बैलों की कथा

हां, इसी रास्ते से गया उन्हें ले गया था। वही खेत, वही बाग, वही गांव मिलने लगे। प्रतिक्षण उनकी चाल तेज होने लगी। सारी थकान, सारी दुर्बलता गायब हो गई। आह! यह लो! अपना ही हार आ गया। इसी कुएं पर हम पुर चलाने आया करते थे; हां, यही कुआं है।

मोती ने कहा-हमारा घर नगीच आ गया।

हीरा बोला- भगवान् की दया है।

'मैं तो अब घर भागता हूं।'

'यह जाने देगा ?'

'इसे मैं मार गिराता हूं।'

'नहीं-नहीं दौड़कर थान पर चलो। वहां से हम आगे न जायेंगे।'

दोनों उन्मत्त होकर बछड़ों की भांति कुलेलें करते हुए घर की ओर दौड़े। वह हमारा थान है। दोनों दौड़कर अपने थान पर आये और खड़े हो गए। दढ़ियल भी पीछे-पीछे दौड़ा चला आता था।

झूरी द्वार पर बैठा धूप खा रहा था। बैलों को देखते ही दौड़ा और उन्हें बारी-बारी से गले लगाने लगा। मित्रों की आंखों से आनन्द के आंसू बहने लगे; एक झूरी का हाथ चाट रहा था।

दढ़ियल ने जाकर बैलों की रस्सियां पकड़ लीं।

झूरी ने कहा-मेरे बैल हैं।

'तुम्हारे बैल कैसे ? मैं मवेशीखाने से नीलाम लिये आता हूं।'

'मैं तो समझता हूं चुराए लिये आते हो। चुपके से चले जाओ। मेरे बैल हैं। मैं बेचूंगा, तो बिकेंगे। किसी को मेरे वैल नीलाम करने का क्या अख्तियार है!'

'जाकर थाने में रपट कर दूंगा।'

'मेरे बैल हैं। इसका सबूत यह है कि मेरे द्वार पर खड़े हैं।'

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नास्ति कामसमो व्याधिर्नास्ति मोहसमो रिपुः।**
**नास्ति कोपसमो वह्निर्नास्ति ज्ञानात्परं सुखम्।।**

संसार में कामवासना के समान कोई रोग नहीं है, मोह के समान कोई शत्रु नहीं हैं, क्रोध के समान कोई अग्नि नहीं है तथा ज्ञान से बड़ा कोई सच्चा सुख नहीं है।

♦♦♦

# कोरोना फिर हुआ बेकाबू पहले जैसे बढ़ रहे आंकड़े



**-ऋतुपर्ण दवे**

कोरोना की रफ्तार फिर पहले सरीखे गति पकड़ रही है। देश-दुनिया में चिंता है। भारत मेंहर दिन नई-नई आती सूचनाएं डरा रही हैं। उंगलियों पर गिने जाने वाले आंकड़े हफ्ते भर में ही हजारों में पहुंच गए। मरने वालों की संख्या में भी हो रही वृध्दि अलग डराती है। कहां 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। इस रविवार सुबह तक यह आंकड़े 3395 पार गए हैं। मरने वालों की संख्या भी हर रोज बढ़ रही है।सबसे ज्यादा केरल में 1336 सक्रिय मामले हैं।वहीं इससे होने वाली मौतों की शुरुआत भी हो चुकी है जो अभी बहुत ही कम है। लेकिन एक दिन में 685 मामले दर्ज होना, बड़ा इशारा है। महाराष्ट्र में 467 दिल्ली में 375 गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 मामले आए हैं। हांगकांग और सिंगापुर में यह बहुत तेजी से फैलते कोरोना ने भारत में जिस तरह पैर पसारा वो चिंतनीय है।इसके नए वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है जो पहली बार अगस्त 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठनने इसे दिसंबर 2023 में ही 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर साफ किया था कि यह ओमीक्रॉन बी.ए.2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एल.एफ.7 और एन.बी.1.8 की संख्या ज्यादा थी। कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में कुछज्यादा ही असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ने के बाद अब भारत में रफ्तार पकड़ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका कारणलोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावनाओं से इंकार नहीं है। इतना तो लगने लगा है कि सप्ताह भर में ही बढ़े संक्रमण के मामलों में जो उछाल आया है वोचिंताजनक है। चीन से भी छन-छनकर जो निकल रहा है उससे इतना तो पता चल गया कि वहां भी बीते एक महीने में कोरोना के मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन दुनिया को कोरोना देकर भी छुपाने और तबाही की कगार पर पहुंचाने के बाद चीन से जितने सच सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा। इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वो ज्यादा हैं जो या तो कोमर्बिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं।इसमेंप्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियाँ होती हैं जिसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोर्बिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं।लेकिन प्रभावित हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वालों बुजुर्गों, कोमोर्बिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है। केरल के बाद महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में भी कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। उधर अब हॉन्गकॉन्ग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का वो बयान सामने है जिसमें उन्होंने माना किकोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने कीसंख्या अभी साल के महज पाँचवें महीने में हीउच्च स्तर पर पहुंच गई थी। जबकि चीन में श्वांस संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने होनाचिंताजनक है।लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज भी हो सकती है।चीन, थाईलैंड और हांगकांग में वहां की सरकारें अलर्ट पर हैं। साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक यानी डीजीएचएस ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल,भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देश की बड़ी आबादी केदृष्टिगत बढ़ती संख्या कहीं न कहीं चिंता बढ़ाने वाली है। अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख सतर्क और सक्रिय होकर सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरीके से तैयार है।



स्वास्थ्य मंत्रालय पूरी तरीके से सतर्कता के साथहर परिस्थिति पर नजर रखरहा है। हां, देश भर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि सतर्क रहें, सतर्क करें। ऑक्सीजन और वैक्सीन के इंतजाम पर्याप्त रखे जाएं। ईश्वर करे कि वोस्थिति न आए जिसे हमने देखा, भोगा है। लेकिन पुराने कड़ने अनुभव, काली यादें और कोरोना के कुछ साल का दौर कितना भयावह था, याद कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। याद कीजिए कैसे उंगलियों पर गिनने लायक कोरोना के मामले पहले दर्जन से सैकड़ा, फिर हजार और उसके बाद लाखों में पहुंचे। अच्छा हो इस बार इससे शुरू में ही निपट लिया जाए जिसका तरीका हमें अब पता है। यकीनन एक बार फिर वो दौर आ गया है जब 2019-20 जैसे अहतियात और मास्क की जरूरत आन पड़ी है। अच्छा हो कि अभी से सचेत हो जाएं।इस बार ज्यादा चिंता की जरूरत वैसी नहीं है जैसी पिछले बार थी। चूंकि हमने कोरोना से बचना, लड़ना और निपटना सीख लिया है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम लापरवाह हो जाएं। इस बार भी इस वायरस को चुनौती देने के लिए फिर पुरानी और एक तरह से अब परंपरागत कही गतिविधियों यानी मास्क, दो गज की दूरी, हाथ धोने जैसे तरीकों को अपनाना होगा। इस सच्चाई को मानकर चलना होगा कि अब हमें अगले कुछ वर्षों तक कोरोना के साथ ही जीना होगा इसलिए इससे निपटना भी उनता ही जरूरी होगा। बस तो जरूरत है कि सतर्क रहें। जरा से संदेह पर चिकित्सकीय परामर्श में कोताही न करें और फिर पनप रहे कोरोना के बहुरूपिया वायरस को चुनौती दें।

## प्रेरक प्रसंग

### ज्ञान का दीपक

रात का अंधकार वातावरण को अपने आवरण में छुपाने लगा था, शाम के प्राथर्ना के पश्चात गुरु ने अपने एक प्रमुख शिष्य को पुस्तक देते हुए कहा कि इसे आश्रम के भीतर प्रकोष्ट में रख आये।

शिष्य पुस्तक लेकर भीतर गया किन्तु तुरंत ही लौट आया और घबराये हुए स्वर में बोला गुरुदेव, भीतर सांप है।

गुरुदेव बोले कोई बात नहीं, मै तुम्हे सांप भगाने का एक मन्त्र देता हूँ, तुम अंदर जाकर इसका उच्चारण करो। जिससे सांप खुद ब खुद भाग जायेगा।

शिष्य ने वैसा ही किया।। वह थोड़ी देर बाद वापस आया और बोला गुरुदेव, सांप तो अपनी जगह से हिला भी नहीं।

गुरुदेव बोले कोई बात नहीं, शायद तुमने मन्त्र का उच्चारण श्रद्धा पूर्ण नहीं किया है। ऐसा करों एक बार फिर जाओ और पुरे मन से मन्त्र का जाप दोबारा करो। जैसी आज्ञा गुरुदेव, कहकर शिष्य अंदर चला गया। फिर वापस आकर बोला, गुरुदेव सांप तो वैसे का वैसे ही पड़ा है। भगने का नाम ही नहीं ले रहा। ओह, गुरुदेव ने कहा तुम दीपक अंदर लेकर जाओ वह सांप खुद ब खुद भाग जायेगा।

शिष्य दीपक लेकर अंदर गया। थोड़ी देर बाद वापस आकर बोला अंदर तो साप था ही नहीं गुरुदेव, वह तो केवल एक रस्सी थी, जो अँधेरे में मुझे एक सांप के सामान प्रतीत हो रही थी। गुरुजी बोले शिष्य, इसी प्रकार पुरे संसार पर भ्रम छाया हुआ है, जिसे ज्ञान रूपी दीपक और शिक्षा से ही दूर किया जा सकता है। भ्रम का तात्पर्य होता है। सत्य पर असत्य का आवरण, यह भ्रम तब तक दूर नहीं हो सकता, जब तक ज्ञान रूपी आवरण हमारे पास ना हो।

## आपका पत्र मिला

### मणिपुर में फिर सरकार बनाने की कवायद

मणिपुर की हिंसा से पूरा देश आहत था। पिछले दो वर्षो से मणिपुर के हालात खराब है। दो समुदायों के बीच हिंसक झड़पों से मानवता को शर्मसार होती गई। राष्ट्रपति शासन के साथ यह राज्य अब फिर सुर्खियों में है। पूर्वोत्तर के इस हिंसाग्रस्त राज्य में सरकार गठन की कवायद शुरू हो गई है।

म्यांमार से घुसपैठ की पीड़ा को बहुत समय तक सहन करने की मजबूरी आ पड़ी थी। हिंसा में दोनों समुदाय के लोगों की मौतें और जानमाल की हानि हुई।

राष्ट्रपति शासन के बाद अब बात आई है कि मणिपुर में सरकार गठन हो जबकि सरकार बनाने का दावा किसी की तरफ से नहीं किया गया है। किसी भी दल की तरफ से कोई चर्चा नही हुई है। राज्य में अभी शांति है। दो समुदाय के लोगो के बीच वर्षो से वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। मैतेई समुदाय के लोगो ने कुकी समाज तो कुकी समाज के लोगो ने मैतेई समाज के लोगो पर हिंसक झड़पो का सिलसिला कई महीनों तक जारी रखा। लेकिन अब शांति और अमन की तस्वीरें आ रही है। जनता अब राष्ट्रपति शासन नहीं चाहती है। मणिपुर की हिंसा से आम नागरिक परेशान थे। चारों तरफ अराजकता के बाद राष्ट्रपति शासन से जनता घुटन महसूस कर रही थी।अब लोग खुली हवा में सांस लेना चाहते है।

सेंटिमेंट टेस्ट की रणनीति जवाबदार है और इसमें जनता परेशान हो रही है। भाजपा की सोच सरकार बनाने की हो सकती है। मणिपुर में चर्चा जोरों पर है कि अगला मुख्यमंत्री गैर मैतेई और गैर कुकी समाज से होना चाहिए।। इन दोनों समुदाय के बीच ग्यारह का आंकड़ा है और अगर दूसरे समाज से मुख्यमंत्री बनता है तो दोनों समतोल रहेगा।

**कांतिलाल मांडोत**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# बर्फीली पहाड़ियों और अद्भुत नजारों के लिए है बेस्ट अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश घूमने-फिरने के लिए बेहद शानदार जगह है। अगर आप यहां घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो जान लें किन जगहों की सैर बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए मिस।



## रोइंग

रोइंग को अरुणाचल प्रदेश की जान कहा जाता है। साफ-सुथरी नदियां, बर्फ से ढके पहाड़, झील व झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। यहां फरवरी महीने में एक फेस्टिवल भी होता है, जो काफी रोमांचक होता है। दूर-दूर से पर्यटक इसे देखने आते हैं। रोइंग अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी में स्थित है। एडवेंचर से लेकर नेचर लवर्स तक के लिए रोइंग बेहतरीन जगह है। अरुणाचल प्रदेश का चांगलांग अपनी नायाब खूबसूरती के लिए जाना जाता है। ये जगह अरुणाचल की खास संस्कृति और परंपराओं को समेटे हुए है। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से चांगलांग की दूरी 307 किमी. है। चांगलांग समुद्र तल से 200 मीटर से 4,500 मीटर की ऊंचाई तक स्थित है। ये जगह फोटोग्राफी के लिए भी बेहतरीन है।

## महो वाइल्डलाइफ सेंचुरी

रोइंग के सबसे मशहूर पर्यटक स्थलों में से एक महो वाइल्डलाइफ सेंचुरी है. यह अपनी प्राकृतिक सुन्दरता और विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों के लिए यात्रियों के बीच काफी फेमस है. यहां आप बाघ, तेंदुआ, सियार, हिमालयी काला भालू, भारतीय साही, जंगली कुत्ता सहित कई अन्य जंगली जानवरों को देख सकते हैं. इसके साथ ही यहां जड़ी-बूटियों, झाड़ियों, फूलों और पौधों की अलग अलग वैरायटी आपको देखने को मिलेंगी।

## मेचुका वैली


मेचुका वैली अरुणाचल प्रदेश का बेहद शानदार हिल स्टेशन है। जो शि-योमी जिले में बसी है। मेचुका वैली समुद्रतल से लगभग 6000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। नेचर लवर्स को तो ये जगह बहुत पसंद आएगी। अरुणाचल प्रदेश की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देखना चाहते हैं, तो इस जगह को एक्सप्लोर करें। इस जगह को मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से भी जाना जाता है। मेचुका आकर दोर्जिलिंग गांव, हनुमान पॉइंट, गुरु नानक तपोस्थान और गुरुद्वारा, न्यू गोम्पा, मेचुका बस्ती, सैमटेन योंगचा मठ (पुराना गोम्पा) जरूर देखें।



## जीरो वैली

अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबानसिरी जिले में समुद्रतल से लगभग 5500 फुट की ऊंचाई पर स्थित जीरो वैली बेहद खूबसूरत सी जगह है। दूर-दूर तक फैले हरे घास के मैदान, हरे-भरे बांस के जंगल, ऊपर साफ-नीला आसमान आपकी ट्रिप को बना देगा यादगार। जीरो वैली अपनी खास तरह की खेती और समृद्ध वन्यजीव के लिए मशहूर है। यहां खेती के लिए किसी जानवर या मशीन की मदद नहीं ली जाती, बल्कि सारा काम लोग अपने हाथों से करते हैं। जीरो वैली आएं तो टैली वैली वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी, कार्दो हिल्स यहां स्थित शिव लिंगम को देखने का मौका हाथ से न जाने दें।

# इन योगासन के नियमित अभ्यास से मिल सकता है धूम्रपान से छुटकारा



अगर आप या आपके कोई परिचित धूम्रपान छोड़ना चाहते हैं, तो उन्हें प्रोत्साहित करें। धूम्रपान की लत छुड़ाने के लिए सबसे जरूरी है आत्मसंकल्प। उसके बाद कुछ घरेलू तरीके अपनाकर धूम्रपान से छुटकारा पाया जा सकता है। योग भी धूम्रपान की आदत से दूरी बनाने का एक प्रभावी उपाय है। धूम्रपान की लत एक दिन में नहीं जाती, लेकिन योग के सहारे इसे धीरे-धीरे छोड़ा जा सकता है।

**भस्त्रिका प्राणायाम**

यह प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता बढ़ाता है और निकोटिन की वजह से जमा विषैले तत्वों को बाहर निकालता है। ऊर्जा देने वाले इस श्वास अभ्यास के लिए रीढ़ सीधी करके बैठें। गहरी सांस लेते हुए जोर से सांस बाहर निकालें। यह प्रक्रिया तेजी से करें, लेकिन बहुत अधिक बल न लगाएं। इसे 2-5 मिनट तक करें।

**अनुलोम-विलोम प्राणायाम**

अनुलोम-विलोम का अभ्यास मानसिक संतुलन बनाए रखता है और तंबाकू की तलब को कम करता है। इसे नाड़ी शुद्धि प्राणायाम भी कहा जा सकता है। इसे श्वसन अभ्यास के लिए एक शांत स्थान पर सुखासन या पद्मासन में बैठकर दाएं हाथ के अंगूठे से दाहिनी नासिका बंद करें और बाईं नासिका से श्वास लें। अब अनामिका और छोटी उंगली से बाई नासिका बंद करें और दाहिनी नासिका से श्वास छोड़ें। यही प्रक्रिया उलटी दिशा में दोहराएं। इस प्रक्रिया को 5-10 मिनट तक करें।

**कपालभाति प्राणायाम**

यह प्राणायाम शरीर को डिटॉक्स करता है और फेफड़ों की सफाई में मदद करता है। कपालभाति प्राणायाम को शरीर को डीटॉक्स करने वाला अभ्यास कहा जा सकता है। इसके अभ्यास के लिए पद्मासन में बैठकर कमर सीधी रखें। फिर गहरी सांस लें और फिर पेट को अंदर खींचते हुए तेज़ी से सांस बाहर छोड़ें। यह प्रक्रिया लगातार करते रहें। इसे 5-10 मिनट तक करें।

**सेतुबंधासन**

सेतुबंधासन के नियमित अभ्यास से तनाव दूर होता है और मन को शांत मिलती है जिससे क्रेविंग कम होती हैं। सेतुबंधासन का अभ्यास करने के लिए पीठ के बल लेटकर घुटनों को मोड़े। पैरों को हिप्स के पास रखते हुए धीरे-धीरे कूल्हे को ऊपर उठाएं और हाथों को जमीन पर टिकाकर शरीर का सहारा दें।

# तनाव मुक्त जीवन के लिए अपनाएं ये प्रभावी आदतें

क्या आप जानते हैं कि तनाव और चिंता को अपने जीवन पर हावी किए बिना चुनौतियों का सामना करना संभव है? अगर आप सही आदतें अपनाएं, तो आप न केवल अपनी मानसिक स्थिति को सुधार सकते हैं, बल्कि जीवन को भी बेहतर बना सकते हैं। आज हम बात करेंगे कुछ प्रभावी आदतों के बारे में, जो आपको तनाव को प्रबंधित करने और एक शांत, संतुलित जीवन जीने में मदद कर सकती हैं। तो चलिए, जानते हैं इन आदतों के बारे में जो आपकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं!

माइंडफुलनेस, या सचेतनता, एक शक्तिशाली उपकरण है। यह वर्तमान क्षण में पूरी तरह से उपस्थित रहने के बारे में है। माइंडफुलनेस हमें अपनी भावनाओं को स्वीकारने, उनके साथ बैठने और यह समझने का महत्व सिखाती है कि वे अस्थायी हैं। आप दिन में कुछ मिनट सचेतन सांस लेने का अभ्यास कर सकते हैं, जिससे मन और शरीर को आराम मिलेगा।

तनाव और चिंता को संभालने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे लोग जो बड़ी तस्वीर देखते हैं, वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उम्मीद की किरण ढूंढ़ लेते हैं। आत्म-चर्चा और सकारात्मक सोच को विकसित करें, ताकि आप अपने वांछित परिणामों की ओर ध्यान केंद्रित कर सकें। आत्म-करुणा का अभ्यास तनाव और चिंता को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद कर सकता है। जब आप खुद के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना रखते हैं, तो आप अपने अनुभवों से सीखते हैं और आगे बढ़ते हैं। आत्म-करुणा आपको याद दिलाती है कि गलतियों से सीखना महत्वपूर्ण है।



**आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देना**

तनाव का प्रभावी प्रबंधन करने वाले लोग आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देते हैं। आराम के लिए समय निकालें और उन गतिविधियों में शामिल हों जो आपको पसंद हैं। यह समझें कि आप हर किसी के लिए हर समय नहीं कर सकते हैं, और अपने लिए समय निकालना आवश्यक है।

जो हमें मिल चुका है उसके लिए आभारी होना। दृष्टिकोण विकसित करना तनाव और चिंता को प्रबंधित करने का एक प्रभावी तरीका है। हर दिन तीन चीजें लिखें जिनके लिए आप आभारी हैं। यह अभ्यास आपके ध्यान को नकारात्मकता से हटाकर सकारात्मकता की ओर केंद्रित करेगा। यह आपको याद दिलाएगा कि कठिनाइयों के बीच भी जीवन में कुछ अच्छी चीजें हैं।

शारीरिक गतिविधियों से न केवल शरीर बल्कि मन को भी आराम मिलता है। नियमित व्यायाम करने से शरीर में एंडोर्फिन का स्तर बढ़ता है, जो तनाव कम करने में मदद करता है। आप योग, ध्यान या साधारण सैर जैसी गतिविधियों को अपने दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

अपने परिवार और दोस्तों से जुड़े रहें। सामाजिक समर्थन लेने से आपको भावनात्मक स्थिरता मिलती है और आप अपने विचार साझा कर सकते हैं। एक अच्छी बातचीत या किसी करीबी के साथ समय बिताना आपके तनाव को कम कर सकता है। अपने जीवन में सीमाएं निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। यह आपको न केवल काम की अधिकता से बचाएगा, बल्कि आपको व्यक्तिगत समय और आराम का भी अवसर देगा। जानें कि कब नहीं कहना है, ताकि आप अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे सकें। संगीत सुनना एक प्रभावी तनाव-नाशक हो सकता है। अपनी पसंद का संगीत सुनने से आपका मन हल्का होता है और तनाव कम होता है। संगीत के माध्यम से आप अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं और सकारात्मकता प्राप्त कर सकते हैं। अपने शौक और रुचियों में व्यस्त रहना भी तनाव कम करने का एक तरीका है। चाहे वह पेंटिंग हो, लेखन, बागवानी या कोई अन्य शौक, ये गतिविधियां आपको सकारात्मक दिशा में ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकती हैं। इन आदतों को अपने जीवन में शामिल करके आप तनाव और चिंता को प्रबंधित कर सकते हैं। याद रखें, जीवन में चुनौतियां आएंगी, लेकिन एक सकारात्मक दृष्टिकोण और उचित आदतें आपको शांत और केंद्रित रहने में मदद करेंगी।

# ठंडा और गर्म पानी मिलाकर क्यों नहीं पीना चाहिए

भीषण गर्मी से लोगो का बुरा हाल हो रखा है। ऐसे में शरीर मे पानी की कमी न पड़ जाए इसका विशेष ध्यान देना पड़ता है। क्योंकि गर्मी के मौसम में ताजगी और ऊर्जा को बनाए रखने के पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन जरूरी है। लेकिन पानी को सही ढंग से पीए इस बात का भी विशेष ध्यान देना जरूरी है, कि हम पानी का सेवन सही ढंग से करे। चलिए जानते किसी को भी गर्म और ठंडा पानी एक-साथ मिलाकर क्यों नहीं पीना चाहिए क्या आपके साथ भी ऐसा होता है कि आप फ्रिज से पीने के लिए पानी निकालते हैं और फिर ज्यादा ठंडा होने पर उसमें गर्म पानी मिक्स कर लेते हैं। अगर हां तो इस आदत को बदल ले। बताया जाता है कि ठंडा पानी पचाने में भारी होता है,जबकि गर्म पानी हल्का होता है, जब दोनों एक साथ मिलते हैं तो अपच की दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा,



गर्म पानी में बैक्टीरिया नहीं होते जबकि ठंडा पानी दूषित हो सकता है, इसलिए दोनों को मिलाने से गर्म पानी कफ को शांत करता है जबकि ठंडा पानी कफ को बढ़ाता है।

**पानी पीने का सही तरीका**–मिट्टी के बर्तन का पानी सेहत के लिए अमृत समान है। यह साधारण रूप से पानी को ठंडा और शुद्ध रखता है। यहां तक कि यह पानी में मौजूद खनिजों को भी सुरक्षित रखता है। मिट्टी के बर्तन मे पानी पीना आयुर्वेदि के लिहाज से शरीर के लिए काफी अच्छा होता है। मिट्टी के बर्तन में रखे पानी में ऑक्सीजन भी आती-जाती रहती है जो पानी को ठंडा बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही यह पानी आपकी पाचन क्षमता को भी ठीक रखता है। कफ को बिना बढ़ाए आपके शरीर को ठंडा रखता है।

# स्क्रीन की थकान को कम करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

आज के समय में लगभग हर कोई स्क्रीन पर घंटों समय बिताता है। यह तो वह लैपटॉप आदि पर काम किया करते हैं, या फिर अपने फोन पर स्कॉल करते हैं या अपनी पसंदीदा सीरीज देखते हैं। आजकल स्क्रीन पर अधिक समय बिताना रोजमर्रा का हिस्सा बन गया है। जोकि स्क्रीन थकान की समस्या बन सकता है। यह एक ऐसी आधुनिक असुविधा है, जिसकी वजह से सिरदर्द, तनाव, मानसिक थकान और ब्लर्रेड विजन होती है। लेकिन आप कुछ आसान तरीकों को अपनाकर स्क्रीन थकान को कम कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता सकते हैं कि स्क्रीन थकान कम करने के लिए आप किन-किन तरीकों को अपना सकते हैं।

**जानिए क्या है स्क्रीन थकान**– स्क्रीन थकान को कंप्यूटर विजन सिंड्रोम के नाम से भी जाना जाता है। यह टेक इंडस्ट्री में एक आम समस्या है। यह सिंड्रोम तब होता है, जब लंबे समय तक स्क्रीन के इस्तेमाल से आंख के अंदर और इसके आसपास की मांसपेशियां तनावग्रस्त व कमजोर हो जाती है। वहीं यह समस्या उन लोगों को प्रभावित कर सकती हैं, तो चश्मा और कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं। हालांकि स्क्रीन थकान खराब रोशनी, स्क्रीन की चमक, खराब मुद्रा और खराब एर्गोनोमिक सेटअप आदि से हो सकती है।

**20-20-20 नियम**–इस नियम का मतलब है कि हर 20 मिनट में स्क्रीन पर नजरें गड़ाएं, तो 20 सेकेंड ब्रेक लें और फिर 20 फीट दूर किसी चीज को देखें। यह एक्सरसाइज मांसपेशियों को आराम देने में सहायता करता है, जिससे कि लोग ठीक हो सकें और अपने काम पर फोकस कर सकें।

**अच्छी नींद लेना जरूरी**– बता दें कि आंखों और दिमाग को आराम देना बहुतजरूरी होता है। इसलिए रोजाना सोने से 1-2 घंटे पहले स्क्रीन बंद कर दें। वहीं शाम को डिवाइस को डार्क मोड पर सेट कर दें, जिससे कि तेज रोशनी आंखों में न चुभें। वहीं अगर आप रात में वीडियो स्ट्रीमिंग आदि के आदि हैं, तो इसकी जगह आप पॉडकास्ट या ऑडियोबुक सुनने का प्रयास करें।

**डेस्क सेटअप भी बदलें**–कुछ लोगों का मानना होता है कि बड़े आकार के कंप्यूटर मॉनिटर का इस्तेमाल करने से आंखों की थकान कम होती है। वहीं मॉनिटर, लैपटॉप या फिर पर भी आपको फॉन्ट का आकार बड़ा करके इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं अगर आपके पास यह ऑप्शन नहीं है, तो आप रीडिंग मोड चालू करें और फिर फॉन्ट का साइज बढ़ाएं।

# सिर की खुजली से हैं परेशान, अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



गर्मी और उमस के मौसम में शरीर से निकलने वाला पसीना अपने साथ कई परेशानयां लेकर आता है। इन्हीं परेशानियों में सबसे अहम दिक्कत है सिर की खुजली। दरअसल, पसीने की वजह से सिर में खुजली होने लगती है, जो काफी परेशान कर देती है। बार-बार सिर धोने के बावजूद इससे छुटकारा नहीं मिलता है। यदि आप भी सिर की खुजली से परेशान हैं, तो हम आपको यहां दो ऐसे नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके सिर की खुजली एकदम गायब ही हो जाएगी। इन नुस्खों को आजमाने के लिए आपको बस पहले एक बार पैच टेस्ट करना है, और उसके बाद इन्हें आजमाकर देखना है।

**नीम की पत्तियां आएंगी काम**

यदि आपके घर के आस-पास नीम का पेड़ है, तो उसकी पत्तियां आपके सिर की खुजली को एकदम से दूर कर देंगी। इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण न सिर्फ सिर की खुजली को गायब करते हैं, बल्कि इसके साथ-साथ स्कैल्प की कई परेशानियों को भी दूर करने का काम करते हैं।इसका इस्तेमाल काफी आसान है। नीम की पत्तियों को इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले तो इन्हीं अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें। इसके बाद इन पत्तियों को ब्लैंडर में डालकर महीन पीस लें। अब इस पेस्ट को अपनी स्कैल्प पर लगाएं और आधे घंटे के बाद बालों को धो लें। फिर इसका असर देखें। एक ही बार इस्तेमाल करने के बाद आपके सिर से खुजली गायब हो जाएगी।

**नींबू का रस है मददगार**

नींबू का रस यदि आप अपनी स्कैल्प पर लगाएंगे, तो इससे आपके सिर की खुजली पूरी तरह से गायब हो जाएगी। इसमें पाए जाने वाले तत्व स्कैल्प पर जमा डैंड्रफ को हटाने में भी मददगार रहते हैं। इसका इस्तेमाल काफी आसान है, बस ध्यान रखें कि इसके इस्तेमाल से आपको एलर्जी हो सकती है। इसलिए पैच टेस्ट के बाद ही इस्तेमाल करें। यदि आपको इससे किसी प्रकार की एलर्जी का डर नहीं है तो सबसे पहले नींबू का रस एक कटोरी में निकाल लें।

इसके बाद कॉटन पैड यानी कि रुई की मदद से इसे अच्छी तरह से अप्लाई करें। आधे घंटे इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर अपने बालों को हल्के शैंपू से धोकर साफ कर लें। इससे भी सिर की खुजली गायब हो जाएगी।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 2 जून 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, सप्तमी तिथौ सोम वासरे 20/36/ मघा नक्षत्रे 22/56/ व्याघात योग 08/21/ गर करणे 08/18/ सिंह वृष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- भद्रा प्रारम्भ घं.20 मि.36से।

**मेष** : दांपत्य जीवन सामान्य। विचारों में परिवर्तन अनुभव करेंगे। घरेलू मांगलिक कार्यों की चिंता रहेगी।

**वृष** : सामाजिक अथवा जातिगत संस्थानों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कला संस्कृति से संबंधित कार्य में व्यस्तता संभव है। मित्रों से मेल संभव होगा।

**मिथुन** : चर्चाओं में कष्ट होगा। शत्रु पर प्रभाव बनेगा। मान-सम्मान बना रहेगा। वाद विवाद टाले। धन आगमन।

**कर्क** : नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। परिवार में तनाव रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**सिंह** : साझेदारी के व्यापार में हानि होगी। सत्परामर्श से लाभ होगा। अभाव गस्तता दूर होगी। व्यक्तित्व विकास होगा।

**कन्या** : शारीरिक अरोग्यता रहेगी। सत्कर्म की वृद्धि होगी। संतान चिंता रहेगी। शत्रु पख की प्रबलता रहेगी।

**तुला** : आरोग्य सुख प्राप्ति होगी। राज्य अधिकारीयों का सहयोग मिलेगा। लेनदेन के प्रकरण निबटेगे। सुख साधनों पर खर्च होगा।

**वृश्चिक** : मान-हानि भय रहेगा। व्यापार में सामान्य बाधा रहेगी। व्यय भार में कमी कठिन होगी। सत्परामर्श का लाभ होगा।

**धनु** : कार्य योजना में परिवर्तन करेंगे। लाभप्रद स्थितियां रहेगी। आकस्मात जिम्मेदारी वहन करनी पड़ेगी। मित्र समागम होगा।

**मकर** : आर्थिक योजनाएं सिद्धप्रद होंगी। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा। वाणी कौशल से कार्य पूर्ण होंगे। क्रोधाधिक्य त्यागें।

**कुंभ** : मनोरंजन आदि पर अति व्यय सं बचे। अर्था भाव आएगा। परिजनो की चिंता। नए अवसरों को टाले नहीं।

**मीन** : पठन-पाठन में रुचि रहेगी। संचित कोष बढ़ेगा। जमीन जायदाद की चिंता रहेगी। यात्रा से लाभ होगा।



स्वतंत्र भारत

# सीतापुर और आसपास

लखनऊ, सोमवार, 02 जून 2025 ८




## पात्रों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाये-अरूण प्रकाश

### विशेष सचिव नगर विकास अरुण प्रकाश द्वारा आकांक्षात्मक विकास खंड बिसवां का किया भ्रमण

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर । विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, अरुण प्रकाश द्वारा आकांक्षात्मक विकास खंड बिसवां अंतर्गत ग्राम पंचायत कदुनी के विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था तथा स्वच्छता से संबंधित शौचालय और स्वच्छ पेयजल जैसी सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके साथ ही अरुण प्रकाश जी द्वारा स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र का भी दौरा किया गया, जहां उन्होंने बच्चों और माताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कमुआ में प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों से भेंट की और उनकी विधियों की जानकारी ली। अरुण प्रकाश ने किसानों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे ग्रामीणों को रोज़गार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाई जाए और इस कार्य को एक जन आंदोलन का रूप दिया जाए जिससे गांवों में आत्मनिर्भरता को बल मिले। इस अवसर पर विकास खंड बिसवां के बीडीओ सुमित सिंह, ए०बी०पी०/सी०एम० फेलो ओंकार प्रसाद गुप्ता सहित ब्लाक स्तरीय सभी अधिकारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेसियों ने किया प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का टोल टैक्स पर स्वागत

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। स्थानीय टोल टैक्स पर शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का सीतापुर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं कांग्रेसियों से मुलाकात की और जननायक राहुल गांधी के मिशन एवं मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को सभी से आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष शिशर बाजपेई,जिला अध्यक्ष डा. ममता वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित इकबाल अंसारी धीरेश कश्यप संजय सनी नरेंद्र वर्मा, संजय दीक्षित डा. मशरूर अली, राकेश कुमार पाल रिजवान खान अहमद अंसारी,श्यामू पांडे,रिजवान खान सत्रोहन लाल, रेहाना खातून, अंकित आदि मौजूद रहे।



## पानी की टंकी गिरने के आरोप में दोषी ठेकेदार गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। विकास खंड पहला के चुनका गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी गिरने के मामले में जल निगम के अधिशाषी अभियंता की तहरीर पर ठेकेदार पर एफ्आईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने रविवार को आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मालूम हो कि विकास खंड पहला के चुनका गांव में ५.३१ करोड़ की लागत से बनाई गई पानी टंकी गुरुवार की दोपहर भरभराकर गिर गई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि टंकी के निर्माण में मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया गया। मामले में शासन द्वारा टेक्निकल आडिट कमेटी को मौके पर भेजकर विस्तृत जांच के निर्देश दिए गये थे। सीतापुर डीएम द्वारा भी तीन सदस्यीय समिति का गठन का जांच कराई जा रही है। शुक्रवार को टंकी गिरने के मामले में टंकी निर्माण की कार्यदाई संस्था एनसीसी लिमिटेड को बचाते हुए जल निगम के अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार ने तहरीर पर ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी भिटहरी लखनऊ पर एफ्आईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि ठेकेदार ने शासन के महत्वपूर्ण योजना की छवि धूमिल की और सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया। पुलिस पुलिस केस दर्जकर आरोपी को तलाश कर रही थी। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह, एसएसआई अरविंद कटियार, एसआई दीपक राठौर ने आरोपी ठेकेदार विजय कुमार को उनके लखनऊ स्थित आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सांसद राकेश राठौर ने मनायी रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। सांसद-राकेश राठौर ने अपने आवास पर धनगर समाज के लोगों के द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर की ३००वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर अशोक बघेल, शंकर लाल बघेल, तेज प्रताप बघेल, मुन्नालाल पाल, अशोक धनगर, महेश पाल ,ओमप्रकाश पाल। इस दौरान अन्य तमाम गणमान्य साथी उपस्थित रहे।



## दिव्यांगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाये-राज कुमार

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जो जनपद सीतापुर के निवासी हैं जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र ४० प्रतिशत या उससे अधिक का बना हुआ है। जिन्हे मार्च २०२२ के बाद उपकरण प्राप्त नही हुए है, ऐसे दिव्यांगजन अपनी दिव्यांगता के अनुसार जैसे ट्राईसाइकिल, बैशाखी, व्हीलचेयर, स्मार्टकेन, कान मशीन, वाकर, छड़ी एवं लेप्रोसी किट आदि उपकरण प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजन सषक्तीकरण विभाग के द्वारा चिन्हांकन शिविर का आयोजन विकास खण्ड रेउसा, विकास खण्ड सकरन, विकास खण्ड मछरेहटा, विकास खण्ड गोदलामऊ एवं विकास खण्ड परिसर कसमण्डा में आयोजित किया गया, जिसमें ३०९ आवेदन प्राप्त हुये है। इसके अतिरक्त ३०.०५.२०२५ को विकास खण्ड सिधौली, ०२. ०६.२०२५ को विकास खण्ड मिश्रिख, ०४.०६.२०२५ को विकास खण्ड पिसावां, ०६.०६.२०२५ को विकास खण्ड बिसवां, ०९.०६.२०२५ को विकास खण्ड महमूदाबाद,११ को विकास खण्ड परसेण्डी, ३.०६.२०२५ को विकास खण्ड खैराबाद, १६.०६.२०२५ को विकास खण्ड बेहटा, १८.०६.२०२५ को विकास खण्ड लहरपुर, २०.०६.२०२५ को विकास खण्ड एलिया, २३.०६.२०२५ को विकास खण्ड महोली, २५.०६.२०२५ को विकास खण्ड पहला, २७.०६.२०२५ को विकास खण्ड रामपुरमथुरा, ३०.०६.२०२५ को विकास खण्ड हरगांव के विकास खण्ड परिसर में चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहुंचकर उपकरण प्राप्त करने हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, जिसमें दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटो, मोबाइल नम्बर लेकर उपस्थित होना है। उक्त तिथियों में पहुंचकर उपकरण प्राप्त करने हेतु अपना रजिस्टेशन करा लें, जिसमें निम्न प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित होना है।

## सांसद के प्रतिनिधि बने प्रदीप सिंह चौहान, खुशी की लहर

( स्वतंत्र भारत )
बिसवां-सीतापुर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व गन्ना समिति चेयरमैन प्रदीप सिंह चौहान को जनपद के सांसद राकेश राठौर ने विधान सभा बिसवा का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। उनके मनोनयन से कांग्रेस जनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह चौहान के विधान सभा बिसवा सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. ममता वर्मा,पूर्व एम एल सी हरीश बाजपेयी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिशिर बाजपेयी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश गौड़,सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी काशी राम भार्गव,पूर्व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मो.गुफरान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चन्द्र गौड़, प्रदेश महासचिव आई टी सेल रजनीश मिश्रा,नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी,युवा कांग्रेस नेता मुजीब खां, कांग्रेस नेता राम सागर कोरी,हरीश वर्मा,कंमरुल हसन आदि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं!

## आज पूरा विश्व पर्यावरण असंतुलन से जूझ रहा है-जयप्रकाश रावत

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। आज पूरे विश्व पर्यावरण असंतुलन से जूझ रहा है। तीन सौ वर्ष पूर्व देश की जागरूक दूरदृष्टा अहिल्याबाई होल्कर ने पर्यावरण को बचाने के लिए मुहिम चलाई थी और प्रत्येक किसान से वट, गूलर, पीपल जैसे आक्सीजन के स्रोत के पौधरोपण किसानों से कराया था। अहिल्याबाई होल्कर ने समाज में न्याय व कुरीतियों के दमन तथा महिलाओं में शिक्षा को लेकर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए थे किन्तु देश के कर्णधारों ने अहिल्याबाई जैसे व्यक्तित्व को उपेक्षित रखा। आज हमें उनके चरित्र और कृतित्व को जानकर प्रेरणा लेने की जरूरत है। उक्त बातें सात बार से हरदोई लोकसभा से सांसद जयप्रकाश रावत ने सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जयंती अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि न्याय की देवी के रूप प्रतिष्ठित आदिवासी महिला अहिल्याबाई होल्कर ने आजीवन अपना जीवन लोक कल्याण धार्मिक स्थलों का पुर्निमाण, महिला और समाज सुधार आदि काम किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रामनगर से पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर को पूर्ववर्ती सरकारों ने दूर रखा। हमारी सरकार ने महिला सशक्तीकरण के माध्यम से अहिल्याबाई होल्कर जी के व्यक्तित्व को देश के सामने रखा। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज के क्षेत्र में बढ़चढ़कर सहयोग करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कंचनप्रभा पाण्डेय ने अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तिव और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महिला सशक्तीकरण की एक मजबूत मिसाल बताया। कार्यक्रम को अभियान संयोजक जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ल ने भी सम्बोधित किया। अतिथियों का स्वागत संस्था चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी चेयरमैन वागीश दिनकर, शिक्षक यशपाल वर्मा, बरखा जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष महमूदाबाद कमलेश राजपूत और देहात मण्डल अरविन्द यादव ने माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह और बैज अलंकरण कर किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता, महाराणा प्रताप, दीन दयाल उपाध्याय और माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर जिला संघ चालक आरएसएस राजाराम, जिला कार्यवाह देवेन्द्र, भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, मोहन प्रसाद बारी, अंकुश राज विश्वकर्मा, रामप्रवेश प्रजापति, चक्रसुदर्शन पाण्डेय, रमाशंकर वर्मा, संजय वर्मा, उमेश वर्मा, अतुल वर्मा, रमेश वर्मा, आरजे वर्मा, उमाशंकर वर्मा, अशोक नाग आदि उपस्थित रहे।

## बंदियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए-सुजीता कुमारी

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी ने आज जनपद सीतापुर में विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के पहले चरण में सुजीता कुमारी ने जिला कारागार सीतापुर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने महिला बंदी गृह की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महिला बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं विधिक सहायता से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंदियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए और उन्हें विधिक परामर्श भी नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम केसरा, विकास क्षेत्र मछरेहटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, छात्राओं की उपस्थिति तथा शिक्षिकाओं के कार्य निष्पादन की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया गया कि छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। साथ ही मछरेहटा स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के शौचालय में गंदगी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि शौचालय की साफ-सफाई निरन्तर करायी जाये, जिससे मरीजों और तीमारदारों को कोई परेशानी न होने पाये। निरीक्षण के दौरान सदस्य ने यह भी कहा कि बालिकाओं और महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा राज्य महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## पत्रकार समाज का प्रमुख अंग है-वेद प्रकाश श्रीवास्तव

( स्वतंत्र भारत )
महमूदाबाद-सीतापुर। पत्रकार समाज का प्रमुख अंग है। हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले पं. जुगल किशोर ने तब शायद कल्पना भी नहीं की होगी कि हिंदी पत्रकारिता का जो पौधा उन्होंने रोपा है वह एक दिन विशाल वटवृक्ष बन जाएगा। 'उदंत मार्तन्ड' और उस समय के उन पत्रकारों ने अपनी कलम से ब्रिटिश हुकूमत हिला दिया था। यह साप्ताहिक अखबार था, जो हर हफ्ते मंगलवार को पाठकों तक पहुंचता था। यह बात सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सीता ग्रुप आफ एजूकेशन में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ ने समाज हित में दायित्वों और अपेक्षाओं को निष्ठा के साथ पूरा किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएचसी अधीक्षक डा. आशीष वर्मा और कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने भी हिंदी पत्रकारिता दिवस की महत्ता पर अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत महमूदाबाद अवध पत्रकार संघ के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्रीश रस्तोगी आदि ने माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर सुधीर श्रीवास्तव, इरफान मंसूरी, अनुज जैन, जितेंद्र वर्मा, आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, दिलीप वाजपेयी, दीपक गुप्त, अनुज वर्मा, शशांक शुक्ल, विष्णु पोरवाल, अमित वाजपेयी, सुधीर वर्मा, जियाउल, अब्दुल्ला, तुफैल अहमद, सुनीता गौतम, लक्ष्मी गुप्ता आदि उपस्थित रहे। हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर चारधाम की यात्रा पर निकली क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने वीडियो काल के माध्यम से महमूदाबाद प्रेस क्लब निर्माण के लिए शासन स्तर से भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने महमूदाबाद अवध पत्रकार संघ के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी की मांग पर कहा कि जल्द ही इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे। पत्रकारों के लिए महमूदाबाद प्रेस क्लब का निर्माण किया जाएगा।

## डीपीएस में लीज़र एंड लर्न 3.0 का सफल आयोजन

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल, में २६ मई से ३१ मई २०२५ तक




ग्रीष्मकालीन शिविर लीज़र एंड लर्न ३.० का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन के अवसर प्रदान करना था। यह समर कैंप जूनियर विंग की हेड मिस्ट्रेस सविता सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया गया एवं समन्वय का कार्य साक्षी मिश्रा द्वारा किया गया। उनके कुशल नेतृत्व और संचालन से कैंप में अनुशासन, उत्साह और रचनात्मकता की अनूठी झलक देखने को मिली। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें प्रमुख थे। योग, जुम्बा, ताइक्वांडो, कैलिग्राफी, संगीत एवं नृत्य, मूवी शो, फ्लेम फ्री फीस्ट, टेबल मैनर्स, कम्युनिकेशन स्किल, शिष्टाचार और एटीकेट, ब्रेन जिम, आर्ट एंड क्राफ्ट, पाटरी, स्केटिंग और लान टेनिस। शिविर का समापन ३१ मई २०२५ को वैलिडिक्टरी सेशन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएस के प्राचार्य आर. के. सिंह तथा सीनियर विंग की हेड मिस्ट्रेस फरह इमाम उपस्थित रही । उन्होंने प्रतिभागी छात्रों को उनके उत्साह, रचनात्मकता और अनुशासन के लिए सराहा तथा उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। समर कैंप लीज़र एंड लर्न ३.० ने न सिर्फ छात्रों को नई-नई चीजें सीखने का अवसर दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल और सामाजिक व्यवहार को भी सुदृढ़ किया।

## खेत तालाब योजना में कुल 50 खेत तालाबों का लक्ष्य हुआ प्राप्त

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। भूमि संरक्षण अधिकारी ने सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि जनपद सीतापुर को वित्तीय वर्ष २०२५-२६ में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक पर ड्राप मोर काप उपघटक अदर इंटवेंशन योजना अन्तर्गत वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना मे कुल ५० खेत तालाबों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमे सामान्य प्रकार के ३० खेत तालाब एवं पूर्व में सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित लाभार्थी कृषकों के २० खेत तालाब है। सामान्य प्रकार के ३० खेत तालाबों में २९ सामान्य जाति एवं ०१ खेत तालाब अनुसूचित जाति एवं पूर्व में सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित के २० खेत तालाबो में १९ सामान्य जाति एवं ०१ खेत तालाब अनुसूचित जाति का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमे पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर जो भी किसान भाई योजना का लाभ लेना. चाहते है वें ०२.०६.२०२५ को अपरान्ह १२.०० बजे से विभागीय पारदर्शी किसान सेवा योजना पोर्टल पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष २०२५-२६ खेत तालाब हेतु बुकिंग लिंक पर जाकर क्लिक कर बुकिंग/टोकन जनरेट कर सकेगें। किसान भाई अधिक जानकारी के लिये कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, विकास भवन, में वीरेन्द्रं कुमार, अवर अभियन्ता मो०नं०-९४५३८४८२५८ तथा कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी महोली, कक्ष संख्या-२२३ विकास भवन, मे सुनील कुमार, अवर अभियन्ता मो०नं०-७९०५५२०८२८ से सम्पर्क कर सकते है । इच्छुक कृषक आवेदन हेतु आनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरान्त १० दिवस के अन्दर आनलाईन पेमेन्ट के माध्यम से टोकन धनराशि रू. १०००.०० एवं खेत तालाब हेतु बिल अपलोड कर सकते हैं। पूर्व में सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित लाभार्थी कृषक कृषि विभाग के पोर्टल पर सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित किये जाने के साक्ष्य के साथ पंजीकरण करेंगे। सामान्य प्रकार के लाभार्थी को खेत तालाब योजना का लाभ लेने हेतु पहले उधान विभाग की साइट पर पंजीकरण कराते हुए त्रिपक्षीय समझौता के अन्तर्गत सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करवानी आवश्यक होगी। ऐसे लाभार्थी जिन्होंने पंजीकरण तिथि तक उद्यान विभाग के माध्यम से सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित कर लिया है एवं खेत तालाब योजना के अन्तर्गत तालाब निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया है, को पम्पसेट (डीजल एवं इलेक्ट्रिक) पर ५० प्रतिशत अथवा रु. १५००० जो कम हो का अनुदान दिया जाएगा।

## महंत अवैद्यनाथ की मनायी गयी जयंती

( स्वतंत्र भारत )
महमूदाबाद-सीतापुर। सामाजिक समरसता के प्रतीक व प्रेरणा पुरूष, गोरक्षनाथ के पीठाधीश्वर, रामजन्म भूमि आंदोलन के संरक्षक, सांसद रहे ब्रह्मलीन पूज्य महंत अवैद्यनाथ की जयंती पर लक्ष्मी गणेश सुख समृद्धि भंडार कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा अपने पैतृक ग्राम बैसनपुर में कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर राजेश सिंह ने कहा कि महंत अवैधनाथ न केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि उन्होंने सामाजिक समरसता, शिक्षा और धर्म प्रचार के क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य किए। उनके नेतृत्व में गोरक्षपीठ ने अनेक जनकल्याणकारी कार्यों की शुरुआत की। उन्होंने महंत जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि महंत अवैधनाथ एक युगदृष्टा संत थे जिन्होंने राष्ट्र, धर्म और लोककल्याण को एक नई दिशा दी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में रामबक्श सिंह, उदय राज सिंह, रामगोपाल सिंह, मनीष सिंह, प्रमोद तिवारी, बालक राम, कौशलेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद, आटोलिफ्टर गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी/छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली विशाल गुप्ता के नेतृत्त्व में थाना महोली पुलिस टीम द्वारा शातिर आटोलिफ्टर सूरज पुत्र संतोष कुमार मूल निवासी चमखर थाना महोली हालपता भगवानपुर थाना कोतवाली देहात सीतापुर को चमखर रेल्वे लाइन के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त से मौके/निशानदेही से कुल ०३ अदद चोरी की मोटरसाईकिलें मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट,काली रंग की बरामद हुई हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि बरामद बाइक जिला महिला अस्पताल के पास से २४/ २५ मई की रात मे, मोटरसाइकिल को लगभग १५ दिन पहले जिला महिला अस्पताल के पास से रात में भी जिला महिला अस्पताल के पास से ०३/०४ मई की रात मे चोरी की थी। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री ने आयुर्वेद महाविद्यालय का किया निरीक्षण

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र उर्फ दयालू ने एसआरएम राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, के प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो. डी. के. मौर्य संग भ्रमण किया( मंत्री ने सर्वप्रथम कॉलेज के सभागार में भगवान धन्वन्तरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। उन्होंने चिकित्सकों से सामाजिक भाव के साथ रोगियों की सेवा करने, नवाचार एवं छात्रों में भी अच्छे चिकित्सक बनने हेतु कॉलेज के संसाधनो यथा शल्य विभाग में क्षार सूत्र चिकित्सा, पंचकर्म विभाग आदि में हो रहे कार्यों में भाग लेने वा नवाचार हेतु प्रोत्साहित किया। मंत्री ने डॉ. मनोज कुरील से उनके द्वारा शल्य विभाग में हो रहे कार्यों एवं अन्य विभागों में असाध्य रोगों के सफल इलाज का संदेश जनमानस तक पहुंचाने का सुझाव दिया जिससे उन जैसे अन्य रोगियों को भी लाभ मिल सके। मंत्री ने शरीर रचना विभाग, पुस्तकालय, डिजिटल लाइब्रेरी, द्रव्य गुण विभाग, रस शास्त्र विभाग, पंचकर्म हॉल, शल्यक्रिया ऑपरेशन थिएटर, दंत विभाग, पैथोलॉजी, गठिया सेंटर, स्क्रीनिंग कक्ष एवं पंजीकरण कक्ष का भ्रमण कर वहां हो रहे कार्यों की प्रशंसा की उन्होंने संस्थान के जिम का भी भ्रमण किया। स्थानीय कैन्ट विधायक संजीव अग्रवाल भी उपस्थित रहे, उन्होंने कॉलेज परिसर हेतु स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आयुर्वेद निदेशालय से शिक्षा प्रभारी डॉ. संतोष सिंह, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. चन्द्रभान सिंह, प्रो. प्रीति शर्मा डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. शांतुल गुप्ता, डॉ. दीपक आहूजा, डॉ. अरुणेन्द् सिंह, डॉ. अजय यादव, डॉ. रिकी, डॉ. मधु, डॉ. वंदना आदि उपस्थित रहे।

### घर में अकेली महिला को युवक ने बदनियती से पकड़ा, मुकदमा दर्ज

**फरीदपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला को घर में अकेला देख उसके ही गांव का एक युवक तमंचा लेकर घुस गया और तमंचे के बल पर उसे बुरी नजर से पकड़ लिया और उसके साथ जबरन छेड़खानी करने लगा महिला के शोर मचाने पर आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार की दोपहर समय लगभग 1:00 बजे अपने घर में अकेली थी तभी गांव का ही एक युवक तमंचा लेकर घर में घुस आया और उसने तमंचे के बल पर बुरी नीयत से उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे जमीन पर गिरा दिया पीडिता ने अपनी आबरू बचाने के लिए शोर मचाया शोर शराबा सुनकर पास पड़ोस के लोग पहुंच गए तभी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीडिता ने आरोपी युवक के खिलाफ घटना की तहरीर थाना पुलिस को देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में युवक की हत्या, आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र में एक युवक अरशद उर्फ गुड्डू की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद फरार चल रहे आरोपी आमिर पुत्र जलील अहमद को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। यह मुठभेड़ 99 बीघा का खेत , पीलीभीत बाईपास रोड के पास हुई, जहां आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में आमिर के पैर में गोली लगी और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हत्या की यह वारदात 31 मई को हुई थी, जब वादी जहीर अहमद ने थाना बारादरी में तहरीर दी कि उनके पुत्र अरशद पर मोहल्ला कांकरटोला में चाकू से जानलेवा हमला हुआ है। गंभीर रूप से घायल अरशद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी आमिर और उसके बेटे फरमान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

मुठभेड़ के दौरान आमिर के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक चला हुआ कारतूस, एक जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आमिर ने हत्या की बात स्वीकार की और बताया कि उसे शक था कि अरशद उसकी पत्नी से अवैध संबंध रखता था। आरोपी का कहना है कि उसने कई बार अरशद को समझाया, लेकिन वह नहीं माना और अक्सर उसके घर आने-जाने लगा। इससे मोहल्ले में बदनामी हो रही थी और बच्चों पर भी गलत असर पड़ रहा था। इसी कारण उसने अरशद को मारने की ठान ली।

आरोपी पहले ट्रक ड्राइवर था और फिलहाल ई-रिक्शा चलाता है। उसके छह बच्चे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## आचार्य चाणक्य का व्यक्तित्व आज भी प्रासंगिक है: मेधावृत शास्त्री

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शिविर कार्यालय बिहारीपुर पर विश्व ब्राह्मण दिवस के उपलक्ष्य में आचार्य चाणक्य का भावपूर्ण स्मरण करके मनाया गया। अध्यक्षता मेधावृत शास्त्री ने की और संचालन मंडल महामंत्री विशाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र के वाचन से हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने आचार्य चाणक्य के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर आचार्य चाणक्य के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने कहा कि आचार्य चाणक्य राजनीति और प्रशासन के विशेषज्ञ के रूप में विख्यात हुए। उनकी कृतिअर्थशास्त्र में निहित वाक्यांश नीति के श्लोक हैं, जिनमें समाज और देश के नेतृत्व और प्रशासन प्रणाली पर सम्यक् प्रकाश डाला गया है।

अध्यक्षता करते हुए मेधावृत शास्त्री ने विश्व ब्राह्मण दिवस की सार्थकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि ब्राह्मण मात्र एक जाति नहीं है, वरन् भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है जो धर्म एवं कर्म में रचनात्मकता का आभास हमेशा कराता है। ब्राह्मण सर्व भूत हिते रता- की कामना करके राष्ट्र सेवा करता ही है।

कार्यक्रम में पं. दीपक शर्मा ने आचार्य चाणक्य के नीति श्लोकों का वाचन किया और उनके अर्थ समझाये।

विश्व ब्राह्मण दिवस के कार्यक्रम में अवध किशोर शुक्ला, मदनलाल शर्मा, शौर्य पचौरी, अरुण शुक्ला, मुकेश पांडे, अजयराज शर्मा, प्रखर पाठक, प्रमोद मिश्रा, डा मनोज मिश्रा, अखिलेश शर्मा, अनिल शर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## नगर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण नहीं हटवा पा रहा पालिका प्रशासन

-स्वतंत्र भारत-





**फरीदपुर।** नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण नगर के मुख्य मार्गो पर फैला अतिक्रमण नासूर बन चुका है। बरसों से नगर के मुख्य मार्गो पर फैले अतिक्रमण को लेकर न जाने कितनी शिकायतें की जाती रही है प्रतिवर्ष नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण हटाने का अभियान चलता है मगर यह अभियान हर बार रस्म अदायगी बंन कर रह जाता है। पालिका प्रशासन ने अभी तक इसका स्थाई समाधान करने का कोई प्रयास नहीं किया है। इसी का कारण है कि नगर में अतिक्रमण आज बेकाबू होता जा रहा है। बिगत दोनों फिर एक बार पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की मगर फिर वही हुआ जो पूर्व में होता आया है एक दिन ही अभियान चलकर समाप्त हो गया यही कारण है कि अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है और वह निडर होकर सड़कों पर अतिक्रमण किए हुए हैं। नगर के मुख्य मार्गो पर फैले अतिक्रमण के चलते आम लोगों का निकलना भी दुश्वार हो गया है। नगर के मेंन बाजार में कामिल के बाग से लेकर बीसलपुर मोड तक सड़क के दोनों तरफ फल ठेले बालों ने सड़क पर ही दुकान लगा ली है जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के चलते रोजाना जाम लगने की समस्या बनी रहती है जिससे पैदल आने जाने वाले राह गीरों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यही हाल स्टेशन रोड बुखारा रोड पडेरा रोड व बीसलपुर रोड का है यहां पर भी फल ठेले वालों ने अपनी दुकाने सड़क पर लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। बीसलपुर रोड एवं बुखारा रोड पर दुकानदारों ने भी अपना सामान दुकान के बाहर सड़क पर लगा रखा है जिस कारण अतिक्रमण का और भी बुरा हाल हो गया है इन मार्गो पर प्राइवेट टेंपो चालक भी रोड पर ही अपने वाहनों को खड़ा कर सवारियां बैठाते हैं जिस कारण पैदल गुजरने वाली रहागीरों को और भी परेशानी उठानी पड़ती है। और हर दिन जाम लगने की समस्या बनी रहती है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भी नगर के मुख्य मार्गो पर फैले अतिक्रमण को लेकर पालिका एवं तहसील प्रशासन को शिकायती पत्र देकर समय-समय पर आक्रमण हटाए जाने की मांग की जाती रही थी मगर हर बार पालिका प्रशासन मात्रा अतिक्रमण हटाओ अभियान की खाना पूरी कर इसे समाप्त कर देता है।

पालिका की लापरवाही के कारण ही नगर के मुख्य मार्गो पर फैला अतिक्रमण नासूर बन चुका है जब तक इस पर कठोर कार्रवाई नहीं होती है तब तक यहां के अतिक्रमण से लोगों को निजात मिलने वाली नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### ४२ किलो डोडा, एक टेम्पो समेत ३ तस्कर गिरफ्तार



**बरेली।** थाना आंवला पुलिस ने रात्रि में मुखबिर की सूचना पर दबिश के दौरान ग्राम किशनपुर गौटिया के पास से तीन अभियुक्त भूपराम पुत्र खमानीराम निवासी ग्राम किशनपुर गौटिया थाना आँवला, होराम पुत्र नेतराम निवासी ग्राम कुसुमरा थाना आवंला, जगदीश पुत्र दौलतराम निवासीग्राम किशनपुर गौटिया थाना आँवला, 42 किलो डोडा चार प्लास्टिक के कट्टे में एवं एक टैम्पू नम्बर यूपी25 एचटी 4893 सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के सम्बन्ध में एनडीपीएस एक्ट की धारा में पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि सचिन कुमार, उनि आकाश कुमार,उनि कुलदीप कुमार, कांस्टेबल रवि कुमार, चन्द्र प्रकाश मौजूद रहे।

### हाईटेंशन लाइन में सरिया छूने से राजमिस्त्री गम्भीर रुप से झुलसा

**फतेहगंज पूर्वी।** रविवार को क्षेत्र के गांव शाहपुर बनियान में एक राजमिस्त्री अब्दुल सईद मकान में निर्माण कार्य कर रहा था।सुबह नौ बजे जब उसने कॉलम में डालने के लिए सरिया ऊपर उठाई तभी सरिया ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन में टच हो गई और अब्दुल सईद करेन्ट से चिपक गया।काफी देर तक अब्दुल करेन्ट से चिपककर तडफता रहा था जब मकान मालिक इरसाद और अन्य मजदूरों ने देखा तो उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन पर जानकारी देकर लाइट की सप्लाई बंद करवाई तब तक अब्दुल बुरी तरह झुलस चुका था उसकी पत्नी नादरीन ने बताया कि अब्दुल के शरीर से लपटें निकलने लगी थी।

आनन फानन में घरवाले गांव वालों की मदद से घायल को फरीदपुर उपचार हेतु लेकर गए जहाँ डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए बरेली रेफर कर दिया। परिजनों ने अब्दुल को बरेली निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत मामले में तीन के खिलाफ हत्या की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

**भुता।** थाना क्षेत्र के गांव सहजनपुर में सप्ताह भर पहले गांव में तालाब के किनारे पड़ी खाली झोपड़ी में गांव के कृष्णकुमार का शव मिला था । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर। शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर मृतक के बेटे की तरफ से गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ नाम दर्ज प्राथमिकी लिखी गई है। पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

मृतक कृष्ण कुमार के बेटे ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया। मेरे पिता का लगभग 2 महीने पहले गांव के ही पड़ोसी गिरजेस, राजू व भूरे इन तीनों लोगों से 25000 रुपए चोरी को लेकर झगड़ा हुआ था। उक्त तीनों लोगों ने मेरे घर की बैठक में बैठे मेरे पिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। अतः इन्हीं तीनों लोगों ने मौका पाकर मेरे पिता की हत्या की है।

इधर पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर गांव के ही तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की तलाश कर रही है।

## मीरगंज के प्रभारी फिरोज खान ने की पीडीए बैठक

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा की 108 कमजोर सीटों पर फोकस करने के इरादे से प्रभारी नियुक्त किए जिन सीटों पर पार्टी लोकसभा में बहुत कम अंतर से चुनाव हारी थी।

इसी कड़ी में आज 119- मीरगंज विधानसभा के प्रभारी के रूप में संभल जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खान को विधानसभा संगठन को चुस्त दुरुस्त बनाने, विधानसभा चुनाव लड़ने वालों की नब्ज टटोलने के इरादे से बरेली भेजा था।

समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने जहाँ जोन व सेक्टर प्रभारियों को बूथ पर संगठन को मजबूती के साथ गठन की हिदायत दीं वहीं चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं को बूथ और सेक्टर तक पीडीए का शत प्रतिशत आयोजन करने की अपील की हमारा लक्ष्य 2027 में अखिलेश के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनाने का होना चाहिए तभी जनता के हितकारी सरकार बनेगी, संविधान की रक्षा होगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी देश में जहाँ एक तरफ नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा वहीं सरकारी कर्मचारी भी परेशान हैं सरकारी महकमों में नियुक्तियां नहीं हों रहीं हैं। जनता महंगाई से परेशान है। उन्होंने बताया हमें विधानसभा में जोन प्रभारियों के जरिये सेक्टर में आने वाले प्रत्येक बूथ पर मजबूत संगठन खड़ा करना है ताकि बूथ पर भाजपा के षड्यंत्र को विफल किया जा सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में सपा सरकार बनाना है

इस अवसर पर मीरगंज प्रभारी फिरोज खान ने विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से भी मुलाकात की जिसमें जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल,हाजी गुड्डू, शराफ़त यार खा,साधना लोधी एडवोकेट,सुरेश गंगवार,राम बहादुर लोधी, भद्रसेन गंगवार,ने मीरगंज विधान सभा से चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त कर अपने - अपने दावे पेश किये तथा सभी ने कहा हमारी वरियता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की रहेगी।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने की। बैठक के दौरान पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव,गौरव सक्सेना, महिला सभा जिलाध्यक्ष स्मिता यादव, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष श्यामवीर यादव, युवजन सभा अध्यक्ष मोहित भारद्वाज ,संजीव कश्यप,शिवम कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान बाइक समेत ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार, साथी फरार

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** थाना पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान कंजे वाली मजार के पास फरीदपुर की तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवको को आता देख पुलिस को उन पर संदेह होने पर उन्हें रोकने का प्रयास किया तभी बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भाग निकले पुलिस ने बाइक समेत एक युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा उससे पूछना करने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी करके लाए हैं इसे बेचने ले जा रहे थे पुलिस ने बाइक चोर व उसके दो साथियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार को थाना पुलिस टीम समय लगभग 4:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंजे वाली मजार के पास वाहन चेकिंग कर रही थी उसी समय फरीदपुर की तरफ से तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखे पुलिस टीम को उन पर संदेह होने पर रोका गया तभी पुलिस को देखकर बाइक पर बैठे दो युवक भाग निकले पुलिस ने बाइक चला रहे युवक को बाइक समेत अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम ने हिरासत में लिए युवक से जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम शिवा पुत्र लालाराम उम्र 19 वर्ष निवासी मोहल्ला फर्कपुर का बताया पुलिस ने मोटरसाइकिल के पेपर दिखाने को कहा तो वह उसके पेपर नहीं दिखा सका पुलिस ने जब शक्ति से उससे पूछताछ की तो उसने बताया हमने यह मोटरसाइकिल कुछ समय पहले विकास पुत्र राम अवतार निवासी लाइन पार मठिया व लक्ष्मण उर्फ राहुल सागर निवासी ग्राम सिसैया मगनपुर के साथ मिलकर बरेली शहर से चोरी की थी जिसे आज बेचने ले जा रहा था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बाइक चोर शिवा पहले भी बाइक चोरी में जेल गया था 3 दिन पहले ही जेल से जमानत पर छूट कर आया था। पुलिस ने बाइक चोर शिवा व उसके फरार दो साथीयो पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार बाइक चोर शिवा को जेल भेज दिया। बाकी उसके फरार दो साथियों की तलास में पुलिस जुटी है।

## समर कैंप में छात्राओं का हो रहा व्यक्तित्व विकास: अनु पाराशरी



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरेली में चल रहे समर कैंप में छात्राओं ने व्यायाम, योग कराया गया जिसमें पश्चिमोत्तानासन, द्वीपादहस्तासन आसन, कुक्कुट आसान, वज्रासन, उष्ट्रासन प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि आसान सिखाए गए योग के अभ्यास के पश्चात कहानी सुनाई जिसमें गरिमा कक्षा 10 प्रथम ,रक्षा कक्षा 10 द्वितीय और मुस्कान कक्षा 10 तृतीय स्थान पर रही। कल छात्राओं को ढोकला और केक बनाने की विधि समझाइ गई थी इसी क्रम में आज छात्राएं ढोकला और केक बनाकर लाई थी ।ढोकला बनाने में अक्षिता 11वीं, ए 2 प्रथम, प्रियंका 12वीं ई द्वितीय और तनीषा 12वीं एल तृतीय स्थान पर रही। केक बनाने में पीहू 7डी प्रथम,नीलिमा 7डी द्वितीय, मुस्कान कक्षा 10 ए तृतीय स्थान पर रही। सैंडविच में प्रतियोगिता में उन्नति कक्षा 9वी प्रथम, मुस्कान कक्षा 10 ए ,तृतीया नीलिमा कक्षा 7 डी तृतीय स्थान पर रही। डायरी लेखन में कुमारी रक्षा 10वीं ए2 प्रथम स्थान पर रही। शिविर का संचालन प्रधानाचार्य अनु पाराशरी के संरक्षण में समर कैंप प्रभारी तथा मधु मौर्य सहायक अध्यापिका व्यायाम के द्वारा संचालित किया जा रहा है। शिविर में सभी छात्राएं मिलजुल कर एक हंसी खुशी के माहौल में कार्य कर रही हैं और सीख रही है।

## आईवीआरआई में विश्व दुग्ध दिवस का आयोजन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 1 जून, 2025 को विभिन्न गतिविधियों जैसे दूध से बने परंपरागत एवं स्वास्थ्यवर्धक दूध उत्पाद बनाने की प्रत्योगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ए आर. सेन ने विभाग के सभी वैज्ञानिको, छात्र/ छात्राओं को कार्यक्रम में बढ़-चढ़ हिस्सा लेने पर धन्यवाद देते हुए यह बताया कि विश्व दुग्ध दिवस सिर्फ़ एक उत्सव नहीं बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो दूध को एक महत्वपूर्ण, सुलभ खाद्य स्रोत के रूप में उजागर करता है जो अरबों लोगों को पोषण देता है। दूध आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है जो हड्डियों के स्वास्थ्य, विकास और प्रतिरक्षा कार्य का समर्थन करता है, जिससे यह बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है। 1 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला विश्व दुग्ध दिवस देशों, संगठनों और समुदायों को कृषि, आर्थिक विकास और वैश्विक स्वास्थ्य पर डेयरी क्षेत्र के प्रभाव को पहचानने और बढ़ाने के लिए एकजुट करता है। इस वर्ष दुनिया भर में पोषण, स्वास्थ्य, वआर्थिक उतर-चढ़ाव में दूध व दुग्ध उत्पाद के महत्व को समझाना है।दूध से बने परंपरागत एवं स्वास्थ्यवर्धक दूध उत्पाद बनाने की प्रत्योगिता में कुल 30 प्रतिभागियों ने 13 दुग्ध उत्पादों को प्रद्रशित किया जिसका मूल्यांकन विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया । प्रतिभागियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाले दुग्ध उत्पादों को बनाया एवं प्रदर्शित किया।

इस कार्यक्रम में एक रंगोली प्रत्योगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के छात्रों ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ आई. प्रिंस देवदासन, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ.सुमन तालुकदार एवं डॉ. सागर चंद भी उपस्थित रहे।

## केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हड़ताल नौ जुलाई को

-स्वतंत्र भारत-




**बरेली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ जिसका उदघाटन पार्टी के राज्य सचिव अरविंद राजस्वरुप ने किया अपने संबोधन में उन्होंने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला और सरकार की गरीब और जन विरोधी नीतियों की कटु आलोचना की उन्होंने मेहनतकश जनता को भेदभाव भुला कर पूंजिपतियों कि सरकार को उखाड़ फेंकने का आवाहन किया उन्होंने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया उन्होंने संविदा कर्मचारियों गीग वर्कर्स के लिए पेंशन और मेडिकल सुविधाओं की मांग उठाई

अपने अध्यक्षीय संबोधन में ट्रेड यूनियंस के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने आगामी 9 जुलाई की अखिल भारतीय हड़ताल के विषय में बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ देश की 9 यूनियंस और स्वतंत्र फेडरेशनों ने हड़ताल को सफल बनाने की जिम्मेदारी ली है उन्होंने बिजली कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए निकाले गए संविदा कर्मचारियों को पुनः बहाल किए जाने की भी मांग की

अन्त में 7 सदस्यीय समिति की घोषणा की गई जिसमें सतीश सिंह की जिला सचिव बनाया गया कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी ने किया उन्होंने विगत वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिनमें डॉ पीएस पांडे, सतीश सिंह साजिद अब्बासी, राजकरण, उमेश,राकेश बाजपेई, वीरपाल सिंह, पंकज सक्सेना आदि ने विचार रखे

## पीडीए साइकिल यात्रा का सपा कार्यालय से हुआ शुभारंभ



**बरेली।** समाजवादी विचारधारा से प्रेरित गौरव यादव की पीडीए साइकिल यात्रा का आज बरेली स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय से शुभारंभ हुआ। पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा समाज में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग के अधिकारों और सामाजिक न्याय के संदेश को लेकर निकाली गई है। गौरव यादव के नेतृत्व में यह यात्रा बरेली से शुरू होकर बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, एटा, मैनपुरी, सैफई, वाराणसी, शिकोहाबाद, जौनपुर, सुलतानपुर और कानपुर सहित विभिन्न जिलों से गुज़रेगी।

इस यात्रा में प्रियांशु यादव (हरदोई), अजीत कुमार (बदायूं), गौरव सिंह बरेली मोहनिया सक्रिय रूप से साथ चल रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महिला सभा अध्यक्ष स्मिता यादव, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष श्यामवीर यादव और संजीव कश्यप भी मौजूद रहे। सभी ने गौरव यादव के इस साहसिक और जागरूकता अभियान की सराहना की।



स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार, 2 जून 2025

# हरदोई





## देश को सुंदर बनाने के लिए राजनीति से जुड़े अच्छे लोग



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित ने कहा कि देश को सुंदर बनाने के लिए अच्छे लोंगों को भी राजनीति से जुड़ना चाहिए। ताकि राजनीति, सेवा नीति बन सके। यह नहीं कहना चाहिए कि राजनीति बहुत गंदी हो गयी है। भारतीय कृषक दल 16 जून 2025 को देश व प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करेगा,सरोज दीक्षित ने कहा कि बीकेडी सत्ता लोलुपता के लिए नहीं बना।यह व्यवस्था परिवर्तन का सूत्रपात करेगा।उन सभी नागरिकों का जो राष्ट्र के प्रति चिंतन शील है का आवाहन करता है कि आइए मिलकर व्यवस्था को बदले। भरतीय कृषक दल , दिग्भ्रमित राजनीति को एक नया रास्ता दिखायेगा नया भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करें श्री दीक्षित ने कहा नमामि गंगे योजना में कृषि विभाग एवं यूपी कवेच द्वारा कलस्टर में गंगा किनारे कार्य न्यूनतम स्तर पर किया गया निजी आर्थिक लाभ लिया गया, लेकिन हरदोई, फर्रुखाबाद, कौसांबी में हुए कार्य की धरातल पर जांच अभी तक क्यों नहीं हुई ये सरकार पर प्रश्न चिन्ह दर्शाता है। किसानों के साथ हरदोई समेत पूरे प्रदेश में राजस्व विभाग में रियल खतौनी में अंश निर्धारण में हुई गंभीर अनियमितता में अब तक कोई ठोस राहत नहीं ,तहसील में हो रहे भ्रष्टचार खसरा देने से लेकर विरासत, नामांतरण आदि से किसानों की कमर टूट चुकी है अब तक कोई जांच कार्यवाही नही हुई चकबन्दी जिन गांवों में चल रही है उन किसानों का शोषण हर स्तर पर हो रहा है विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज प्रकाश चैहान, जिलाध्यक्ष सर्वेश पांडेय मौजूद रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषकों को किया जा रहा जागरूक

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** भारत सरकार,उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी हरदोई के निर्देशों के कम में कृषको को विकसित कृषि सकंल्प अभियान-2025 का आयोजन 29 मई से 12 जून तक जनपद की कुल 135 ग्राम पंचायतो में किया जा रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको एंव कृषि के सहयोगी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कृषको को नयी तकनीकी जानकारी व उपरोक्त कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रयोगशाला से खेत तक लैब टु लैंड है।

रविवार को विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम लूमामऊ में कृषि निदेशक, उ0प्र0 जितेन्द्र कुमार तोमर द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जिसमें उनके द्वारा कृषको को आधुनिक कृषि तकनीकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी देने के साथ ही उनके हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी देने के साथ ही कृषि उपयोगी जानकारी दी गई कि कैसे कृषक नवाचार का प्रयोग कर कृषि लागत कम कर अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते है। इसी के साथ उनके द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम किसान्, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल काप सर्वे, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा आदि के वारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में कृषि निदेशक के साथ ही उप कृषि निदेशक (भू0सं0) मुख्यालय घनश्याम वर्मा, उप कृषि निदेशक सतीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी, सतीश चन्द्र पाठक, कृषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार शुक्ला के साथ ही ग्राम प्रधान व प्रगतिशील कृषको के द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम बराही, उत्तरकीध व कल्लीखेडा ज्वर में के0वी0 के0 की टीम- वैज्ञानिक डा0 त्रिलोकी नाथ व डा0 त्रिलोक सिंह विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम सनई, गोसवांडोगा, व पडरी में के0वी0 के0 की टीम-2 वैज्ञानिक डा0 अंजली साहू, व डा0 मोहित सिंह,ब्लॉक शाहाबाद के ग्राम मदासी, मंगलीपुर व कालागाड़ा में के0वी0के0 की टीम 3 वैज्ञानिक डा0 डी0वी0 सिंह व डा0 प्रिया वशिष्ठ द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के नोडल सीएसएसआरआई के प्रमुख वैज्ञानिक डा0 संजय अरोरा, डा0 चन्द्रशेखर सिंह एवं डा0 अर्जुन सिंह द्वारा नोडल वैज्ञानिक के रूप में कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों में कुल 1713 पुरूष कृषको एवं 607 महिला कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन, उद्यानीकरण गन्ना, मत्स्य पालन, डीएसआर विधि से धान की बुवाई आदि से सम्बधित उपयोगी जानकरी सम्बंधित विभाग के उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियो द्वारा दी गई। इसी के साथ गन्ना खेती सहफसली उर्द व मूंग व अन्य फसलो से अतिरिक्त आय प्राप्त करने पर जोर दिया गया साथ ही जैविक उर्वरको का अधिक प्रयोग व नैनो यूरिया का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

### तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र भारत

गोलागोकर्णनाथ खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया जिसका उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाता है कॉलेज के जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने बताया कि धूम्रपान से न केवल फेफड़ों पर बल्कि पूरे मानव शरीर पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। फेफड़े के रोग जैसे वातस्फीति, फेफड़े का कैंसर, और क्रोनिक ब्रोंकाइटिस। हृदय रोग में उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक शामिल हैं। ऑक्सीजन का स्तर कम होने से रक्त संचार खराब होता है और थकान होती है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर को संक्रमण के प्रति संवेदनशील बना देती है।

## खबर एक नज़र

### कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन आज

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** हरदोई के कलेक्ट्रेट परिसर में 2 जून शनिवार को 11 बजे कांग्रेस की जिला और शहर कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया है।जिसमे कांग्रेस के युवा सांसद तनुज पुनिया उपस्थित रहेंगे। शहर अध्यक्ष कांग्रेस अनुपम दीक्षित ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय एवं राष्ट्रीय सचिव प्रभारी धीरज गुर्जर के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय की एवं नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा की अनुमति से संविधान बचाओ सम्मेलनश् का आयोजन हरदोई कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है।यह सम्मेलन लोकतंत्र,नागरिक अधिकारों और संविधान की रक्षा का आह्वान है।इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं का जननायक राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई को मजबूती देने के लिए आवाहन किया है।सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के युवा सांसद तनुज पुनिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।सम्मेलन की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी और दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### पत्नी और उसकी बहन की पुत्री को मारपीट कर किया घायल

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम सरहेजू में पत्नी और उसकी बहन की पुत्री को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पिहानी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की है। पीड़िता रामदेवी पत्नी कन्हैया के अनुसार उसका पति शराब पीता है और उसे मारता पीटता है।उसकी तीन छोटी पुत्रियां हैं।उसकी बहन की पुत्री लक्ष्मी इस समय उसके पास रह रही थी।30 मई की शाम को 7 बजे विपक्षी पति उसके भाई छोटू और पिता कमलेश ने घर का दरवाजा बंद कर बेल्टों और बेलचों से उसे और उसकी बहन की पुत्री को बुरी तरह मारपीटा किसी तरह उन दोनों ने पड़ोसी के घर में घुसकर अपनी जान बचाई।पड़ोसी ने उसे छत के रास्ते उतार कर बाहर निकाला उसने 112 पर काल की पुलिस उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गई लेकिन उसका इलाज नहीं किया गया।उसका एक पैर टूट गया है।उसकी बहन की पुत्री का एक हाथ टूट गया है। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भिजवाया।पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### आत्महत्या के लिए नहर में कूदी युवती, युवकों की सूझबूझ से बची जान।

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** सुरसा थाना क्षेत्र में शारदा नहर मझिला पुल पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती ने आत्महत्या के इरादे से नहर में छलांग लगा दी। लेकिन संयोगवश मौके पर मौजूद कुछ युवकों की सतर्कता और बहादुरी ने उसकी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती को नहर में छलांग लगाते देख आसपास मौजूद युवकों ने बिना समय गंवाए नहर में कूदकर उसे बाहर निकाला। युवकों की तत्परता और साहस की वजह से युवती को समय रहते बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। युवती की जेब से बरामद आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान मोना गांव निवासी के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को मौके पर बुलाया और आवश्यक पूछताछ के बाद युवती को उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के प्रयास के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों और पुलिस द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

### महिला के जेवर और नगदी पार कर कार चालक फरार

शाहाबाद हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के बस स्टैंड पर अचल बहुमुखी सेंटर पर हरदोई जाने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ी महिला को इको कार चालक ने कार में बैठाकर इसके बैग से करीब ढाई लाख का जेवर और नगदी पार कर महिला को उतार कर फरार हो गया।पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को घटना की लिखित जानकारी दी है।पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी के अनुसार वाहन चालक को तलाश कर रही है।

मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर निवासी पीड़िता मनोरमा गुप्ता पत्नी रामकृष्ण गुप्ता के अनुसार वह रविवार को अपनी पुत्री अर्चना गुप्ता और बहन आशा गुप्ता के साथ हरदोई बहन के यहां आयोजित कार्यक्रम में जाने के लिए दोपहर में गांव से टेपों से शाहाबाद आई और बस स्टैंड के निकट अचल बहुमुखी सेंटर के सामने वाहन के इंतजार में खड़ी हो गई।तभी एक इको चालक ने गाड़ी रोककर हरदोई जाने के लिए पूछा तो उसके हां करने पर चालक ने महिला और उसकी पुत्री को कार की अगली सीट पर बिठा दिया।उसकी बहन बीच वाली सीट पर बैठ गई।

चालक ने उसका बैग भी बीच की सीट के नीचे रख दिया।कार में दो लोग पहले से सवार थे।फिर चालक ने सीएनजी गैस कम होने की बात कहकर कार को शाहजहांपुर की तरफ मोड़ दिया।ब्लॉक चैराहे से चालक ने फिर गाड़ी मोड़कर डाक बंगले के सामने हरदोई न जाने की बात कहकर उन लोगों को वहीं उतार दिया।शक होने पर महिला ने बैग देखा दो उसके बैग में एक डिब्बी में रखी सोने की दो चेन,और एक जोड़ी सोने के झाले और 2700 रुपए की नगदी गायब थे।

महिला ने रोते हुए कोतवाली आकर घटना के बारे में अवगत करवाया।लेकिन शाहाबाद पुलिस ने घटना की जानकारी होने के बाद भी तुरंत घटना स्थल जाना उचित नहीं समझा।पहले पीड़िता से लिखित तहरीर लिखवाई गई।उसके बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए।समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

## सीएचसी की तैयारी देख संतुष्ट दिखी सर्विलांस टीम

**हरदोई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में जिला सर्विलांस अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉक्टर सुरेंद्र कुमार और जिला सर्विलास टीम से डॉक्टर सीबी सिंह, राजेश वर्मा द्वारा कोविड मॉर्कड्रिल करते हुए निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर प्रवीण दीक्षित ने जांच टीम के साथ बारी-बारी से स्वास्थ्य संबंधी समस्त उपकरणों को सभी संबंधित अधिकारियों को उपकरण कार्य करते हुए दिखाए. जिन उपकरणों से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हो रहा था।जांच अधिकारी ने इलेक्ट्रिक मशीनों में प्रमुख रूप से ऑक्सीजन प्लांट को देखा और उससे मरीजों तक पहुंचने वाली सप्लाई को देखा जो प्रथम बेड से अंतिम बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई अवाधगति से निरंतर ऑक्सीजन पहुंचती हुई पाई गई।इसके साथ ही ऑक्सीजन की शुद्धता को भी जांच टीम द्वारा परखा गया। जिससे संबंधित संतुष्ट नजर आए। इसके उपरांत जांच टीम ने एनबीएसयू सेंटर का निरीक्षण करते हुए जांच की. इसके साथ ही जांच टीम इमरजेंसी में पहुंचकर मरीजों से उनका हाल-चाल पूछा। जिससे मरीजों ने बेहतर इलाज होने की बात कही। . इसके साथ ही गर्मी में गर्म हवाओं से निपटने की स्थितियों की तैयारी को देखते हुए जांच टीम ने पाया की वार्ड में ऐसी चलता मिला और प्रत्येक कमरे में कूलर और गेट पर ठंडे पानी के कूलर चलते पाए गए। जिसे देखकर जांच टीम संतुष्ट नजर आई। . इस अवसर पर डॉ. सुरेंद कुमार, डॉ. सीबी सिंह, डॉ. राजेश वर्मा, शाहाबाद सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रवीण दीक्षित अपने समस्त सहयोगी डॉक्टर एवं स्टाफ व कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे।

## आज हरदोई आएंगी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

- पुलिस प्रशासन तैयारी में जुटा
- अधिकारियों के साथ करेंगी बैठक और कई कार्यक्रमों में लेंगी हिस्सा



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज 2 जून को हरदोई पधार रही हैं। राज्यपाल कार्यालय से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8रू45 बजे राज भवन और 8रू50 लाभ मार्टिनियर कॉलेज लखनऊ हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगी। और सुवह 9रू30 बजे हरदोई पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरेंगी। राज्यपाल सबसे पहले सुबह 9रू35 से 10रू15 बजे तक जिला कारागार का निरीक्षण करेंगी। उसके बाद 10रू20 से 11रू50 बजे तक शाहजहांपुर रोड स्थित स्टेटस क्लब में आयोजित आंगनबाड़ी की किटवितरण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं में भाग लेंगी। इसके बाद वह विवेकानंद सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी तथा रेड क्रॉस समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी करेंगी। जिले में चल रही सेवा गतिविधियों की जानकारी लेंगी दोपहर का भोजन वह पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में करेंगी। भोजन उपरान्त 2रू00 बजे राज्यपाल पलिया जनपद खीरी के लिए प्रस्थान करेंगी।

राज्यपाल के दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी गति के साथ तैयारी में जुटा हुआ है।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन सतर्कता के सभी मापदंडों का पूर्ण रूप से पालन कर रहा है।

## विवाहिता और दो युवतियां लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से एक विवाहिता दो युवतियां और एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले संबंधित थाना पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। बेनीगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां के अनुसार उसकी 19 वर्षीय पुत्री को 29 मई की रात में अरुण पुत्र पप्पू कनौजिया अपने पिता और ताऊ जोद्दी की साजिश से बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।पप्पू पीड़ित मां का सगा भाई है। अरवल थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित भाई के अनुसार 29 मई की रात उसकी 14 वर्षीय बहन को थाना क्षेत्र के चंद्रम पुर निवासी मोहित पुत्र बलवीर बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। माधौगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता के अनुसार 29 मई की शाम को उसकी 18 वर्षीय पुत्री को मल्लावां थाना क्षेत्र के भवन खेड़ा निवासी राज पुत्र हरि सिंह अपने ममेरे भाई रोहित पुत्र जयसिंह के सहयोग से बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसकी पुत्री घर में रखा जेवर और एक लाख बारह हजार रूपए की नगदी साथ लेकर गई है। कासिमपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पति के अनुसार उसकी पत्नी 20 मई की रात एक बजे घर से कहीं लापता हो गई है।काफी ढूढने पर पता चला संडीला थाना क्षेत्र के बेगमगंज निवासी साहिल पुत्र चंदर उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। पीड़ित परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## खून देकर आप सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरा परिवार को बचाते हो

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** ना ही कोई बैनर ना ही किसी का आर्थिक सहयोग, निश्वार्थ सेवाभाव रखने वाले हरदोई शहर मे जन्मे अंकित सिंह परमार अभी तक 1216 लोगो को ब्लड डोनेट कराकर खून का रिश्ता बना चुके है श्री परमार आर्थिक असक्षम लोगो की अपनी टीम के सहयोग से कई प्रकार की मदद कर रहे है चाहे बेटिओं की शादी हो, युवाओं की शिक्षा हो, मेडिकल चेकअप कैंप हो, धार्मिक कार्य हो, किसानों की समस्याएं आदि।

दलेल नगर के रहने वाले धीरेन्द्र कुमार सिंह सरकारी अस्पताल हरदोई मे भर्ती थे डॉक्टर ने उन्हें 2 यूनिट ब्लड की तुरंत आवश्यकता बताई जिस पर उनके साले सर्वेश सिंह चंदेल ने समाजसेवी अंकित सिंह परमार से सम्पर्क किया श्री परमार ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए टीम के कुलदीप पाल बेहटा गोकुल और आशीष सिंह राजा आवास विकास कॉलोनी को सरकारी अस्पताल भेजा वो मरीज से मिले और हालचाल लिया और कुलदीप पाल ने तुरंत 1 यूनिट ब्लड दिया और 1 यूनिट विकाश सिंह ने ब्लड दिया दोनों ने मिलकर अवश्यकता पूरी की।

वही दूसरी ओर लखनऊ के मेडिकल कॉलेज से आदर्श सिंह का कॉल आया उन्होंने बताया की वो मोहन एट गांव के रहने वाले है वो स्वयं मरीज है वही के डॉक्टर राजीव सिंह ने आपका नंबर दिया मुझे 2 यूनिट खून की सख्त जरुरत है डॉक्टर से बात कराई डॉक्टर ने बोला 12 घंटे के अंदर अगर व्यवस्था नही हुई तो मरीज की हालत गंभीर हो जाएगी जिस पर अंकित सिंह परमार ने बिन्नहा निवासी ध्यानू सिंह व शालू सिंह को लखनऊ भेजा उन्होंने तुरंत सम्पर्क किया और हॉस्पिटल जाकर मरीज से मिले व 2 यूनिट खून देकर मदद की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

श्री परमार ने बताया की जब तक देश का युवा क्या सही क्या गलत नहीं समझेगा देश तरक्की नहीं कर सकता आज कल युवा नशे की तरफ जा रहे है उनको सही दिशा सिर्फ परिवार,शिक्षक और उनके मित्र ही दिखा सकते श्री परमार ने बताया की उनसे जितना होता है वो युवाओं को प्रेरित करते है और सही दिशा दिखाने का प्रयत्न करते है और युवाओं को संदेश दिया यह देश मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का है हमारी नैतिक जिम्मेदारी है की हम महाराणा प्रताप, मंगल पाण्डेय, भगत सिंह जैसे बनकर के देश की ढाल बने और सनातन की विश्व मे अच्छी पहचान बनाए रखें जिससे देश का गौरव बढे।

## साइकिल रैली निकली

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस और फिट इंडिया संडे पर खेल निदेशालय के निर्देश पर हरदोई में स्पोर्ट स्टेडियम साइकिल रैली का आयोजन किया गया।जिसमे अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टर में साइकिल रैली में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। जिला क्रीड़ाधिकारी मंजू शर्मा के अनुसार खेल निदेशालय के आदेश के अनुपालन में अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस और फिट इंडिया संडे को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टर रंजीत रस्तोगी ने साइकिल रैली में भाग लेकर खिलाड़ियों और बच्चों का उत्साह वर्धन किया।रैली का स्टेडियम से शुरू होकर कंपनी गार्डन पर समापन किया गया।इस अवसर पर मेहताब, रामजी,संदीप,देवेश सहित तमाम बच्चे और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## जलभराव से निपटने के लिए नगर पालिका ने कसी कमर

स्वतंत्र भारत



**शाहाबाद(हरदोई)।** बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका ने अभी से ही इंतजाम करने शुरू कर दिए है।नगर पालिका के लगभग तीन दर्जन सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर शहर के सभी बड़े नालों व नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है। बरसात के मौसम में नाले व नालियों की समुचित सफाई न होने के कारण कई स्थानों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी।इस समस्या को संज्ञान में लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने हाल ही में हुई बोर्ड की बैठक में बरसात से पहले सभी नालों की समुचित सफाई के निर्देश दिए थे और सफाई कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई करने के संकेत दिए थे।उनके इस आदेश के बाद पालिका प्रशासन ने बरसात से पूर्व ही कस्बे के सभी नालों व नालियों की ठीक ढंग से साफ सफाई करवानी शुरू कर दी है। रविवार को भी सफाई निरीक्षक दीपक कुमार ने घंटाघर के पास स्थित मुख्य नाले पर सफाई व्यवस्था के कार्य के लिए मौजूद सफाईकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि नगर पालिका के तीन दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी इस अभियान में लगाए गए हैं और छोटी जेसीबी,ट्रैक्टर ट्राली,मैजिक आदि इस सफाई कार्य में लगाए गए है।नगर के विभिन्न नालों में सफाई कार्य को करवाया गया है। घंटाघर के पास से बासित नगर चैराहे की ओर जाने वाले नाले पर सफाई कार्य चल रहा है।बारिश में किसी भी मोहल्ले में जलभराव की स्थिति न पैदा हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे है।

## जिलाधिकारी ने किया नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज नगर पालिका हरदोई के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सबसे पहले शहीद उद्यान पहुँचे। यहाँ उन्होंने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि उद्यान का सौंदर्यीकरण कराया जाये। उन्होंने नगर पालिका के सभागार को भी देखा। यहाँ से वह विक्टोरिया हॉल पहुँचे। उन्होंने बिलियर्ड्स, टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट देखा। उन्होंने कहा कि परिसर में एक पुस्तकालय की स्थापना की जाये। एक फूड कोर्ट की स्थापना करायी जाये। जूडो व कराटे सिखाने की व्यवस्था की जाये। परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाये। परिसर के खेल सुविधाओं का प्रयोग अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं के आयोजन में किया जाये। विक्टोरिया हॉल की आय बढ़ाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। विक्टोरिया हॉल से वह गाँधी सभागार पहुँचे। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया कि परिसर में सुविधाओं का विस्तार किया जाये। हॉल का सौंदर्यीकरण कराया जाये। इसके बाद उन्होंने सोल्जर बोर्ड चैराहे को देखा। उन्होंने कहा कि चैराहे का अतिक्रमण हटाया जाये। विद्युत पोलों को व्यवस्थित कराया जाये। सोल्जर बोर्ड चैराहे के बाद वह लखनऊ चुंगी पहुँचे। उन्होंने निर्देश दिया कि चैराहे की ट्रैफिक लाइट को ठीक कराया जाये। अन्त में उन्होंने डीएम चैराहे को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि चैराहे के आस पास अनुपयोगी पोलों को हटाया जाये। अतिक्रमण हटाया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो विवाहिताओं ने ससुराल वालों पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जनपद के दो अलग अलग थाना क्षेत्र निवासी विवाहिताओं ने ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टड़ियांवा थाना क्षेत्र के गोपामऊ कस्बे के मोहल्ला सैय्यद बाड़ा निवासी शमा परवीन पुत्री रफीक अहमद के अनुसार उसका विवाह 1 जुलाई 24 को शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी अब्दुल कय्यूम के पुत्र अब्दुल कमर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था।उसके पिता ने हैसियत से ज्यादा दहेज दिया था।विवाह के कुछ दिन बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका पति, सास अच्छी बी,देवर



कामरान, ननद गुड़िया और नाजिया उसे प्रताड़ित करने लगे।दहेज में वैगन आर कार और पांच लाख रुपए नगद की मांग को लेकर विपक्षियों ने उसे कई बार मारा पीटा।27 मार्च को दहेज की मांग को लेकर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।और बिना दहेज के आने पर जान से मार डालने की धमकी दी।सुरसा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदना खेड़ा निवासी सीलू पुत्री रामभरोसे के अनुसार उसका विवाह 8 नवंबर 2020 को कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टाड़ेहार निवासी नीलकंठ के पुत्र संतोष के साथ हुआ था।उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया।उसके बाद से पति और सास महादेई उसकी पुत्रियों के नाम पैसा फिक्स करने के मायके से मांगने की बात को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे।27 मई को अतिरिक्त दहेज में रुपए की मांग को लेकर आरोपियों ने उसे मारपीट कर पुत्रियों के साथ उसे घर से भगा दिया। विवाहिताओं की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले को जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 256 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 256मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया। मेला में कुल 63मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 41मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 57मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 53मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया जंहा पर कुल 42 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 256मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फर्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल किशोर कुमार,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया, आदि मौजूद रहें।

# प्लास्टिक मुक्त रखे ग्राम पंचायत, दुकानदार दुकान के सामने रखे डस्टबिन : रुपेश श्रीवास्तव



**हलिया (मिर्जापुर)।** एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को ग्राम पंचायत हलिया के हलिया बाजार, हनुमान मंदिर परिसर में प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वृहद अभियान चलाया गया है एडीओ पंचायत के साथ अग्रहरी समाज के जिलाध्यक्ष तारा चंद्र अग्रहरी, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, ग्राम प्रधान मतवार लाल बहादुर पाल,खंड प्रेरक रजनीश, सफाई कर्मी जय शंकर शर्मा, रणजीत कुमार सहित स्थानीय ग्रामीणों ने बाजार में बिखरे प्लास्टिक को एकत्रित किया है। एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बाजार के दुकानदारों से दुकान के सामने ड्रस्टबिन रखने का निर्देश दिया है। जिससे दुकानों से निकलने वाले पलास्टिक व कचरे को एकत्रित कर कूड़ा कचरा संग्रहण केंद्र पर एकत्रित कर निस्तारण किया जा सके। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत ग्राम पंचायत हलिया के बाजार हनुमान मंदिर पर बिखरे प्लास्टिक को एकत्रित किया गया है। साथ ही बाजार के दुकानदारों को दुकान के सामने ड्रस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया है।डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान हनुमान मंदिर के पुजारी भीम दत्त त्रिपाठी,पंचायत सहायक रामलोचन मौर्या, राम नारायण सोनी, मंतोष अग्रहरी, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## थाने गेट से आगे दुकान पर युवक को मारने पीटने वाले दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी वीर बहादुर सिंह ने शनिवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर मारने पीटने वाले दो लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की शनिवार को राजपुर गांव निवासी रहमान उर्फसोनू अदवा कालोनी नहर पर बियर पी रहे थे जहां पर हलिया निवासी जँडैल खान मौजूद थे।जहां पर जन्डैल द्वारा कहा गया कि कि मै सोनू उर्फरहमान कि बहन के शादी में बेड दिलाये थे कुछ पैसा बाकी है इसी बात को लेकर दोनों में बहस व हांथापाई हो गई जिसकी सूचना मै थाने पर मौखिक देकर अपने घर जा रहा था की समय करीब 4 बजे शाम को थाने गेट से आगे गोलू चाय वाले दुकान के सामने रहमान उर्फ सोनू व मोबिन खान मुझे गाली देते हुए मारे पीटे व जान से मारने की धमकी दिए है। जिस पर पुलिस ने दोनों लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## नाबालिग किशोरी को भगाने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी नहर पुल से रविवार को किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय मय हमराह कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित परसिया कला गांव निवासी मनीष उर्फ बब्बूंद्र को गिरफ्तार कर आरोपित को जेल भेज है। किशोरी के पिता ने शुक्रवार की देर शाम थाने पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर गांव निवासी आरोपित को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित को भटवारी नहर पुल से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

# समाज के उत्थान में सच को उजागर करने में पत्रकारों की भूमिका अहम : तारा चंद्र



**हलिया (मिर्जापुर)।** हिंदी पत्रकारिकता दिवस के अवसर पर अग्रहरी समाज के जिलाध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता तारा चंद्र अग्रहरी की ओर से शनिवार को पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के विकास और उत्थान में पत्रकारों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करते हैं। समाज के सामने सच को उजागर करना पत्रकार का दायित्व है और समाज को पत्रकारों से यही अपेक्षा रहती है।ग्राम पंचायत गलरा के प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। वे गर्मी, सर्दी, बरसात सभी मौसमों में अपने धर्म को निभाते हुए जन-मानस को घटना स्थल की यथास्थिति से समाचार के माध्यम से अवगत कराते हैं। ग्राम पंचायत महुगढ़ के प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार की किसी भी समाज के उत्थान में उनकी अहम भूमिका होती हैतथा देश और समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का भी काम करते हैं। कहा कि समय के साथ साथ हर क्षेत्र में बदलाव आया है। इस मौके पर दैनिक समचार पत्र के संवाददाता अमरेश दूबे,अभय नारायण तिवारी, रणविजय सिंह,सभा शंकर पाण्डेय, मुन्ना सिंह, रमेश शुक्ला को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## पागल कुत्ते के हमले से बालक गंभीर रूप से जख्मी



**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव में शनिवार की शाम खेत में खेल रहे बालक के ऊपर पीछे से पागल कुत्ते ने हमला कर बालक को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने कुत्ते से बालक को बचाते हुए बालक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया है जहां पर चिकित्सक द्वारा बालक का उपचार किया गया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव निवासी राजेश का 8 वर्षीय पुत्र रणजीत घर से कुछ दूर खेत में खेल रहा था की पागल कुत्ते ने बालक के ऊपर पीछे से हमला कर दिया जिससे बालक का हाँथ व चेहरे पर जख्मी कर दिया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने बालक को कुत्ते से बचाते हुए तत्काल उपचार के लिए बालक को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये।जहां पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा उपचार किया गया है। बालक कि हालत समान्य है इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल ने बताया कि कुत्ते के हमले से बालक को उसके परिजनों द्वारा एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए लेकर आया गया था। बालक का उपचार किया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत के बाद अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही मोड़ के पास बीते 21 मई को अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार की उपचार के दौरान प्रयागराज के स्वरुप रानी चिकित्सालय में मौत होने के बाद भांजे ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।लालगंज थाना क्षेत्र निवासी नीरज ने दी गयी तहरीर में कहा है कि हमारे मामा सोठिया गांव निवासी कमलेश कोरी उर्फबबलू ( 30) शुभम फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप चौदहवां में डीजल पेट्रोल डालने का काम करता था 21 मई को देर रात ड्यूटी खत्म होने के बाद किसी कार्य से बडौही की तरफसे वापस लौटते समय बडौही मोड़ के पास पहुचा कि सामने से आ रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक के भांजे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## नासिक में ट्रेन से गिरकर युवक की हुई मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** महाराष्ट्र के नासिक में शनिवार को युवक की

**जीआरपी ने युवक के परिजनों को मौत की सूचना मिलने पर कोहराम मच गया**

ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। जीआरपी ने युवक के परिजनों को मौत की सूचना मिलने पर युवक के परिजनों में कोहराम मच गया है।



युवक का पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया है। युवक के शव को परिजन एम्बुलेंस सेवा वाहन से घर लेकर आ रहे है। थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव निवासी लालता कोल का 19 वर्षीय पुत्र सभा कांत कार्य करने के सिलसिले में ट्रेन से मुंबई जा रहा था की ट्रेन जैसे ही महाराष्ट्र के नासिक में पहुंची तो युवक ट्रेन से गिर गया जिससे युवक की मौत हो गई मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए युवक के आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त करते हुए घटना की सूचना युवक के परिजनों को दिया सूचना दिया। मौके पर पहुँचे युवक के परिजनों ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को एम्बुलेंस से गांव लेकर आ रहे है मृत युवक दो भाइयों में छोटा था। ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश मौर्य ने बताया की युवक की नासिक में ट्रेन से गिरने से मौत हो गई है। परिजन शव को लेकर आ रहे है कार्य के सिलसिले में मुंबई जा रहा था की हादसा हो गया है।

## खड़े ट्रक में पीछे से हाइवा ट्रेलर का जोरदार टक्कर, चालक की हुई मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा पुलिस चौकी क्षेत्र के नैड़ी कठारी स्थित ओवरब्रिज पर रविवार की सुबह खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे हाइवा का जोरदार टक्कर हो गया। जिससे हाइवा चालक

**नेशनल हाई-वे के नैड़ी कठारी ओवरब्रिज पर हुआ दर्दनाक हादसा**

दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतना जोर हुआ कि हाइवा का इंजन ट्रक के डाला से चिपक गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर बरौंधा चौकी इंचार्ज हरिकेश सिंह मौके पर पहुंचें और ट्रक के डाला से फंसे हाइवा के चालक को कटर मशीन से हाइवा के गेट को काटकर मृत ड्राइवर को बाहर निकाला। चौकी इंचार्ज की सूचना पर मृतक के स्वजन मौके पर पहुंचे। बरौंधा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बताया जाता है राजू प्रसाद बिंद 33 निवासी गयासपुर थाना अदलहाट पिपराही म प्र से रेलवे की गिट्टी लादकर रविवार की अलसुबह भदौही के लिए जा रहा था कि जैसे ही नैड़ी कठारी ओवरब्रिज पर पहुंचा कि पहले से ही खराब ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था। पीछे से गिट्टी लादकर आ रहा हाइवा असंतुलित होकर खड़े ट्रक के पीछे से जा भिड़ा। टक्कर इतना तेज था कि हाइवा का पूरा इंजन ट्रक के पीछे से चिपक गया। जिसके चलते घटना स्थल पर ही हाइवा चालक की मौत हो गई।

## रांग साइड से आए आटो ने बाइक सवार कांस्टेबल को मारी टक्कर

**चेतगंज (मिर्जापुर)।** चील्ह थाना क्षेत्र के मिर्जापुर-औराई मार्ग पर शेषडड़ीया गांव के पास शनिवार की रात 10 बजेऑटो के टक्कर से बाइक सवार 28 वर्षीय सिपाही व आटो चालक घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिसएंबुलेंससे दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर पहुंचाया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद सिपाही की हालत गंभीर देखडॉक्टर ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। कांस्टेबल सोहित कुमार अपनी बाइक से पुरजागीर पावर हाउसपर ड्यूटी करने जा रहा थे। जैसे ही शेष डड़ीया गांव के पास पहुंचे तभी औराई की तरफसे रांग साइड से आ रही ऑटो नेसामने से बाईक में जोरदार टक्कर मार दिया।हादसे में बाइक सवार सिपाही व आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पिकेट पर मौजूदपहुंची पुलिस आनन-फानन में एंबुलेंसबुलाकर घायल सिपाही व आटो चालक को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर पहुंचाया। जहांप्राथमिक उपचार के बाद सिपाही की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। घटना कीजानकारी पर एसपी सिटी, सीओ सदर मंडलीय अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। थाना प्रभारीविजय शंकर सिंह ने बताया कि पुरजागीर पावर हाउस पर सिपाही ड्यूटी करने जाते समय रांग साइड से आ रही ऑटो केटक्कर में कांस्टेबल व आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बीएड प्रवेश परीक्षा नगर के आठ परीक्षा केंद्रों पर शुरू

**मिर्जापुर।** उत्तरप्रदेश बैचलर ऑफएजुकेशन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (बीएड) नगर के आठ परीक्षा केंद्रों पररविवार को सुबह 9 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। प्रथम पाली की परीक्षा पंजीकृत लभग 3746 अभ्यर्थियोंमें लगभग 90 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वअजय कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों के दल ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर नकल वहीन परीक्षा सुनिश्चित कराई। प्रत्येक परीक्षाकेंद्र पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। इससे पहले सात बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था।केंद्र पर पहुंच सार्वजनिक स्थान पर चस्पा किए गए रोल नंबर आदि को देख अपनी परीक्षा कक्ष संख्या में सुनिश्चित की।इसके बाद केंद्राध्यक्ष के निर्देशन में प्रवेश द्वारपर गहन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया।उधर जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम,एसपी सिटी नितेश कुमार आदि अधिकारियों के नेतृत्व में उड़ाका दल के केंद्रों काभ्रमण कर नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित कराई।

## ओवरटेक के चक्कर में राखड़ लदा ट्रक पलटा, चालक सुरक्षित

**चेतगंज (मिर्जापुर)।** चील्ह थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्गपर शनिवार रविवार की रात करीब 3 बजेट्रेलर के ओवरटेक करने पर रोड किनारे ट्रक पलट गई। हालांकि चालक बाल बाल बच गया। प्रयागराज जनपद के सोरांव पचदेवरा गांव निवासीचालक अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सोनभद्र के शक्ति नगर से ट्रक पर राखड़ लाद कर प्रयागराज जा रहा था। थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव के पास पहुंचा था कि गोपीगंज की तरफ जा रहा ट्रेलर ओवरटेक करने लगा। जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक रोड किनारे पलट गया। जिसमें चालक बाल बाल बच गया। ट्रक पलटने की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और केबिन में फंसे चालक को किसी तरह से सुरक्षित बाहर निकलवाया।

## दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर में एक घायल, गंभीर

मड़िहान (मिर्जापुर)। थाना क्षेत्र के कुंदरूफ गांव के समीप मिर्जापुर-सोनभद्र मार्गपर शनिवार की रात हुई दो बाईकों की आमने सामने की टक्कर मेंएक बाइक सवार गंभीर रूप सेघायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी मड़िहान मेंभर्तीकराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों नेमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मिर्जापुर शहर केकृष्णपुरी कालोनी निवासी 30 वर्षीय दीपक जायसवाल मिर्जापुर सेरात को सोनभद्र के ओबरा किसी काम सेजा रहा था। मड़िहानथाना क्षेत्र कुंदरूफ गांव के पास पहुंचा था, उसी वक्त भावा की तरफ सेअचानक पहुंचा दूसरा बाइक सवार अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। टक्कर लगतेदीपक बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो लहुलूहान हाल में पड़ा रहा। हादसेके बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

## प्रतियोगी छात्रों के लिए उपयोगी है कम्प्यूटर लाइब्रेरी

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है ग्राम सभा बड़ागांव पंचायत भवन में ग्राम प्रधान जी द्वारा संचालित कंप्यूटर लाइब्रेरी। प्रधान जी की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हो रही है यह लाइब्रेरी क्षेत्र के तमाम जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की शैक्षिक जरूरतों को पूरा कर रही है बल्कि आसपास के तमाम गांवों के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है लाइब्रेरी में उपलब्ध मैगजीन अखबार और कैरियर गाइडेंस से संबंधित सामग्री प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए संजीवनी का काम कर रही। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने ग्राम सभा बड़ागांव पंचायत भवन मे ग्राम प्रधान जी द्वारा संचालित लाइब्रेरी का अवलोकन कर लाइब्रेरी में विभिन्न कंपीटिशनों की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर कौन किस विषय पर तैयारी कर रहा है इसकी पूरी जानकारी प्राप्त करते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए व्यक्त किये पूर्व मंत्री ने ग्राम प्रधान जी के इस कदम की सराहना करते हुए उनके द्वारा जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी सराहना की।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अलीमुन्निशा के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी 123674315 लिया था जबकि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम रन्नो दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। रन्नो उर्फ अलीमुन्निशा पत्नी फते मोहम्मद, ग्रा-फरेन्दी, पचपेड़वा, बलरामपुर, 271206

सी.आर.-468/D-32

### सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD AMIR से बदलकर MOHAMMAD AMIR SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-MOHD AFJAL ADD-92 BALAKRAM PURWA POST- COLONELGANJ DIST-GONDA-271502 (U.P)

सी.आर.-465/L-25

### सूचना

मैंने अपना नाम MOO USHMAN से बदलकर MOHD USHMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-MOHD SHABBEER ADD-71, SAFIPUR, POST-MADHAPUR, DIST-BARABANKI-225205 ( U.P)

सी.आर.-465/L-25

### सूचना

मैं अपने बड़े पुत्र महेश कुमार व पुत्रवधू श्रीमती गुड़िया व पुत्र/ पुत्रवधू के बच्चों जिनका नाम क्रमशः कु0 सुनैना गौतम, कु0 शगुन व अजय कुमार का चाल चलन ठीक नहीं होने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में यह लोग कोई भी अप्रिय घटना या कोई भी लेनदेन करते हैं तो मेरे परिवार से संबंधित किसी व्यक्ति का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा । **बाबूलाल पुत्र स्वर्गीय चिलमू निवासी ग्राम व पोस्ट बरौना थाना सुशांत गोल्फ सिटी तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ।**

सी.आर.-466/L

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# युद्ध विराम प्रस्ताव पर अमेरिका ने नकारीं हमास की शर्तें

**वॉशिंगटन।** इजरायल-हमास के बीच गाजा में चल रहे युद्ध को रोकने के प्रस्ताव पर हमास की शर्तों को अमेरिका ने नकार दिया है।

### ट्रंप के विशेष दूत बोले- बिल्कुल स्वीकार नहीं

ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि अमेरिका के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हमास ने जो शर्तें लगाई हैं, वह किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह हमें केवल पीछे की ओर ले जाएंगीं। गाजा में चल रहे करीब 20 महीने लंबे युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका ने संघर्ष विराम प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव पर हमास ने कुछ शर्तें लगाई हैं। हमास ने कहा कि मध्यस्थों कतर और मिस्र को दिए गए उसके प्रस्ताव का उद्देश्य स्थायी युद्ध विराम प्राप्त करना है।



इसके अलावा गाजा पट्टी से इस्राइली सेना की व्यापक वापसी करना और गाजा पट्टी में लोगों और परिवारों को सहायता मुहैया कराई जाए। हमास ने कहा कि इस समझौते के तहत हमास बंधक बनाए गए 10 जीवित इस्राइली कैदियों को रिहा करेगा और 18 शवों को लौटाया जाएगा। इसके बदले में सहमत संख्या में फलस्तीनी कैदियों को छोड़ा जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने हमास की शर्तों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। विटकॉफ ने कहा कि हमास को निकटता वार्ता के आधार के रूप में हमारे प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मुझे संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रस्ताव पर हमास की प्रतिक्रिया मिली। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हमें पीछे की ओर ले जाता है। हमास को उस रूपरेखा प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए जिसे हमने निकटता वार्ता के आधार के रूप में आगे रखा है। इसे हम इस आने वाले सप्ताह में तुरंत शुरू कर सकते हैं।

इजरायल ने अमेरिका के संघर्ष विराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत हमास 10 इजरायली बंधकों और 18 मृतक बंधकों को रिहा करेगा। इसके बदले में इजरायल आजीवन कारावास की सजा काट रहे 125 फलस्तीनी कैदियों और युद्ध शुरू होने के बाद से हिरासत में लिए गए 1,111 गाजावासियों को रिहा करेगा।

## कर्नाटक : अप्रैल से अब तक बारिश में 71 मरे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय ने शनिवार को कहा कि अप्रैल से अब तक राज्य में मानसून पूर्व भारी बारिश के कारण वर्षा जनित घटनाओं में 71 लोगों की जान चली गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में कहा कि 2025 में मानसून पूर्व बारिश, पिछले 125 वर्षों में मानसून से पहले और मई महीने में दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। राज्य में मई माह में सामान्यत- 74 मिलीमीटर बारिश होती है, लेकिन इस बार यहां 219 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 197 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह 2025 में मानसून से पूर्व की अवधि (एक मार्च से 31 मई) में राज्य में 286 मिमी बारिश हुई, जबकि इस अवधि में सामान्यतः 115 मिमी वर्षा होती है।

# शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप तय

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य पर सामूहिक हत्या सहित कई आरोपों में अभियोग लगाया। पिछले साल छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध

### शीर्ष कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल किया

प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई में उनकी कथित भूमिका के लिए उन पर आरोप तय कर दिए गए। अभियोजन पक्ष की ओर से औपचारिक रूप से आरोप लगाने के बाद तीन न्यायाधीशों की आईसीटी पीठ ने कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। न्यायाधिकरण ने एक साथ शेख हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया



गिरफ्तारी वारंट जारी किया। तीसरे आरोपी तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को व्यक्तिगत रूप से मुकदमे का सामना करने के लिए हिरासत में लिया गया है। बांग्लादेश के इतिहास में पहली बार न्यायाधिकरण की कार्यवाही का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया। इस बीच बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार की ओर से इस पर प्रतिबंध हटाए जाने के करीब आठ महीने बाद यह फैसला आयास है। ऐसे में पार्टी के भविष्य के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हो गया। रविवार को सुनवाई के दौरान मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने वीडियो साक्ष्य और विभिन्न एजेंसियों के बीच एन्क्रिप्टेड संचार का हवाला देते हुए कहा कि ये हत्याएं योजनाबद्ध थीं। हसीना ने 15 साल तक शासन करने के बाद अगस्त में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लाखों प्रदर्शनकारियों के दबाव में वे बांग्लादेश से नई दिल्ली चली गईं। प्रदर्शनकारियों ने हफ्तों तक सड़कों पर उतरकर शेख हसीना से पद छोड़ने की मांग की थी।

## रूस में पुल ढहने से बेपटरी हुई ट्रेन, छह मरे

**मॉस्को।** रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में पुल ढहने की घटना में घायल हुए लोगों की संख्या ब?कर 69 हो गयी है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुयी है। क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने यह जानकारी दी है। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, विगोनिचस्की जिले में पीड़ितों के बारे में जानकारी। इस घंटे तक पीड़ितों की संख्या 69 है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। 44 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 22 लोगों का अस्पताल से बाहर इलाज किया जा रहा है।

## एक नज़र

### गाजा में फिलिस्तीनियों पर गोलीबारी में 31 की मौत

**राफा।** गाजा में इजरायली सहायता केंद्र पर राहत सामग्री लेने जा रहे फिलिस्तीनियों पर हुए हमले 31 लोगों की मौत हो गई। वहीं 175 लोग घायल हो गए। लोगों ने बताया कि फिलिस्तीनियों पर इजरायली सेना की ओर से गोलीबारी की गई। गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर राफा में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने इस्राइल की मदद से सहायता वितरण केंद्र खोला है। लोगों का कहना है कि फाउंडेशन के केंद्र पर अव्यवस्था बरती जा रही है। लोगों ने बताया कि रविवार को जब लोग सहायता वितरण केंद्र की ओर जा रहे थे तो एक गोल चक्कर पर इजरायली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाईं। हालांकि फाउंडेशन का कहना है कि उसके निजी सुरक्षा गार्डों ने भीड़ पर गोली नहीं चलाई, जबकि इजरायली सेना ने पहले भी चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाने की बात स्वीकार की है। फाउंडेशन ने कहा कि उसने रविवार को सुबह 16 ट्रक सहायता वितरित की। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकार्ड विभाग के प्रमुख जहीर अल-वहीदी ने बताया कि कम से कम 31 लोग मारे गए हैं, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

### यूक्रेन युद्ध से बढ़ रहा वैश्विक खतरा

**सिंगापुर।** शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन युद्ध ने सीमाओं को धुंधला कर दिया है। उन्होंने कहा कि चीन और उत्तर कोरिया ने जिस तरह से रूस की यूक्रेन के खिलाफ मदद की, उसका वैश्विक परिदृश्य पर बड़ा असर पड़ा है। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया ने रूस की मदद के लिए यूक्रेन के मोर्चे पर अपने सैनिक भेजे तो चीन ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की परवाह किए बगैर रूस को आर्थिक और तकनीकी मदद दी। सिंगापुर में आयोजित हो रहे सुरक्षा सम्मेलन शंगरी ला डायलॉग में लिथुआनिया की रक्षा मंत्री डोविले साकलीने ने कहा कि अगर युक्रेन की युद्ध में हार हो जाती है तो इसका एशिया पर व्यापक असर होगा। इससे चीन का ताइवान और दक्षिण चीन सागर के इलाकों पर दावा भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि अगर रूस, यूक्रेन के खिलाफ जीत जाता है तो इसका असर सिर्फ यूरोप पर ही नहीं होगा बल्कि पूरी दुनिया पर होगा। इससे स्पष्ट संदेश जाएगा कि छोटे देश, खासकर हिंद प्रशांत महासागर के देशों की सीमाओं को कोई भी नजरअंदाज कर सकता है और कोई भी बहाना बनाकर आक्रमण किया जा सकेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी हिंद प्रशांत महासागर इलाके में यूरोपीय देशों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। वहीं शनिवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सुझाव दिया कि यूरोपीय देशों को अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को अमेरिका पर छोड़ देना चाहिए।

### महाराष्ट्र में वीडियो पत्रकार से मारपीट में चार गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के प्रभादेवी इलाके में एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के वीडियो पत्रकार पर हमला करने के सिलसिले में शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पत्रकार अनिल शिंदे दोपहर में लोअर परेल स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे, तभी यह घटना हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा, जब अनिल पैदल जा रहे थे, तभी एक मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति ने एक डंडे से शिंदे के सिर पर वार किया। इसके बाद, आरोपी अपने तीन साथियों के साथ वापस आया और शिंदे की पिटाई की। अधिकारी ने बताया कि शिंदे द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना देने के बाद एन एम जोशी मार्ग पुलिस थाने से एक टीम मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल ले गई। उन्होंने कहा, घटना के सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### सिक्किम में लगातार बारिश से फंसे 1500 पर्यटक

**गंगटोक।** सिक्किम में लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण मुख्य मार्ग के बाधित हो जाने से उत्तर सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में करीब 1,500 पर्यटक फंस गए। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी ओर भारी बारिश के कारण लापता आठ पर्यटकों की तलाश में बाधा आई और तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद अंततः तलाश अभियान स्थगित कर दिया गया। मंगन जिले में तीस्ता नदी में बृहस्पतिवार रात एक वाहन के गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए, जबकि आठ अन्य लापता हैं। लाचेन-लाचुंग राजमार्ग पर मुन्सिथांग के पास यह वाहन 1,000 फुट से अधिक गहराई में नदी में गिर गया था। मंगन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि लाचेन में 115 पर्यटक और लाचुंग में 1,350 पर्यटक फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण दोनों ओर से निकलने के रास्ते बंद है, इसलिए पर्यटकों को अपने होटलों में ही ठहरने की सलाह दी गई है और सड़कें पूरी तरह खुल जाने के बाद उन्हें स्थानांतरित कर दिया जाएगा।'

# मस्क के करीबी इसाकमैन का नामांकन वापस लेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जेरेड इसाकमैन का नामांकन वापस लेने जा रहे हैं। जेरेड इसाकमैन अरबपति कारोबारी हैं और एलन मस्क के करीबी माने

### नासा प्रमुख बनाने का किया था एलान

जाते हैं। ट्रंप ने जेरेड इसाकमैन को नासा का प्रमुख बनाने का फैसला किया था। सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। हालांकि अभी तक व्हाइट हाउस और नासा की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ट्रंप ने बीते साल दिसंबर में ही जेरेड इसाकमैन को नासा का नया प्रमुख बनाने का एलान किया था। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल साइट पर साझा पोस्ट में लिखा, गहन समीक्षा के बाद, मैं नासा के प्रमुख के लिए जेरेड इसाकमैन के नामांकन को वापस ले रहा हूं। मैं जल्द ही एक नए उम्मीदवार की घोषणा करूंगा जो मिशन से जुड़ा होगा। ट्रंप द्वारा मस्क के करीबी का नाम नासा प्रमुख के पद से वापस लेने का फैसला ऐसे समय किया गया है, जब हाल ही में मस्क ने भी ट्रंप सरकार में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख का पद छोड़ दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मस्क और ट्रंप के रिश्तों में दरार आ गई है। कई मुद्दों पर दोनों के बीच मतभेद हैं। ऐसे में इसाक का नामांकन वापस लेने के ट्रंप के फैसले के पीछे भी यही वजह हो सकती है।

# भारतीय छात्रों को आकर्षित कर रहे रूसी विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी विद्यार्थियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के ट्रम्प प्रशासन के प्रयास में रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को नया अवसर दिख रहा है और वे भारतीय छात्र-छात्राओं को

### मेडिकल साइंस बना पसंदीदा विषय

अपनी तरफ आकर्षित करने के अभियान में लगे हैं। रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थान प्रमुख भारतीय शहरों में विशेष सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रूसी संस्थान इस अभियान में अन्य बातों के साथ बता रहे हैं कि उनके यहां विशेष रूप से चिकित्सा (मेडिकल) शिक्षा का खर्च तुलनात्मक रूप से कम है और इस लिए रूस भारतीय विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई का पसंदीदा स्थान बन गया है।



इसी तरह के एक अभियान में शनिवार को यहां रूसी हाउस में आयोजित शिक्षा-मेले सैकड़ों विद्यार्थी और अभिभावक आए थे। मेले में रूस के प्रमुख मेडिकल विश्वविद्यालयों ऑरेनबर्ग स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, पर्म स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, बीबी गोरोडोविकोव कलमीक स्टेट विश्वविद्यालय, प्सकोव स्टेट विश्वविद्यालय और मारी स्टेट विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने उनके साथ संवाद किया। इस वर्ष रूसी शिक्षा मेला भारत के सात शहरों- मुंबई, त्रिवेंद्रम, कोलकाता, नयी दिल्ली, पटना, अहमदाबाद, इंदौर, चंडीगढ़ और जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

दिल्ली में आज आयोजित कार्यक्रम में इन विश्वविद्यालयों ने अपने यहां प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे, छात्रावास सुविधाओं और रूस में जीवन के बारे में जानकारी दी और इससे संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। मेले मे मौजूद मारी स्टेट विश्वविद्यालय की कुलपति पेट्रोवा इरीना ने कहा, हम भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ विश्व के अन्य देशों की तुलना में मेडिकल संबंधी उच्च शिक्षा को किफायती रूप में उपलब्ध कराते हैं। पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं। इस अवसर पर रूसी हाउस की निदेशक डॉ. एलेना रेमीज़ोवा ने कहा, शिक्षा भारत-रूस सहयोग के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है।

रूसी शिक्षा मेले जैसी पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य भारतीय छात्रों को रूस में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों तक पहुँच प्रदान करना है। ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी हैं।

## पाकिस्तान को ग्रे सूची में डालने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा भारत

**वाशिंगटन।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई उच्च-स्तरीय बैठकें कर आगामी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रक्रियाओं में समन्वय सहित आर्थिक-वित्तीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। मिस्री ने अमेरिकी वित्त मंत्रालय के उप-मंत्री माइकल फॉल्केंडर के साथ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सहयोग पर जोर दिया। सूत्रों ने कहा, भारत एफएटीएफ कार्यवाही के दौरान पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। बैठक के दौरान वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था को भारत के इरादों के बारे में सूचित कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि भारत एफएटीएफ को एक विस्तृत डोजियर भेजेगा, जिसमें आतंकी वित्तपोषण व मनी लॉन्ड्रिंग में कुछ संस्थाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के बारे में सबूत और चिंताओं को रेखांकित किया जाएगा।

# अमेरिका में मॉडर्ना के नए टीके को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात मॉडर्ना की नई कोविड-19 वैक्सीन नेक्सपाइक को मंजूरी दे दी है। यह नई पीढ़ी की वैक्सीन है। इसे कम खुराक में बनाया गया है। यह वैक्सीन मौजूदा स्पाइकवैक्स की

### एफडीए बोली- सीमित संख्या में इस्तेमाल होगा

खुराक का केवल पांचवां हिस्सा है। हालांकि, इसका इस्तेमाल करने वालों पर सीमाएं लगाई गई हैं। इस वैक्सीन का इस्तेमाल हर कोई नहीं कर सकता है। मॉडर्ना के सीईओ स्टीफन बैंसेल ने कहा कि इस वैक्सीन को मंजूरी मिलने से कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार होने वाले लोगों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इस वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वयस्कों के लिए दे दी है। इसके अलावा, 12 से 64 वर्ष की आयु वाले वे लोग, जिन्हें पहले से कोई गंभीर बीमारी है, जिससे उन्हें कोरोनावायरस का ज्यादा खतरा हो सकता है, इस वैक्सीन का इस्तेमाल कर सकेंगे। यह वही सीमा है जो एफडीए ने प्रतिस्पर्धी नोवावैक्स के एक अन्य कोविड-19 वैक्सीन विकल्प के लाइसेंस में निर्धारित की थी। ये प्रतिबंध अमेरिका द्वारा अब तक कोविड-19 टीकों को संभालने के तरीके से अलग हैं, जो स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर और अन्य ट्रंप अधिकारियों के टीकों के प्रति संदेह को दर्शाता है।

### 12 साल से ज्यादा उम्र के 11400 लोगों पर किया गया अध्ययन

मॉडर्ना के मौजूदा टीके पर ये प्रतिबंध नहीं हैं। इसका इस्तेमाल लंबे समय से 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए किया जा रहा है। मॉडर्ना ने बताया कि इस वैक्सीन को 12 साल से ज्यादा उम्र के 11,400 लोगों पर आजमाया गया। इस वैक्सीन की तुलना मौजूदा टीके के साथ की गई। कंपनी ने पाया कि नई वैक्सीन सुरक्षित है और असर के मामले में पहले वाली वैक्सीन जितनी ही, या कुछ मामलों में उससे भी बेहतर है।

## हिमाचल में पुल से नीचे गिरी पिकअप वैन, 5 की मौत

**मंडी।** रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में आज एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक पिकअप वैन संतुलन बिगड़ने के बाद पुल की रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गई। इस हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। पिकअप वैन में मौजूद एक शख्स बच गया जिसका घायल अवस्था में इलाज चल रहा है। यह दुर्घटना तब हुई जब वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी में आईआईटी कमांद जा रहा था। शुरुआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वह पुल की रेलिंग से जा टकराया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान सुखविंदर, उमेश और सागर के रूप में हुई है। ये तीनों पंजाब के अलग-अलग हिस्सों के रहने वाले थे,जबकि दो अन्य की पहचान अभी बाकी है। मंडी की एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि वाहन चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस दुखद घटना पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी दुख जताया है।

# पाक ने आतंकियों को बचाने में किया परमाणु शक्ति का इस्तेमाल

**अल्जीयर्स।** भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया के दौरे पर है। शनिवार को अल्जीरियाई मीडिया को संबोधित करते हुए बैजयंत पांडा ने कहा कि पाकिस्तान अपनी परमाणु शक्ति का

### अल्जीरिया में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कहा

इस्तेमाल आतंकियों को बचाने में कर रहा है। भारतीय सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल इन दिनों दुनिया के कई देशों का दौरा कर आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब कर रहे हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अल्जीरिया के मीडिया, थिंक टैंक के सदस्यों और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बैजयंत पांडा ने कहा कि पाकिस्तान खुलेआम आतंकी गतिविधियों को समर्थन दे रहा है। ये सिर्फ मैं नहीं कह रहा हूं बल्कि यह पूरे इंटरनेट पर है। पाकिस्तान ने पूर्व में भी कई बार आतंकियों का साथ दिया है। ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान से मिलने का उदाहरण देते हुए पांडा ने कहा कि याद करिए ओसामा बिन लादेन को। कई वर्षों तक वे उसके बारे में झूठ बोलते रहे, जब तक अमेरिका ने हस्तक्षेप करके उसे नहीं पकड़ा। पाकिस्तान अब भी ऐसा कर रहा है और अब एक नहीं 52 ओसामा बिन लादेन हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में, जिसमें अल्जीरिया भी सदस्य है, कई आतंकियों और आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाया था। उनमें से 52 आतंकी संगठन और आतंकी आज भी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब हमें इस चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने हर बार लड़ाई शुरू की, लेकिन उसे खत्म हमनें किया है और वो भी अपनी शर्तों पर और इस बार भी ऐसा ही हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा के अलावा निशिकांत दुबे, रेखा शर्मा, एस फांगनोन कोन्यांक, असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिन हर्षवर्धन श्रंग्ला शामिल हैं।

## 'सरू' ने छेड़ी रैगिंग पर गहन बहस!

लेटेस्ट फिक्शन शो 'सरू' देशभर के दर्शकों के दिलों को छू रहा है - एक ऐसे गांव की लड़की की कहानी जो बड़े सपने देखने की हिम्मत करती है। सरू (जिसे निभा रही हैं मोहक मटकर) जब राजस्थान के खारेस गांव से मुंबई में हायर एजुकेशन के लिए निकलती है, तो उसकी यात्रा में आगे आने वाला ट्रैक न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि सामाजिक रूप से भी बहुत अहम है। आने वाले एपिसोड्स में सरू एक मुश्किल दौर से गुजरने वाली है, जब उसके नए कॉलेज में उसे रैगिंग का शिकार बनाया जाता है। शुरुआती हल्के व्यवहार से शुरू होकर मामला तब गंभीर हो जाता है, जब उसकी क्लासमेट अनिका (अनुष्का मर्चंडे) जानबूझकर उसके ब्लाउज़ को फाड़ देती है। इस घटना को बाकी छात्र अपने मोबाइल से रिकॉर्ड करते हैं और इसे एक सार्वजनिक तमाशा बना देते हैं। सरू इस अपमानजनक अनुभव के बाद गहरे शर्म और सदमें में चली जाती है। लेकिन टूटने या बदला लेने की बजाय, वह अपनी चुप्पी में ताक़त और अपने प्रोफेसर वेद (शगुन पांडे) के सहयोग में साहस ढूंढ़ती है, जो हर पल उसके साथ खड़े रहते हैं। इस गहरे और संवेदनशील ट्रैक को निभाना एक्टर मोहक मटकर के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण और निजी तौर पर झकझोर देने वाला रहा। मोहक मटकर कहा, रैगिंग सिर्फएक कहानी का हिस्सा नहीं है-ये हकीकत है, जिसे आज भी कई छात्र चुपचाप झेलते हैं। सरू को इस ट्रैक में निभाना मेरे लिए इमोशनली बहुत कठिन था, क्योंकि इससे मुझे एहसास हुआ कि जब कोई बच्चा घर से दूर, एक नई दुनिया में अपने सपनों को साकार करने की कोशिश करता है, तब वो कितना असुरक्षित महसूस कर सकता है।'' मालूम हो कि 'सरू', रोज़ रात साढ़े सात बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित हैं।

## 'वर्ल्ड मिल्क डे' पर यादों की मिठास

वर्ल्ड मिल्क डे पर दूध की शुद्धता और सेहत से भरपूर गुणों का जश्न मनाया जाता है। दूध, जोकि पोषण से भरपूर है, न सिर्फ हमारी सेहत का ख्याल रखता है, बल्कि बचपन की मीठी यादों से भी जुड़ा होता है। हर संस्कृति में दूध को खास स्थान मिला है। इस मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने दूध से जुड़े दिलचस्प किस्से और इसे खास बनाने वाले अनोखे तरीकों के बारे में बात की। गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश ने कहा, ''मेरे लिए दूध सिर्फपोषण का साधन नहीं, बल्कि एक सुकून देने वाला हिस्सा है जो मेरी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में बेहद अहम है। मैं इसे खास बनाती हूं केसर-बादाम मसाला दूध के रूप में। इसके लिए मैं बादाम को रातभर भिगोकर उसका पेस्ट बनाती हूं और दूध में केसर, इलायची और थोड़े से पिसे पिस्ता के साथ उबालती हूं। इसका स्वाद तो लाजवाब होता ही है, साथ ही यह दिनभर की थकान मिटाने वाला और मन को शांत करने वाला भी होता है।'' रोहिताश्व गौड़, जोकि 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, '' शिमला की पहाड़ियों से आने के नाते, गरम दूध हमेशा मेरी रोज़मर्रा की दिनचर्या का हिस्सा रहा है, खासकर सर्दियों की रातों में।




## बाजार दर्पण

मिशिका
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Cares For Your Health & Wealth...
आपका विश्वास हमारा प्रयास
वि-केयर इंडिया हेल्थ कार्ड बनवाएं और लाभ उठाएं
एक छत के नीचे सारी सुविधायें उपलब्ध है।
24X7 EMERGENCY
आपातकालीन सेवा में आपका भरोसेमंद साथी
अधिक जानकारी के लिए हॉस्पिटल रिसेप्शन पर सम्पर्क करें
9792934124, 7275534124
पता: 301डी, नियर सेंट जोसेफ स्कूल, जे.के. चौराहा, लखनऊ रोड कानपुर

SHRI GANGA ORTHOCARE CENTRE
Dr. D.K. Dubey
M.S. (Ortho)
Senior consultant, Orthopaedic Surgeon
Dr. Anurag Diwedi
M.B.B.S., D.Ortho(Mumbai)
Orthopaedic Surgeon
अति आधुनिक मॉड्यूलर OT और टीवी सिस्टम सी-आर्म-मशीन द्वारा टूटी हड्डी को जोड़ने एवं आधुनिक तरीकों से ऑपरेशन किये जाते है !
घुटने एवं कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध है
कमर, गर्दन व जोड़ों के दर्द व जकड़न के लिए एवं चोट व प्लास्टर के बाद जकड़े जोड़ों की चाल खोलने के लिए आधुनिक मशीनों द्वारा फिजियोथैरेपी एवं पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है
इटावा में जोड़ संबंधित सही और बेहतर उपचार के लिए आज ही परामर्श लें
Shri Ganga Orthocare Centre
CONTACT: 9068067700, 9411942021
Address: Old Agra Road Etawah



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089